ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 32.4° न्यून. 21.8°
रांची: अधिक. 34.0° न्यून. 22.0°

रांची, शनिवार
24 मई 2025
वर्ष-26, अंक-111, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




पेज 12

विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले को लेकर सीएम ने की उच्चस्तरीय बैठक

# श्रावणी मेले से झारखंड को देश-दुनिया में मिली है पहचान

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा बैद्यनाथ धाम में 11 जुलाई से लगने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेले को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं वरीय अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। राजधानी रांची के एटीआई सभागार में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में इस वर्ष 11 जुलाई से लगने वाले श्रावणी मेले की तैयारियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रावणी मेला में देश-विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। श्रावणी मेला हमारी आस्था का बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले के कारण झारखंड को देश-दुनिया में एक अलग पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं।

उन्होंने कहा कि हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का आयोजन काफी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। इस वर्ष भी करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जाएं, इसके लिए श्रावणी मेला में नई कड़ी जोड़ते हुए इसे और भव्य रूप देने की दिशा में आगे बढ़ें, इसके लिए जो भी जरूरतें होंगी, सरकार की ओर से मुहैया कराई जाएंगी।





» विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला इस बार होगा और भव्य

» मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अफसरों को दिए खास निर्देश

## विभागीय समन्वय से मेले को भव्य रूप देने पर जोर

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में जहां विभागों के बीच समन्वय पर जोर दिया गया, वहीं श्रावणी मेला को भव्य रूप देने की बात कही गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला में सुरक्षा, साफ-सफाई, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानघर, यातायात और स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर तैयारियों को अंतिम रूप दें, साथ ही रैयतों से बात कर श्रावणी मेला समाप्ति तक मेला मार्ग में खाली पड़ी जमीन को लें, अगर वे इस पर सहमत होते हैं तो उस जमीन पर शेष पेज 11 पर

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे दिल्ली नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल

**2047 के विकसित भारत पर राज्य सरकार पेश करेगी रोडमैप**

**रांची ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार 24 मई को नीति आयोग शासी निकाय की बैठक में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। इस बैठक में नगर विकास विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 के तहत रोडमैप पेश किया जाएगा। नीति आयोग की बैठक में मुख्यमंत्री के अलावे झारखंड सरकार के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। नीति आयोग कि इस बैठक में झारखंड सरकार की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में नगर विकास विभाग विकसित भारत 2047 के अंतर्गत राज्य का रोडमैप प्रस्तुत करेगा। इस बैठक में राज्य सरकार के द्वारा शेष पेज 11 पर

## एक नजर

### दिल्ली में कोरोना के 23 नए मामले, एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली ।** देशभर के कई हिस्सों में कोरोना फिर पैर पसारता नजर आ रहा है। कई लोगो में कोरोना की पुष्टि हुई है। दिल्ली एनसीआर में भी कोरोना के मामले सामने आए हैं। ऐसे में अब दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार भी सर्तक हो गई है। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली सरकार ने एडवाइजरी जारी की है जिसमें अस्पतालों से बेड, ऑक्सीजन, दवाओं और वैक्सीन की उपलब्धता के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इसी के साथ सभी स्वास्थ्य संस्थानों को जीनोम सिक्वेसिंग के लिए सभी पॉजिटिव कोविड-19 सैंपल लोक नायक अस्पताल भेजने के लिए कहा गया है।

### पाकिस्तान को टेंशन देने रूस जा रहे एनएसए डोभाल

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से तनाव के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार



अजीत डोभाल अगले सप्ताह रूस की यात्रा कर सकते हैं। इस यात्रा के दौरान वह रूस पर बाकी बचे हुए दो एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की जल्द डिलिवरी को लेकर दबाव दे सकते हैं। मॉस्को में 27 से 29 मई के बीच 13वीं इंटरनेसनल मीटिंग ऑफ हाई रिप्रजेंटेटिव फॉर सिक्योरिटी इशूज होने जा रही है। रूस के सिक्योरिटी काउंसिल सिक्रेटरी सरजेई शोइगू इसकी अध्यक्षता करेंगे।

### पीएमएमएसवाई की समीक्षा 22.50 करोड़ हुआ जारी

**रांची।** केंद्रीय मत्स्य पालन सचिव अभिलक्ष लिखी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएसएसवाई) की समीक्षा की। इस दौरान झारखंड सरकार की ओर से कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीख एवं निदेशक मत्स्य एचएन द्विवेदी ने भाग लिया गया। निदेशक मत्स्य ने बताया कि पीएमएसएसवाई के लिए 22.50 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। समीक्षा के क्रम में झारखंड के कार्यों की सराहना की गयी। साथ ही सभी मछुआरों, मत्स्य कृषक, मत्स्य विक्रेताओं, इंटरप्रेन्यर व समितियों को नेशनल फिशरीज डीजीटल प्लेटफार्म (एनएफडीपी) में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया।


**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।


# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला कल झारखंड में

● रांची व जमशेदपुर के कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 25 मई को झारखंड आ रहे हैं।



बतौर लोकसभा स्पीकर पहली बार उनका झारखंड आगमन हो रहा है। वह रांची और जमशेदपुर के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। जमशेदपुर में जहां वे सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे, वहीं रांची में विभिन्न समूहों द्वारा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उसमें वह शिरकत करेंगे।

**सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स का है प्लेटिनम जुबली समारोह :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का 25 मई यानी रविवार की सुबह 9:10 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आगमन होगा। इसके बाद सुबह 9:20 बजे वे बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12:15 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे।

**रांची में होगा नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम :** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से दोपहर 3:15 बजे वे रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:00 बजे से 7:40 बजे तक डंगराटोली के स्वर्णभूमि सभागार में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# 12 साल के बच्चे की गला रेतकर हत्या, आम तोड़ने गया था मासूम

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा ।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जुगीदारू गांव के बांधाटोला में आपसी रंजिश में 12 वर्षीय बच्चे की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक अर्जुन बानसिंह जुगीदारू गांव निवासी सिकुर बानसिंह का बेटा था। घटना गुरुवार दिन के करीब 3 बजे की बताई जा रही है। देर शाम घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस गांव पहुंची और घटना स्थल से शव उठाकर सदर अस्पताल लाई। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी चंद्रमोहन बानसिंह को गिरफ्तार का लिया है। मृतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय कबरागुटु में कक्षा सात में पढ़ता था।

**आम चुनने गया था बच्चा :** मृतक के पिता सिकुर बानसिंह ने बताया कि गुरुवार को दिन में आंधी-पानी आया था। उस समय उनका बेटा और बेटी घर से कुछ दूर स्थित पेड़ से गिरा आम चुनने गए थे। वहां पर दोनों भाई-बहन पेड़ से गिरा आम चुन रहे थे। इसी दौरान गांव के अर्जुन बानसिंह वहां आया। उनके बच्चे को पकड़ा और गला रेत कर हत्या कर दी। वारदात देखकर उसकी छोटी बहन भाग कर घर आई और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही उसकी मां आम पेड़ के नीचे गई तो बेटे को आम पेड़ के नीचे लहूलुहान पाया। शेष पेज 11 पर

# पीएम मोदी आज मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे अहम बैठक

● विपक्ष शासित मुख्यमंत्रियों की भागीदारी पर रहेगी नजर

उदय चंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को देश के सभी



राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करने जा रहे हैं। यह बैठक नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की होगी, जिसका फोकस 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को लेकर एक साझा और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करना है। यह बैठक उस समय हो रही है जब देश 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के भाव में है। इस उच्च स्तरीय बैठक का प्रमुख उद्देश्य भारत की आज़ादी के 100 वर्ष पूरे होने तक देश को एक विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने की दिशा में रणनीति तय करना है। 'विकसित भारत@2047' की अवधारणा के अंतर्गत राज्यों को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार उनके साथ मिलकर काम करना चाहती है। इसमें जनसांख्यिकीय लाभांश, रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल परिवर्तन और हरित विकास जैसे विषयों पर विशेष चर्चा होगी। यह बैठक इसलिए भी विशेष मानी जा रही है शेष पेज 11 पर

### कुछ विपक्षी सीएम बैठक से दूरी बना चुके हैं

इस बैठक में विपक्षी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति पर विशेष निगाह रहेगी। पिछले वर्षों में देखा गया है कि कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री इन बैठकों से दूरी बना चुके हैं, लेकिन इस बार की बैठक 'ऑपरेशन सिंदूर' की राष्ट्रीय भावना और 2047 के विजन को देखते हुए और भी अहम हो गई है। केंद्र सरकार को उम्मीद है कि सभी राज्य, चाहे किसी भी राजनीतिक विचारधारा से हों, 'विकसित भारत' के लक्ष्य में सहभागी बनेंगे। शेष पेज 11 पर

# अवैध कोयला खदान में घुसा पानी, 3 मजदूरों की मौत

**तलाशी अभियान जारी**

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर एवं बरियातू सीमावर्ती क्षेत्र स्थित खावा नदी के किनारे अवैध कोयले की खदान में नदी का पानी घुस गया। इसमें फंसे तीन मजदूरों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, प्रशासन ने मजदूरों को निकालने के लिये एनटीपीसी से मदद की गुहार लगाई है। इस पर एनटीपीसी ने अवैध कोयला खदान में तीन बड़े-बड़े मोटर पंप उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। शेष पेज 11 पर







**कैसे हुई घटना :** केरेडारी कंडावेर के खावा नदी के किनारे कोयला का अवैध उत्खनन कई माह से बड़े पैमाने पर किया जा रह था। 21 मई की दोपहर तीन बजे अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश को देखते हुए कोयले का अवैध उत्खनन करनेवाले तीन लोग खदान के अंदर रखे गए पानी मशीन को निकालने पहुंचे थे।

**सीओ ने क्या बताया :** अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल ने बताया कि घटना की सूचना सुबह मिली। घटनास्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया। इसके बाद एनटीपीसी के अधिकारियों को फोन कर कंपनी से तीन पानी पंप मशीन मंगाया गया है। तीनों मशीन से खदान का पानी सुखाने का प्रयास किया जा रहा है।

**थाना प्रभारी ने क्या कहा :** वहीं, केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने कहा कि उन्हें अवैध कोयला उत्खनन की जानकारी नहीं थी। जंगल में कोयले का अवैध खदान चलता है, इसकी जानकारी पहली बार हुई। मामले की जांच की जा रही है। अवैध कार्य में संलिप्त लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## हार्वर्ड ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**वाशिंगटन ।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने ट्रंप प्रशासन के उस फैसले को चुनौती दी है जिसमें आइवी लीग स्कूल पर



विदेशी छात्रों के नामांकन पर रोक लगाई गई है। विश्वविद्यालय ने इसे व्हाइट हाउस की राजनीतिक मांगों की अवहेलना करने के लिए असंवैधानिक कार्रवाई बताया। बोस्टन में संघीय अदालत में शुक्रवार को दायर मुकदमे में हार्वर्ड ने कहा कि सरकार का ऐक्शन पहले संशोधन का उल्लंघन करती है। शेष पेज 11 पर

## रांची में ब्राउन शुगर बेचने वाले 4 ड्रग्स पैडलर गिरफ्तार

● सासाराम रैकेट का भंडाफोड़

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची की पुलिस ने ड्रग्स बेचने वाले चार पैडलर को गिफ्तार किया है। इनमें सासाराम गैंग के दो सदस्य भी शामिल है। इसमें एक लड़की भी शामिल है। दो पैडलर को पुरानी रांची के नूर नगर और सुखदेवनगर थानाक्षेत्र के बिड़ला मैदान से गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। इस कार्रवाई में पहली छापेमारी कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में नूर नगर में हुई। पुलिस की टीम ने मकान मालिक अहसन जुनैद के घर पर उनकी शेष पेज 11 पर



**इंडिया**

# देश में शिष्टाचार बनता भ्रष्टाचार और निंदन की मुलायम सजा

देश में भ्रष्टाचार अब समाचार नहीं बल्कि शिष्टाचार की श्रेणी में है और कभी सादा जीवन उच्च विचार के आदर्श वाक्य को जीवन का मूलमंत्र मानने वाले भारत में भ्रष्टाचारियों का जिस तरह सम्मान और ग्राह्यता बढ़ी है वह निश्चित रूप से चिंता की बात है। इसके पीछे के कारणों को समझने के लिए हमें समझना पड़ेगा कि हम भ्रष्ट क्यों हैं ? देश का आम आदमी दो तरह से भ्रष्ट है एक करप्ट बाई चॉइस और दूसरा करप्ट बाई फ़ोर्स यानी भ्रष्ट जानबूझकर बना है ताकि दूसरे के हिस्से का लाभ भी उसे मिल सके और और दूसरा उसे मजबूर किया गया है कि वह भ्रष्ट बने क्योंकि पूरा भ्रष्ट तंत्र उसे परेशान कर रहा है। राज्य सरकार ने खलारी के पूर्व सीओ रवि किशोर राम को निंदन की सजा दी उन पर आरोप था कि उन्होंने बुकबुका ग्राम में 1.59 एकड़ जमीन का फर्जी तरीके से बलदेव महतो के नाम रसीद काटने में मदद की जो जमीन बिहार सरकार के नाम दर्ज है। पूर्व राज्यपाल सैयद अहमद द्वारा लागू कराए 2012 में हुए संशोधन के अनुसार निंदन की सजा को और मुलायम कर तीन साल से समेट कर एक साल कर दिया गया । जमशेदपुर के पूर्व सहायक निबंधक सहयोग समितियां मनोज कुमार पर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप है।यह लघु दंड है। यह सजा पाने वाले अफसर और कर्मचारी का प्रमोशन और इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिलता। उनकी वेतन वृद्धि रोक दी जाती है। समझा जा सकता है कि करोड़ों की फेराफेरी में कोई मामला कभी पकड़ा भी गया तो कुछ हजार की वेतनवृद्धि रोकने से क्या होगा। यहां प्रासंगिक है कि फांसी की सजा का विरोध करने वाले कथित बुद्धिजीवी सुप्रीम कोर्ट से फांसी की सजा पाए अफजल गुरु और सजायफ्ता कुछ कुख्यात लोगों के लिए आधी रात में सुप्रीम कोर्ट खुलवाने को आतुर हो जाते हैं पर देश की जड़ों को खोखला करता भ्रष्टाचार उनके लिए मुद्दा नहीं जबकि पडोसी ईरान,यूएई जैसे देशों में सजा चोरी छिपे नहीं चौराहे पर तत्काल दी जाती जाती है और वहां हमारी तरह 5 करोड़ मुकद्दमे लंबित नहीं हैं इसलिए भ्रष्टाचार या अपराध करने वाले की रूह कांप जाती है जबकि रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े गए सरकारी कर्मचारी कुछ महीनों में छूटकर फिर पूरी बेशर्मी से नौकरी करते हुए रिटायर तक हो जाते हैं और मामला चलता रहता है । इन्हें संरक्षण देने का काम जातीय-धार्मिक आधार पर राजनीति करने वाले कुछ भ्रष्ट नेता करते हैं जिनका गठजोड़ भ्रष्ट अधिकारियों से लेकर अपराधियों के तंत्र से होता है । वर्षों या आरोपी अधिकारियों के रिटायर होने या मृत्यु तक अभिजोजन की स्वीकृति नहीं देने का इतिहास था पर अभी झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही लड़ाई में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है जब पहली बार भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने प्रधान सचिव स्तर के अधिकारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इससे पहले दरोगा, सिपाही, अंचलाधिकारी (सीओ), राजस्व कर्मचारी और बीडीओ स्तर के अधिकारियों को गिरफ्तारियां होती रही है। लेकिन अब एसीबी ने अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए प्रधान सचिव और ज्वाइंट कमिश्नर रैंक के अधिकारियों को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया है।पूर्व सीएम,मंत्री तक झारखंड में जेल गए पर अभी सात आईएएस अधिकारियों की चर्चा हो रही है जिनमें सजल चक्रवर्ती चारा घोटाले में सीबीआई द्वारा जेल भेजे गए पहले आईएएस अधिकारी थे। डॉ। प्रदीप कुमार को दवा घोटाले मामले में सीबीआई ने जेल भेजा था। स्वास्थ्य विभाग में अनियमितताओं में सियाराम प्रसाद सिन्हा को भी सीबीआई ने जेल भेजा था।छवि रंजन को जमीन घोटाला के दो अलग-अलग मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इन्हें जेल भेजा। यह मामले भू-अधिग्रहण और सरकारी जमीन की हेराफेरी से संबंधित थे।पूजा सिंघल को मनरेगा घोटाले में ईडी ने इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यह मामला ग्रामीण विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी से जुड़ा था जो अब जमानत पर बाहर आकर पूर्ववत काम कर रहीं हैं ।आईएएस अधिकारी और पलामू के पूर्व बंदोबस्त पदाधिकारी अनिल कुमार को भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा था। यह मामला शिक्षा विभाग में हुई अवैध नियुक्ति की फाइल गायब करने से जुड़ा था। झारखंड एसीबी ने बीते 20 मई को शराब घोटाले मामले में प्रधान सचिव विनय चौबे को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जो अभी रिम्स में इलाजरत हैं। देश के अनेक राज्यों में बड़े अधिकारियों या नेताओं को गिरफ्तार तो किया जाता है पर सजा दिलाना टेढ़ी खीर है । कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के 2023 के आंकड़ों के अनुसार, लोक सेवकों से जुड़े भ्रष्टाचार के 118 से अधिक मामलों में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों से जुड़े छह मामले हैं, जो केंद्र और राज्य सरकारों से अभियोजन की मंजूरी का इंतजार कर रहे थे। झारखंड में कानून बनने वाले विधानसभा में ही कई बार अवैध नियुक्तियां करने का मामला जांच के बाद जांच पर ही लटका हुआ है। समय की मांग है कि भ्रष्ट लोगों को सजा होते दिखाया जाए न कि गिरफ्तारी या निंदन।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



भारतीय सैनिकों की शौर्य गाथा

# पूरी दुनिया भारतीय सैनिकों की वीरता का गुणगान कर रही है






डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग, रांची विश्वविद्यालय रांची

भारतीय सैनिकों ने हाल ही में पहलगाम में हुए हमले का मुंह तोड़ जबाब ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया और अपनी शक्ति और शौर्य का प्रर्दशन किया। पूरी दुनिया भारतीय सैनिकों की वीरता का गुणगान कर रही है। इसीलिए राष्ट्र कवि दिनकर ने अपनी लेखनी से भारत मां के उन वीर सपूतों की गुण गाथा लिखने और उनको नमन करने का विनम्र अनुरोध किया है:-

कलम आज उनकी जय बोल !
जला अस्थियां बारी बारी,
छिटकाई जिसने चिनगारी,
जो चढ़ गये पुष्प वेदी पर,
लिये बिना गर्दन का मोल।
कलम आज उनकी जय बोल

सचमुच जो व्यक्ति देश के लिए अपने प्राणों को सूली के तख्ते पर चढ़ा देता है,उसे देश भगवान की तरह पूजता है,उसकी आरती उतारता है,उसकी गाथाओं का पाठ करता है तथा उसकी स्मृति को ताजा रखने के लिए उत्सव मनाता है:-

शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले।
वतन पे मारनेवालों का यहु बांटी निशान होगा।
जय जवान जय जय विज्ञान।



## राज्यपाल ने भगवान बुद्ध को किया नमन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नागपुर में भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने वहां भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दीक्षाभूमि परिसर का अवलोकन किया। राज्यपाल ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण करते हुए कहा कि इस पावन भूमि में बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धम्म की दीक्षा लेकर सामाजिक न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के मूल्यों को नया जीवन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान देश के प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है।

### दिल्ली में बोलीं कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की

# परिसीमन का आधार जनसंख्या हुआ तो घट जाएंगी आदिवासी सीटें

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जाति जनगणना के बाद कांग्रेस की अगली रणनीति निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में ओबीसी युवाओं को आरक्षण दिलवाना है। अब कांग्रेस इस लड़ाई को जनता तक कैसे ले जाएगी, यह जानने के लिए दिल्ली में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रदेश मीडिया प्रभारियों और प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्षों की कार्यशाला आयोजित की गई। आज आयोजित इस कार्यशाला में जाति जनगणना के कारण देश के आदिवासी समाज पर पड़ने वाले प्रभाव, चुनौतियों और समाधान पर भी चर्चा की गई, जिसमें राज्य की कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भी भाग लिया।





अपने संबोधन के दौरान शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर 5वीं अनुसूची वाले राज्यों में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जाएगी। कृषि मंत्री ने कहा कि झारखंड में समय के साथ दूसरे राज्यों से आकर बसने वाले लोगों की आबादी बढ़ी है, जबकि आदिवासी समाज की आबादी या तो घटी है या स्थिर है। ऐसे में अगर पांचवीं अनुसूची वाले इस राज्य में जनसंख्या को परिसीमन का आधार बनाया जाता है, तो आरक्षित सीटों की संख्या कम हो जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो आदिवासी समाज की सुरक्षा और संरक्षण की भावना धूमिल हो जाएगी।

भारत के आदिवासी समाज पर जाति जनगणना के प्रभाव, चुनौतियों और समाधान पर बोलते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस को बड़ी भूमिका निभानी होगी। कांग्रेस जाति जनगणना के तहत सामाजिक न्याय के संदेश और उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ना चाहती है, जबकि केंद्र में बैठी भाजपा और आरएसएस इसे जटिल बनाने में लगी है। आदिवासी समाज में प्राचीन काल से ही जाति व्यवस्था के लिए कोई स्थान नहीं है, जबकि भाजपा इसे जबरन थोपना चाहती है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनगणना प्रक्रिया में आदिवासी समुदाय को उनकी मूल और एकीकृत पहचान के साथ दर्ज किया जाना चाहिए, न कि उप-वर्गों में विभाजित किया जाना चाहिए। देश भर में आदिवासी समाज समानता और एकता की मिसाल है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि आदिवासी समुदाय न केवल सांस्कृतिक रूप से, बल्कि दिल और आत्मा से भी एकजुट है, चाहे वह झारखंड हो, मणिपुर हो, ओडिशा हो या छत्तीसगढ़। जब देश के किसी भी कोने में किसी आदिवासी पर हमला होता है, तो यह सिर्फ एक राज्य नहीं बल्कि देश के पूरे आदिवासी समाज का दर्द बन जाता है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने एक बार फिर सरना धर्मावलंबियों के लिए जनगणना कॉलम में सरना/आदिवासी धर्म कोड का अलग कॉलम रखने की मांग दोहराई।

## हत्या मामले में हिंदपीढ़ी निवासी कुर्बान को आजीवन कारावास

नवीन मेल संवाददाता

रांची। अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत ने शुक्रवार को हत्या से जुड़े पांच साल पुराने मामले में दोषी करार अभियुक्त कुर्बान उर्फ टेनिया को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उक्त आरोप में 21 मई को दोषी ठहराया था। हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के नेजाम नगर निवासी कुर्बान ने 21 जनवरी 2020 को किसी विवाद को लेकर सुभान पर चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई ने हिंदपीढ़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई है। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त दोषी पाकर सजा सुनाई है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले मेजर जनरल

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे (विशिष्ट सेवा मेडल) ईस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर- सह- डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता कमिटी के वाइस चेयरमैन एवं मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल) जीओसी -23 इन्फैंट्री डिवीजन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को जमशेदपुर में जुलाई माह में आयोजित होने वाले डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## अमेरिकी बिहार-झारखंड एसोसिएशन का स्वर्ण जयंती समारोह न्यू जर्सी में

- न्यू जर्सी पहुंचे सुदेश महतो, बिजाना के समारोह में होंगे विशिष्ट अतिथि

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह एवं ग्लोबल कॉनक्लेव 2025 में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रवासी भारतीयों की संस्था 'बिजाना' का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह कल से आरंभ हो रहा है, जिसमें बिहार-झारखंड की संस्कृति की खुशबू बिखरेगी। समारोह में भारत और विश्व भर से नामी-गिरामी हस्तियां भाग ले रही हैं। श्री महतो समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंच चुके हैं। समारोह में श्री महतो के अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह, संगीत निर्देशक विशाख ज्योति, प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीरज झा के अलावा कई प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थित रहेंगी। समारोह में अमेरिका के अलावा यूरोप के भी बिहार-झारखंड के प्रवासी भारतीय पहुंच रहे हैं। बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह झारखंड के ही निवासी हैं। उन्होंने कहा है कि बिजाना द्वारा प्रत्येक वर्ष समारोह आयोजित किया जाता है, लेकिन संस्था के गठन का पचासवां साल होने के कारण होने वाला स्वर्ण जयंती समारोह एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजाना की स्थापना 1975 में की गई थी और यह बिहार एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## आयुष्मान योजना के एक-एक पाई का भुगतान होगा : डॉ इरफान

नवीन मेल संवाददाता



रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि आयुष्मान भारत : मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-सीएमजय) के तहत निजी अस्पतालों द्वारा किए गए उपचार के तहत लंबित भुगतान को रोकना सरकार की मंशा नहीं है। अस्पतालों को एक-एक पाई का भुगतान किया जाएगा। अस्पतालों का भुगतान ईडी के कारण रुका हुआ है। अस्पतालों के द्वारा किए उपचार के बाद तैयार की गयी दावा राशि की संचिका ईडी के पास है। ऐसे में सरकार उनका कैसे भुगतान कर सकती है। लेकिन जो संचिका ईडी के पास नहीं है। साथ ही जो मामले ईडी की जांच से बाहर है, स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसकी जांच कर भुगतान किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का उद्देश्य मरीजों को उपचार सुनिश्चित कराना है। वह अस्पतालों का भुगतान नहीं रोकेंगे। कोई भी समस्या हो तो मुलाकात करे संगठन स्वास्थ्य मंत्री ने आईएमए, एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाईडर्स (इंडिया) के प्रतिनिधियों से कहा है कि उन्हें कोई भी परेशानी हो तो वह उनसे (मंत्री) मिलें। उसका समाधान किया जाएगा। फिलहाल भुगतान की जो समस्या है, उसके लिए थोड़ा समय दें, उसका भी समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मरीजों का उपचार बाधित नहीं किया जाना चाहिए। अस्पताल इलाज करते रहें, उनका भुगतान किया जाएगा। निजी अस्पतालों का 140 करोड़ बकाया आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों द्वारा किए गए उपचार के लगभग 140 करोड़ की राशि बकाया है। एसोसिएशन ऑफ हेल्थ केयर प्रोवाइडर्स ऑफ इंडिया झारखंड चैप्टर के पूर्व प्रेसिडेंट योगेश गंभीर ने कहा कि कई निजी अस्पतालों को अलग-अलग कारण बताकर लगभग एक साल से भुगतान नहीं किया गया। जबकि, फरवरी 2025 से आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज करने वाले किसी भी अस्पताल का बकाया भुगतान नहीं किया गया है। ऐसे में कम पूंजी वाले करीब 150-200 निजी अस्पतालों ने 'आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत मरीजों का इलाज करना बंद कर दिया है, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है।

## सदानों के लिए जिला मुख्यालय पर बने छात्रावास, सीएम पहल करें : राजेंद्र

- बाबा साहब के नाम पर लाईब्रेरी स्वागत योग्य कदम

नवीन मेल संवाददाता



रांची। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के लिए भी हर जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण सरकार कराए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा में भेद-भाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और इसका पहल करना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में मूलवासी सदानों ने अपनी शहादत और हर कुर्बानी दी है। लेकिन राज्य बनने के बाद झारखंड में कानूनी दांव पेंच से मूलवासी सदानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार हर समुदाय के विकास के लिए अपने स्तर से निर्णय लेकर काम कर सकती है। लेकिन भेद-भाव की नीति ने राज्य को बर्बादी की ओर ले जा रही है। श्री प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में इतनी गरीबी है कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण शहर में आकर पढ़ाई कर पाने अक्षम है। राज्य में हर व्यक्ति को शिक्षा मिले इसपर सरकार को काम करना चाहिए। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के सभी जिले में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर लाइब्रेरी बनाने की सरकार ने इच्छा जाहिर की है इसका स्वागत किया है।

## दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाने वाली पत्नी ने किया समझौता, पति बरी

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी अर्चना कुमारी की अदालत ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े एक मामले में आरोपी विक्रांत तिवारी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान आरोपी की पत्नी ने कहा कि हमलोगों में आपसी समझौता हो गया। साथ ही सूचक ने यह भी बयान दिया कि वह केस नहीं लड़ना चाहती है। इसके आधार पर अदालत ने उक्त फैसला सुनाया। आरोपी पर शादी के एक साल बाद ही एक्सयूवी वाहन खरीदने के लिए 20 लाख रुपए की नकद राशि की मांग की। साथ ही दहेज की मांग के लिए पति द्वारा क्रूरता की गई। इस घटना को लेकर नवविवाहिता ने 2 जून 2023 को सुखदेव नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर मोबाइल डिपॉजिट सुविधा उपलब्ध कराने की तैयारी में

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में विगत में हुए झारखंड सहित अन्य राज्यों के चुनावों से जुड़े विभिन्न स्टेक होल्डर्स के साथ भारत निर्वाचन आयोग का लगातार एक्सपेरिएंस शेयर हेतु कार्यक्रम किए जा रहे है। इसी के क्रम में अन्य राज्यों के पदाधिकारियों के साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार एवं संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार भी नई दिल्ली में आयोजित चुनाव आयोग की बैठक में भाग लिया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने और मतदान दिवस की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न पहलों के अनुरूप, चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों के ठीक बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा प्रदान करने और प्रचार के मानदंडों को युक्तिसंगत बनाने के लिए दो और व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 और निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुरूप हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मोबाइल फोन के बढ़ते कवरेज और उपयोग तथा मतदान के दिन न केवल आम मतदाताओं, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मोबाइल फोन के प्रबंधन में आने वाली चुनौतियों को देखते हुए, आयोग ने मतदान केंद्रों के ठीक बाहर मोबाइल जमा करने की सुविधा देने का निर्णय लिया है।



भारत निर्वाचन आयोग के इस नए निर्णय के अनुसार मतदान केन्द्र के 100 मीटर के अन्दर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, वह भी बंद अवस्था में। मतदान केन्द्र के प्रवेश द्वार के पास बहुत ही साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराए जाएंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केन्द्र के अन्दर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालाँकि, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में भारत का चुनाव आयोग, चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ, कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रांची में तीन नए वेंडर मार्केट होंगे विकसित

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर अनियमित रूप से दुकान लगाने वाले फुटपाथी दुकानदारों को सुव्यवस्थित करने की दिशा में रांची नगर निगम ने महत्वपूर्ण पहल की है। रांची निगम द्वारा शहर में तीन नवीन वेंडर मार्केट के निर्माण की योजना बनाई गई है। जिसके लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है। नव प्रस्तावित वेंडर मार्केट का निर्माण चुटिया थाना क्षेत्र, लोयला मैदान और दिव्यायन परिसर के पास किया जाएगा। इन स्थलों पर फुटपाथी दुकानदारों को योजनाबद्ध रूप से स्थापित किया जाएगा। जिससे न केवल व्यवसायिक गतिविधियां सुव्यवस्थित होंगी, बल्कि यातायात अवरोध की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।



### सर्वेक्षण के आधार पर योजनाओं को मिल रहा स्वरूप

रांची नगर निगम का उद्देश्य न केवल शहरी सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना है, बल्कि यातायात प्रबंधन को भी सुदृढ़ करना है। विगत में कराए गए एक व्यापक सर्वेक्षण में यह आकलन किया गया था कि नगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में कितने फुटपाथी विक्रेता कार्यरत हैं। अब निगम उन्हें चिन्हित स्थानों पर स्थानांतरित कर समुचित ढांचा प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है।

रांची नगर निगम के पीआरओ गौतम प्रसाद साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि योजनबद्ध तरीके से कम हो रहा है। डीपीआर भी बन रहा है और जल्द ही रांची में और तीन वेंडर मार्केट बनकर तैयार हो जाएगा। रांची को स्मार्ट सिटी के रूप में डेवलप किया जा रहा है। इसी दिशा में यह पहल शुरू हुई है।

### पूर्व में सफल हो चुकी है यह पहल

इससे पूर्व नागा बाबा खटाल और कोकर स्थित डिस्टिलरी मार्केट में सैकड़ों फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित रूप से स्थान प्रदान किया गया था। इन स्थलों पर निगम द्वारा विद्युत, पेयजल एवं शेड जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। अब वहां शौचालय की व्यवस्था भी की जा रही है। इससे न केवल दुकानदारों को स्थायी व्यवसायिक आधार मिला है, बल्कि स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में भी अभूतपूर्व सुधार हुआ है।

## भाजपा के आरोप बेबुनियाद भ्रामक व तथ्यहीन : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



रांची। सत्तारूढ़ झामुमो ने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से झारखंड सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाने के लगाए गए आरोप पर कड़ा पलटवार किया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मरांडी का बयान पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है। महासचिव पांडेय ने कहा कि मरांडी यह भूल रहे हैं कि पिछली सरकार में चार वर्षों तक भाजपा ने खुद नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किया, जिससे कई संवैधानिक नियुक्तियां लटकी रहीं। भाजपा ने ऐसा जानबूझ कर किया। अपने इस कृत्य का जवाब भाजपा देगी क्या? पहले उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संस्थाओं को सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन भाजपा सिर्फ राजनीतिक आरोप लगाने में व्यस्त है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मकसद सिर्फ भ्रम फैलाना और जनता को गुमराह करना है। हेमंत सरकार कल्याण, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर में मील का पत्थर साबित करते हुए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। हर वर्ग के लिए जरूरी योजनाओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा जा रहा है। लेकिन भाजपा राज्य के लोगों का हक मारने के लिए केंद्र सरकार का दुरुपयोग कर रही है। झारखंड की लाभुक योजनाओं, विकास योजनाओं के मद में जानबूझ कर फंड देने में देरी की जा रही है। लेकिन, राज्य की जनता ये सब समझ चुकी है और यही कारण है कि पिछले चुनाव में प्रचंड बहुमत देकर हेमंत सरकार को सत्ता में वापस ले आई है।

# सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर रखा है : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाएं जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती है, जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है को राज्य सरकार ने पंगु बनाकर रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष/ सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो सदस्य नहीं,कही न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है। उन्होंने कहा कि ये संवैधानिक संस्थाएं जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती है। सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती है। लेकिन आज इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी जबकि सच्चाई है कि भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं ,भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती। लोग शिकायत करेंगे तो मामला संवैधानिक जांच के घेरे में आएगा,सूचनाएं मांगे जाने पर उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी। राज्य सरकार इससे बचना चाहती है। कहा कि सूचना आयुक्त का पद खाली है,महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष और सदस्य का पद खाली है, जिसमें 5000 से अधिक मामले लंबित हैं,महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। यहां कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा। एक सफाई कर्मी की मौत भी हो चुकी है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं। उन्हों ने कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही,न कोई भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई हो रही। जबकि लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री,विधायक बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कारवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी। जो आज नहीं हो पा रहा। श्री मरांडी ने मांग किया कि अविलंब सूचना आयुक्त ,महिला आयोग ,लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष,सदस्यों की नियुक्ति की जाए।



### सरकार संविधान से नहीं 'मुखेर कानून' से चल रही

श्री मरांडी कहा कि हाइकोर्ट के निर्देशों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा का रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है। ताकि किसी भी प्रकार के गलत काम के विरुद्ध किसी बड़ी मछली के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच और दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से बल्कि "मुखेर कानून" चलाना चाहती है।

## लोक अदालत में 755 वादों का निष्पादन

रांची। डालसा के तत्वावधान में शुक्रवार को सिविल कोर्ट में आयोजित मासिक लोक अदालत में 755 वादों का निष्पादन किया गया। मौके पर 26.58 लाख रुपए से अधिक की राशि का सेटलमेंट हुआ। मामलों के निष्पादन को लेकर 8 बेंच का गठन किया गया था। मामलों को निष्पादन को लेकर पूर्व में ही वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा था, ताकि अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की डिस्चार्ज याचिका पर सुनवाई 16 जून को

नवीन मेल संवाददाता

रांची। ओबीसी आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के मामले में नामजद पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर शुक्रवार को एमपी/एमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया है। मामले में जवाब दाखिल करने के बाद आगे की सुनवाई होगी। इसके लिए अदालत ने 16 जून की तारीख निर्धारित की है। रामचंद्र सहिस ने मामले में अपने-आप को निर्दोष बताते हुए 13 मई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की है। वहीं, इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है। मामला आरोप गठन पर चल रहा है। घटना को लेकर ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को कांड संख्या 201/2021 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री आवास घेराव को लेकर आजसू कार्यकर्ता मोरहाबादी मैदान में एकत्रित हुए। जिसका नेतृत्व सुदेश महतो, चंद्र प्रकाश चौधरी, लंबोदर महतो, रामचंद्र सहिस समेत अन्य कर रहे थे। इनलोगों पर जानबूझ कर प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ धक्का-मुक्की, सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है।

# बाल पत्रकारों ने प्रस्तुत किए बाल अधिकारों के मुद्दे



वॉयस ऑफ चेंज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** यूनिसेफ झारखंड ने नवभारत जागृति केंद्र (एनबीजेके) के सहयोग से रांची में बाल पत्रकारों के सम्मेलन 'वॉयस ऑफ चेंज' का आयोजन किया। इस समिट में रांची एवं पश्चिमी सिंहभूम जिलों के 10 प्रखंडों के 170 से अधिक बाल पत्रकार शामिल हुए। इन्होंने अपनी कला एवं रचनात्मकता के माध्यम से बाल अधिकार के मुद्दों को प्रस्तुत किया और सभी बच्चों के लिए बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और संरक्षण की आवश्यकता को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में जेईपीसी के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्र, डीईओ विनय कुमार, डीएसई बादल राज, पश्चिमी सिंहभूम डीईओ टोनी प्रेमराज टोप्पो, यूनिसेफ की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग, यूनिसेफ शिक्षा विशेषज्ञ पारुल शर्मा के अलावा आनंद अभिनव समेत अन्य उपस्थित थे।

जेईपीसी के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने बाल पत्रकारों के साहस और अभिव्यक्ति क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि इन बाल पत्रकारों द्वारा प्रदर्शित आत्मविश्वास और जागरूकता अत्यंत प्रशंसनीय है। बच्चों के अधिकारों तथा उनके मुद्दों पर आधारित इनकी सफलता की कहानियां सिर्फ उनके व्यक्तिगत विकास को ही नहीं दर्शातीं, बल्कि समुदायों में उनके द्वारा लाए गए सकारात्मक परिवर्तन को भी प्रदर्शित करती है। यह पहल दर्शाती है कि यदि बच्चों को सही मौका और सहयोग मिले तथा उन्हें नेतृत्व का मंच दिया जाए, तो वे असाधारण क्षमता दिखा सकते हैं।

### मंच मिले तो बदलाव ला सकते हैं बच्चे

यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ कनीनिका मित्र ने बच्चों की आवाज सुनने और उनके अनुकूल वातावरण निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपनी बातों को रखने और उन्हें सुने जाने का अधिकार है। बच्चों को प्राप्त यह अधिकार केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक सार्थक भागीदारी होनी चाहिए। बाल पत्रकार कार्यक्रम इस बात का सशक्त उदाहरण है कि जब बच्चों को उचित मंच तथा अवसर और समर्थन मिलता है तो वे अपने परिवार, स्कूल और समुदायों में वास्तविक बदलाव ला सकते हैं।

### 115 सरकारी विद्यालयों में किया जा रहा लागू

यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने कहा कि यह कार्यक्रम रांची एवं पश्चिमी सिंहभूम जिले के 22 प्रखंडों के 115 सरकारी विद्यालयों में लागू किया जा रहा है। इनमें पश्चिमी सिंहभूम के 15 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) भी शामिल हैं। यह एक ऐसा मंच है जहां बच्चों को न केवल उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जाता है, बल्कि उन्हें स्वयं और दूसरे बच्चों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त प्रवक्ता बनने का माध्यम भी प्रदान किया जाता है।

### चाइल्ड रिपोर्टर कार्यक्रम बेहतरीन पहल

रांची के डीएसई बादल राज ने कहा कि चाइल्ड रिपोर्टर कार्यक्रम एक बेहतरीन पहल है और वे यूनिसेफ को इस कार्यक्रम को तैयार करने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने कई रचनात्मक गतिविधियों जैसे कि थीम आधारित गीत व कविताएं, सक्सेस स्टोरीज, समुदायों में परिवर्तन को लेकर अपने अनुभव तथा नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास,और जागरूकता को प्रस्तुत किया।

## वेबसाइट में चकमता है बरसात में टपकता है टीआरआई





**मनोज मिश्रा**

**रांची।** हरियाली भरे वातावरण के बीच डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान के कार्यालय की हालत विभागीय वेबसाइट में लगी तस्वीर से भिन्न है। वास्तविक हालत में छतों से पानी टपकता है। वहीं वेबसाइट के तस्वीरों में चमकता है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखंड सरकार के सचिव कृपा नन्द झा से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि सरकार को नए और आधुनिक क्षमता -तकनीकों वाले सुविधा से युक्त भवन बनाने का प्रपोजल केंद्र सरकार के वित्त विभाग से आने वाले सदस्यों के बीच रखेंगे।

## डीपीएस रांची की प्राचार्या के रूप में डॉ जया चौहान ने कार्यभार संभाला

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** डॉ. जया चौहान ने दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्राचार्या के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति हाल ही में दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नई दिल्ली द्वारा की गई, जिन्होंने उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता, विशिष्ट सेवा और सिद्ध नेतृत्व कौशल को मान्यता दी है।

लगभग दो दशकों तक डीपीएस रांची में वरिष्ठ अंग्रेज़ी शिक्षिका के रूप में सेवा देने वाली डॉ. चौहान स्कूल की संस्कृति और मूल्यों से भलीभांति परिचित हैं। संस्था के साथ उनका गहरा जुड़ाव और वर्षों में उनके द्वारा किए गए असाधारण योगदान ने उन्हें व्यापक सम्मान और प्रशंसा दिलाई है।

## अचल -अपार पापों से मुक्ति के लिए ब्रह्मांड नायक का हुआ महाभिषेक

**रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में ज्येष्ठ मास कृष्णपक्ष की अचला एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर अखिलाण्ड कोटि ब्रह्माण्ड के अधिनायक परात्पर ब्रह्म परमात्मा श्रीमन्नारायण का आयोजित पूजोपचार -अनुष्ठानादि की प्रक्रिया पाञ्चरात्र आगम विधान के अंतर्गत ब्रह्म मुहूर्त में प्रातः 4:30 बजे विश्वरूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम् और तिरूवाराधन के बाद वैदिक ऋति से महाभिषेक कराया गया। दूध ,दधि, हरिद्रा चूर्ण और सुगंधित चंदन से अनुलेपन तथा शहद , डाभयुक्त जल और गंगाजल से सहस्त्रधारा ,कलशधारा, शंखधारा एवं चक्रधारा से पृथक - पृथक महाभिषेक हुआ। इसके बाद धूप दीप से सुवासित करके रेशमी वस्त्र धारण कराया एवं आभूषणों से अलंकार समर्पण करके दिव्य सुगंधित पुष्पों के समुदाय से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ। पुनः-पुनः पंचोपचार और षोडषोपचार आदि पूजा करके नक्षत्र कुंभ और कर्पूर से महाआरती की गयी। फिर श्रुति, उपनिषद एवं देशिक स्तोत्र मालाओं से महास्तुति हुए।

## न्यूज बॉक्स

### चौकीदार बहाली की दौड़ आज से

**रांची।** रांची में चौकीदार की बहाली प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की शारीरिक जांच और दौड़ का आयोजन 24 से 26 मई तक बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव में किया जाएगा। इसके तहत पुरुषों को 5 मिनट में 1.6 किलोमीटर दौड़ने पर 20 अंक और 6 मिनट में दौड़ पूरी करने पर 10 अंक मिलेंगे। जबकि महिलाओं के लिए यह समय सीमा 8 और 10 मिनट है। इस आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। भीड़ और अव्यवस्था को रोकने के उद्देश्य से स्टेडियम के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गई है, जो 23 मई शाम 7 बजे से 26 मई शाम 7 बजे तक प्रभावी रहेगी। जानें क्या-क्या चीजें रहेंगी बैन : स्टेडियम के पास कुछ दिन तक खास नियम लागू रहेंगे। इस दौरान पांच या उससे ज्यादा लोग एक साथ जमा नहीं हो सकते (सरकारी काम वाले लोग छोड़कर)। लाउडस्पीकर या कोई भी तेज़ आवाज़ वाला यंत्र इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। साथ ही किसी भी तरह का हथियार या डंडा वगैरह लेकर चलने की भी सख्त मनाही रहेगी। कोई सभा या मीटिंग करना भी इस दौरान मना है।

### वट सावित्री व्रत 26 मई को



**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग व श्री कृष्ण प्रणामी सेवा-धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष वट सावित्री व्रत 26 मई सोमवार को मनाया जाएगा। सनातन धर्म में इस पर्व का विशेष महत्व है। ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी अमावस्या तिथि 26 मई को 12 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 27 मई को सुबह 8 बजकर 31 मिनट पर तिथि का समापन होगा ऐसे मे 26 मई को वट सावित्री व्रत किया जाएगा इसी दिन सोमवती अमावस्या मनाई जाएगी। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में विवाहित महिलाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है, जो पति की लंबी उम्र और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना से जुड़ा हुआ है। यह व्रत विशेष रूप से सावित्री के अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस लाने की पौराणिक कथा से प्रेरित है।

### श्री श्याम मंदिर में अपरा एकादशी मना



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अपरा एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। विजयदशमी का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातकाल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया । रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतारबद्ध होकर ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, प्रियांश पोद्दार , अजय शंकर साबू , प्रदीप अग्रवाल, जीतेश अग्रवाल एवं राजेश सारस्वत का विशेष सहयोग रहा ।

### जागरुता फैलाकर ग्रामीणों को जागरूक करें पीएलवी : डालसा सचिव

**रांची।** डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कार्यरत पीएलवी को निर्देश दिया कि गांव में ग्रामीणों के बीच नालसा एवं झालसा की योजनाओं के बारे में बताकर लोगों को जागरूक करें। जरूरतमंदों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें लाभ पहुंचाएं। वह शुक्रवार को डालसा सभागार में कार्यरत 60 पीएलवी के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें।

## आज / कल




सीसीएल में आयोजित हुआ "उन्नत एमएस ऑफिस एवं एआई" पर कार्यशाला

## नवीनतम तकनीकों को अपनाएं : संजय

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने शुक्रवार को एक दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका केंद्र बिंदु था "उन्नत एमएस ऑफिस तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यावहारिक अनुप्रयोग"। यह कार्यक्रम नराकास (उपक्रम) के तत्वावधान में सीसीएल मुख्यालय के मानव संसाधन विकास विभाग स्थित प्रकाश सभागार में संपन्न हुआ।

इस कार्यशाला में रांची के विभिन्न केंद्रीय उपक्रमों से आए अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य था प्रतिभागियों को आधुनिक डिजिटल उपकरणों, विशेषकर एमएस ऑफिस के नवीनतम संस्करण और एआई आधारित तकनीकों की व्यावहारिक समझ प्रदान करना।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीसीएल के महाप्रबंधक (राजभाषा) संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि डिजिटल युग में दक्षता तभी संभव है जब हम नवीनतम तकनीकों को अपनाएं और उनका व्यावहारिक प्रयोग सीखें। उन्होंने प्रतिभागियों से अपील की कि वे खुलकर प्रश्न पूछें और सीखने की इस प्रक्रिया में पूरी रुचि लें।

## श्री श्याम मंदिर में मना अचला एकादशी संकीर्तन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शुक्रवार को अचला एकादशी के विशेष दिन पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रातः कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती की गई। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल पीला गेंदा लाल गेंदा गुलबहार मुरुगन फूल सॉन्ग ऑफ इंडिया की मोटी मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया।

एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ । मंडल के कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, धर्मपत्नी दीपाश्री गाड़ोदिया, तेजस, खुशी गाड़ोदिया ने परिवार साथ खाटू नरेश के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित की।

## शिक्षा विभाग का ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**रांची।** शिक्षा विभाग की ओर से जेसीईआरटी रातू में पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख, उपनिदेशक जेसीआरटी प्रदीप कुमार चौबे, विंध्याचल पांडे, कामेश्वर सिंह और धीरसेन ए सोरेंग ने किया। कार्यशाला में रांची जिला के लगभग 120 बच्चे भाग ले रहे हैं, जिसमें सर्वाधिक गायन में 70, नृत्य में 30 और वाद्य यंत्र में 20 बाग ले रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय कला उत्सव के पदक विजेता विकास महली, पूजा मुर्मू व लक्ष्मी कुमारी को पुष्प कुछ और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने कहा कि यह काफी सराहनीय कार्य है। सरकारी स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण देने से वे कला के क्षेत्र में और मोटिवेट होंगे। उपनिदेशक प्रदीप कुमार चौबे ने कहा कि बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार भविष्य बनाने का यह एक अच्छा प्लेटफार्म है। विंध्याचल पांडे ने कहा कि यह कैंप करियर के प्रति मोटिवेट करेगा। इसमें प्रसिद्धि भी मिलेगी और धीरसेन ए सोरेंग ने शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन चंद्रदेव सिंह ने किया। इस अवसर पर चंद्रिका कुमारी, अर्चना कुमारी, निवारण महतो, सोनालिका आदि उपस्थित थे।

## बीपीएस बीपीएड व एमपीएड कोर्स होगा शुरू, आजसू ने कुलपति का जताया आभार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीपीएस बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स शुरू होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे राज्य में कोई भी विश्वविद्यालय में बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स की पढ़ाई नहीं होती है रांची विश्वविद्यालय में ये कोर्स प्रारंभ होने से राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। जो खिलाड़ी इस कोर्स करने के लिए बाहर जाते थे उनको अब जाना नहीं पड़ेगा।कम खर्च में अपने ही विश्वविद्यालय में ये कोर्स कर पाएंगे और अपने राज्य का नाम खेल में और आगे बढ़ा पाएंगे ।




# हिन्दुस्तान स्काउट एवं गाइड के त्रिदिवसीय शिविर का हुआ समापन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर में स्काउट एवं गाइड प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। इस त्रिदिवसीय शिविर में आउटडोर कौशल विकास के अंतर्गत टेंट पिचिंग, अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, कैंपिंग तकनीक, नेतृत्व प्रशिक्षण , अनुशासन, सामाजिक कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड की राज्य सचिव शांति कुमारी ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने का एक तरीका है जो उन्हें बेहतर बनाता है। हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्काउटिंग बच्चों में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का निर्माण, जीवन कौशल सीखने, चरित्र को विकसित करने और अच्छा नागरिक बनने में मदद करने जैसे बहुत से गुणों को बढ़ाता है। प्रशिक्षित छात्रों ने स्काउट के झंडे को हाथ में लेकर अनुशासन, कर्तव्य एवं सुसंस्कृत नागरिक बनने की शपथ ली। प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## घुमने निकली महिला से बाइकर्स गैंग ने चेन छिनी

**कोडरमा।** कोडरमा थाना क्षेत्र अंतगर्त दूधीमाटी में छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया। बताया जाता है कि शुक्रवार शाम को घर के बाहर टहल रही महिला गीता देवी से बाइक सवार दो अपराधियों ने सोने का चेन छीन लिया और फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची और महिला से पूछताछ की। पीड़ित महिला ने बताया कि वह घर के बाहर टहल रही थी। इसी दौरान बाइक में सवार दो युवक तेजी से आये और सिर पर मारा और गले से चेन छीन कर रांची पटना मुख्य मार्ग की ओर फरार हो गए।

## उपायुक्त के निर्देश पर रक्तदान शिविर का होगा आयोजन आज




**रामगढ़।** वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रक्त के महत्व एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक रक्त की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को समाहरणालय में रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में शनिवार दिनांक 24 मई को प्रातः 11:00 बजे से जिला समाहरणालय सभा कक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मियों द्वारा रक्तदान किया जाएगा।

### इटकी से हाजियों का जत्था रवाना

## 26 मई को कोलकाता से जेद्दा के लिए निकलेंगे



**इटकी।** देश के अमन, चैन और सुरक्षा की दुआ के साथ इटकी से 43 हज यात्री हज के मुक़द्दस सफ़र के लिए रवाना हुए। तमाम हाजियों ने असर की नमाज मौलाना तलहा नदवी की इमामत में इटकी के जामा मस्जिद में अदा की। नमाज़ के बाद सामुहिक दुआ हुई। हाजियों को रुखसत करने के लिए हज़ारों की संख्या में मस्जिद के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी समुदाय के लोगों ने हाजियों को गले लगाकर विदा किया और उनके मंगलमय यात्रा की कामना की। सभी हजयात्री रेलमार्ग द्वारा कोलकाता गए | कोलकाता इंबारकेशन पॉइन्ट में हाजियों को रिपोर्ट करना है। जरूरी काग़ज़ी कारवाई के बाद 26 मई को सभी हाजी सऊदी अरब के जेद्दा शहर के लिए उड़ान भरेंगे। ज्ञात हो कि इस बार भी रांची में इंबारकेशन पॉइन्ट नहीं बनाया गया जिस कारण हाजियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा और कोलकाता से उड़ान भरना पड़ रहा। हज पर जाने वालों में हाजी तनवीर जमाल, आदिल रशीद, हाफिज वसीम, फिरोज आलम, अबु नसर, आफताब आलम, मो. अरशद, जहीर आलम, मो. तौहीद, शम्स तबरेज, मोहसिन जफर, मो. समीउद्दीन, मो. इम्तियाज, मो उस्मान, अब्दुल करीम, मो. इमदाद, मों. खुर्शीद सहित अन्य लोग हैं।

### सिल्ली विधायक ने जनता दरबार का किया आयोजन

# ग्रामीणों ने सुनाई अपनी समस्याएं



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड परिसर में शुक्रवार के दिन एकदिवसीय जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से सिल्ली के विधायक अमित कुमार महतो उपस्थित हुए। विधायक के द्वारा जनवरी माह में सिल्ली प्रखंड के 20 पंचायतों में जनता दरबार का आयोजन किया गया था जिसमें आमजनों की बहुत सारी समस्याएं बताई गई थी, जिसको लेकर सिल्ली विधायक प्रखंड परिसर में आयोजित जनता दरबार में उपस्थित हुए। जनता दरबार में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। मौके पर ही विधायक के पहल पर बहुत सारी समस्याओं का निष्पादन प्रखंड के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। जनता दरबार में जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी ने भी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना।ग्रामीणों ने बिजली,पेयजल, जमीन विवाद, मैय्या सम्मान योजना,अबुआ आवास, वृद्धा पेंशन समेत अन्य कई समस्याओं को लेकर अपनी बातें रखीं। अबुआ आवास को लेकर लोग ज्यादा परेशान दिखे साथ ही मैय्या सम्मान योजना को लेकर बहुत सी महिलाएं जनता दरबार में पहुंची। कार्यक्रम के दौरान सिल्ली अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, मुरी ओपी के अवर निरीक्षक उत्तम कुमार, विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, पेय जल विभाग के कनीय अभियंता, कृषि पदाधिकारी एवं हर पंचायत के पंचायत सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सिल्ली प्रखंड के आमजनताओ ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ताओं समेत विभिन्न गांवों के ग्रामीण मौजूद रहे।

## मृतक के परिजन को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई



**चान्हो।** जिला परिषद सह जन सेवी आशुतोष तिवारी ने शुक्रवार को अपने प्रतिनिधि से मृत परिवार को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए। बताते चले कि दस दिन पूर्व चोरेया के हरिजन महल्ला निवासी विजय राम कि पत्नी कि देहांत हो गई थी। वह काफ़ी दिनों से बीमार थी, जिनसे उनकी आर्थिक स्तिथी काफ़ी दैनिय हो गई है। इस बात कि खबर मिलते ही श्री तिवारी अपने प्रतिनिधि से के विजय कि पत्नी के दष्कर्म के लिए खाद्य सामग्री भेज वाए। इस मौके पर शिव नारायण राम, लखन साहू, बिन्दे राम, प्रशाद महतो, अजय राम, डॉ अनिल साहू, विजय राम सहित अन्य मौजूद थे।

# फाइलेरिया (हाथी पांव ) के प्रति लोगों को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिल्ली के डॉक्टर विवेक कुमार की टीम ने शुक्रवार को छोटामुरी में लोगों के बीच फाइलेरिया किट का वितरण किया और इसका उपयोग बताकर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया। डॉ विवेक कुमार ने लोगों को बताया कि फाइलेरिया का लक्षण दिखने पर रोगियों को घबराने की जरूरत नहीं है बल्कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें ताकि शुरुआती दौर में ही फाइलेरिया पर नियंत्रण पाया जा सके।सामान्य रूप से फाइलेरिया होने पर रोगियों को मौसमी और संतुलित आहार लेने की जरूरत है क्योंकि यह आहार उनके शरीर के लिए सबसे ज्यादा उपयोगी होता है। भोजन में विटामिन युक्त आहार आवश्यक रूप से लें क्योंकि इसमें बैक्टीरिया को मारने के लिए विशेष गुण भी होते हैं साथ ही लोगों को परामर्श दिया कि सोने से पहले मच्छरदानी का उपयोग हमेशा करें। अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष रूप से ध्यान दें ताकि गंदगी ना फैले, चूंकि गंदगी के कारण ही मच्छर उत्पन्न होते हैं।इस कीट के अंतर्गत बाल्टी, शेवलोन, रुई, पाउडर, दवा इत्यादि दी गई। मौके पर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र के सुरेंद्रनाथ महतो, ब्रजकिशोर महतो एवं संजय महतो समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मैट्रिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन पर शिक्षा पदाधिकार ने शिक्षिकाओं की लगाई क्लास



**खूंटी।** मैट्रिक की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिक विद्यालय कर्रा के खराब प्रदर्शन पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने स्कूल की शिक्षिकाओं की जमकर क्लास लगाई और कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। शिक्षा पदाधिकारी ने शुक्रवार को स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बैठक की और इंटर की परीक्षा में 92 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त करने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं की तारीफ भी की। उल्लेखनीय है कि स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बनाया गया है, जहां सभी छात्राओं को सीबीएसई पैट्रन पर शिक्षा दी जाती है। कस्तूरबा की छात्राएं पहली बार 2025 की परीक्षा में पहली बार मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हुई थीं। मैट्रिक में स्कूल का परीक्षाफल महल 49 फीसदी रहा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत रिजल्ट हो इसकी रणनीति बनाकर पठन पाठन की नसीहत अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने दी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहू ने भी सभी शिक्षकों को नये सत्र में शत प्रतिशत परीक्षाफल हो।

### वॉलीबॉल समर कोचिंग कैंप का सीआईएसएफ कैंपस में हुआ उद्घाटन

## खेल शारीरिक व मानसिक रूप से व्यक्ति को मजबूत बनाता है : समादेष्टा



**नवीन मेल संवाददाताता। रांची**

सीआईएसएफ कैंपस, धुर्वा में 10 दिवसीय वॉलीबॉल समर कोचिंग कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वितीय आरक्षित वाहिनी के समादेष्टा राम मोहन ने किया। इस शिविर का आयोजन झारखंड वॉलीबॉल संघ के निर्देशन एवं सीआईएसएफ तथा आर्ट ऑफ गिविंग के सहयोग से किया गया। कैंप में सीआईएसएफ कैंपस में रहने वाले बच्चों को वॉलीबॉल की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि उनकी खेल प्रतिभा को निखारा जा सके। मुख्य अतिथि राम मोहन ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को मजबूत बनाता हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और नियमित अभ्यास व अनुशासन के महत्व पर बल दिया। द्वितीय आरक्षित वाहिनी के उप समादेष्टा वेद प्रकाश मिश्रा, सीआईएसएफ वॉलीबॉल कोच इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह, झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोऑर्डिनेटर डॉ. निशिकांत पाठक, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव संजय ठाकुर सहित सीआईएसएफ सेंट्रल वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी एवं बल के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गौरतलब है कि झारखंड वॉलीबॉल संघ के निर्देशन में वर्तमान में राज्य के सभी 24 जिलों में वॉलीबॉल समर कोचिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुझान बढ़ाना एवं राज्य में वॉलीबॉल खेल को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाना है।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्रा एवं अंचलाधिकारी कर्रा की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों की ओर से बताया गया कि यह अभियान वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए क्रियान्वित किया जाएगा। इसके तहत देश भर के लगभग 63,843 गांवों को शामिल किया गया है। इस योजना से पांच करोड़ से अधिक अनुसूचित जनजातीय जनसंख्या को लाभान्वित करने का लक्ष्य है।

### सीसीएल एनके एरिया में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से श्रमिक नाराज

# 9 जून को कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सीसीएल एनके एरिया की विभिन्न परियोजनाओं में कार्यरत कर्मचारियों को पानी, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस उपेक्षा के चलते श्रमिकों में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। इसे लेकर संयुक्त श्रमिक संगठन द्वारा आगामी 9 जून को एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने संबंधी पत्र एनके महाप्रबंधक को दिया गया है। श्रमिक संगठनों का आरोप है कि प्रति वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद क्षेत्र के कर्मचारी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वार्षिक रख-रखाव के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए श्रमिकों ने बताया कि सेंट्रल कालोनी, मोहननगर, सुभाष नगर, केडीएच कालोनी, विश्रामपुर, धमधमिया व आशोक विहार जैसी कालोनियों में नालियां जाम हैं तथा चारों ओर झाड़ियां उग आई हैं, जिससे मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। डकरा में केंद्रीय विद्यालय की वर्षों पुरानी मांग अब भी लंबित है, जबकि सेंट्रल अस्पताल की उन्नयन प्रक्रिया पर लाखों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद, अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। मजबूरीवश श्रमिकों को सामान्य उपचार के लिए भी गांधी नगर अस्पताल (रांची) का रुख करना पड़ता है। धमधमिया जैसे सुदूर क्षेत्र में एकमात्र डिस्पेंसरी में डाक्टरों की कमी से श्रमिकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा क्षेत्र में संचालित अधिकांश स्कूल बसें जर्जर स्थिति में हैं। उनमें क्षमता से अधिक बच्चों को ढोया जा रहा है, जिससे बच्चों के घायल होने और उनकी यूनिफार्म गंदी होने की शिकायतें आम हो गई हैं। यह स्थिति बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। संयुक्त श्रमिक मोर्चा ने आरोप लगाया कि विस्थापन एवं पुनर्वास नीति के तहत करोड़ों रुपए का मुआवजा बांटे जाने के बावजूद परियोजनाओं का विकास प्रभावित हो रहा है।

## ग्रीन हेवंस गार्डन और नेचर नुक नर्सरी का उद्घाटन

**खूंटी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्रीन हेवंस गार्डन और नेचर नुक नर्सरी का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को तोरपा प्रखंड के डोड़मा में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय समुदाय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। नर्सरी का उद्घाटन फादर फिलिप डोडमा और जीईएल चर्च के पादरी रेव ओबेद सोरेंग, एनएचबी निदेशक एसएस पूर्ति तथा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। समारोह में पंचायत की मुखिया अगाथा गुड़िया, उप प्रमुख संतोष कर, ग्राम प्रधान लुकस भेंगरा, ग्रीन हेवन्स गार्डन एवं नेचर नुक के प्रोपराइटर अंजना मडकी और राजेश महतो उपस्थित थे।

## बच्चों को शिक्षा से वंचित न रखें, चाहे इसके लिए कोई भी त्याग क्यों न हो



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने शुक्रवार को कर्रा प्रखंड की उड़ीकेल पंचायत के कसीरा ग्राम का दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी ली। विधायक ने लोगों को आश्वस्त किया कि धीरे-धीरे सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। ग्रामवासियों ने विधायक के समक्ष कसीरा से चापी के बीच पुल निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वच्छ पेयजल, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखी। ग्रामीणों की प्रमुख चिंता पुल की कमी थी, जिससे आवागमन में कठिनाई होती है। विधायक ने कसीरा में लकड़ी के अस्थायी पुल का निरीक्षण किया और भरोसा दिया कि बहुप्रतीक्षित पुल का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि हमारा लक्ष्य तोरपा विधानसभा को एक आदर्श विधानसभा के रूप में विकसित करना है।

### सीएससी ओलंपियाड- 6 का पंजीकरण प्रारंभ

# 213 विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

भारत सरकार के आईटी डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित होने वाली सीएससी ओलंपियाड की परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है. इसमें कक्षा तीन से लेकर 12वीं के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं. जिसमे निजी या सरकारी विद्यालय के कोई भी विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं. परीक्षा नवंबर 2025 में ऑनलाइन होंगे जो सभी सीएससी सेंटर पर आयोजित किए जाएंगे. इसके लिए कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकते है. परीक्षाफल अगले वर्ष फरवरी में प्रकाशित किए जायेगे. परीक्षा के लिए पंजीकरण सितंबर 2025 तक किया जायेगा. परीक्षा प्रपत्र ऑनलाइन भरे जाएंगे. इसके लिए प्रति विषय 299 रुपए शुक्ल निर्धारित है. कोई भी विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार एक या एक सेवाधिका विषय के लिए आवेदन कर सकता है. उक्त जानकारी देते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही सह रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के एसआरसी प्रबंधक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने यह भी बताया कि सीएससी ओलंपियाड परीक्षा में जिस विद्यालय से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे उस विद्यालय को भीं सम्मानित किया जायेगा. इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विद्यार्थी को केंद्र सरकार क्रमशः 30000 रुपए, 20000 रुपए और तृतीय को 10000 रुपए की राशि देकर पुरस्कृत करेगी. इस वर्ष 213 विद्यार्थियों को को पुरस्कृत करने का लक्ष्य है. निदेशक श्री सिन्हा ने बताया कि इच्छुक अभिभावक/विद्यालय प्रधान या विद्यार्थी उनके केंद्र (एसआरसी रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज बरही या हजारीबाग रोड स्थित सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन अथवा कोनरा पंचायत भवन स्थित प्रज्ञा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं. पंजीकरण के बाद आईडी और पासवर्ड मिलेगा, जिसकी सहायता से विद्यार्थी लॉगिन कर परीक्षा संबंधित तैयारी कर सकते हैं.

## सीसीएल सीएसआर की परियोजना 'नन्हा सा दिल' का शुभारंभ

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के करकमलों द्वारा एक महत्वकांक्षी परियोजना "नन्हा सा दिल" का शुभारंभ हुआ। इस दौरान निदेशक, मानव संसाधन, श्री हर्षनाथ मिश्र एवं सीसीएल के कई विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। परियोजना की शुरुआत करते हुए सीसीएल सीएमडी श्री एन. के. सिंह ने कहा कि "हर बच्चे को स्वस्थ दिल के साथ जीवन शुरू करने का अधिकार है, सीसीएल परिवार जन्मजात हृदय रोग के प्रति जागरूकता और उपचार के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और उस दिशा में यह परियोजना एक सार्थक पहल है। आठ वर्षीय बच्ची बिदिया कुमारी की स्क्रीनिंग के साथ की गई, जो अपने माता जी के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे ।

# मजदूरों के हक और हुकूक के लिए हमेशा खड़े रहेंगे : खोगेंद्र साव



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

रिफ्रैक्ट्री सिरामिक्स मजदूर कांग्रेस इंटक सेल इफिको मरार का एक आम सभा शुक्रवार को मुख्य द्वार हनुमान मंदिर के पास आयोजित किया गया. जिसमें संगठन को मजबूती देने के लिए इंटक यूनियन का विस्तार किया गया. इस दौरान प्राणदीप बक्शी को सह सचिव ,अरुण सिंह सहायक सचिव , घूमेश्वर महतो संगठन मंत्री , सुशील कुमार संगठन सचिव मनोनीत किये गए. साथ ही बलराम गिरी ,शिवचरण मुंडा ,शंकर महतो ,फलिंदर महतो ,राजेश कुमार ,चंदन सिंह ,प्रमोद कुमार सिंह और शंभू पांडे को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया. इस दौरान सर्वप्रथम महामंत्री खोगेंद्र साव ने माल्यार्पण कर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर तथा सदस्यता रसीद देकर स्वागत किया. उन्होंने कहा की मजदूरों के हक के लिए हमेशा खड़ा रहेंगे. सचिव केडी मिश्रा ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी कि नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी. उपाध्यक्ष सह प्रभारी नंदकिशोर बेदिया ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी के आने से हमारा यूनियन नई ताकत के साथ मजदूरों की हर समस्या का समाधान करने में मिल का पत्थर साबित होगा. हमारा यूनियन ठेका श्रमिकों का पीएफ का समस्या एवं ग्रुप इंश्योरेंस अबिलंब करवाने के लिए संघर्षरत रहेगा.

### बदहाल सड़कों को लेकर कांग्रेसी नेता ने मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को लेकर सरकार से की शीघ्र कार्रवाई की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के सदर प्रखंड की जर्जर सड़कों को लेकर क्षेत्रीय जनता की चिंता को स्वर देते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने इंद्रपुरी स्थित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग कार्यालय पहुंचकर, झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और प्रतिलिपि कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग को किया। ज्ञापन में रोला मोड़ से सरौनी और मरहेता मोड़ से पौंता बस्ती तक की अत्यंत जर्जर सड़कों के नवनिर्माण की मांग की गई है। मुन्ना सिंह ने मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ये दोनों मार्ग बीते 15 से 20 वर्षों से पूरी तरह बदहाल अवस्था में हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और दैनिक यातायात करने वाले ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इसे आम जनता के लिए एक आवागमन का अभिशाप करार दिया। ज्ञापन में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यह क्षेत्र वर्षों से विकास की मुख्यधारा से उपेक्षित रहा है और इन सड़कों की दुर्दशा उस उपेक्षा की प्रतीक बन चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय प्रशासन से गुहार लगाई, परंतु अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। सिंह ने मंत्री से अनुरोध किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर इन दोनों मार्गों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को इससे सीधी राहत मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलेगी।



## अंबा प्रसाद के बयान पर भाजपा-आजसू का पलटवार, लगाए गंभीर आरोप

**भुरकुंडा।** भदानीनगर में गुरुवार को आयोजित संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में भाजपा और आजसू नेताओं ने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के हालिया बयान की कड़ी निंदा की। आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज राम ने कहा कि अंबा प्रसाद अभी भी खुद को विधायक समझ रही हैं और हार पचा नहीं पा रही हैं। आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी ने आरोप लगाया कि अंबा प्रसाद के कार्यकाल में बड़कागांव भ्रष्टाचार, दलाली और कमीशनखोरी का अड्डा बना हुआ था, जबकि वर्तमान विधायक रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तीव्र गति से विकास हो रहा है। भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश सह संयोजक कुमेल उरांव ने पूर्व विधायक पर जमीन पर कब्जा, झूठे मुकदमे और योजनाओं का श्रेय हड़पने जैसे गंभीर आरोप लगाए। ओबीसी मोर्चा उतरी प्रमंडलीय प्रभारी योगेश दागी ने कहा कि अंबा प्रसाद के संरक्षण में प्रखंड कार्यालयों में दलाली चरम पर थी, जबकि आज पारदर्शी प्रशासन स्थापित हो रहा है। आजसू पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि अंबा प्रसाद के कार्यकाल में विकास कार्य ठप थे। अब जब विधायक रोशनलाल चौधरी जनता के बीच सक्रिय हैं, पूर्व विधायक बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह ने कहा कि अंबा प्रसाद को अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा जनता के सामने रखना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### वज्रपात होने से सौ केवी का ट्रांसफार्मर जला,ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार चार-पांच दिनों से हो रही बारिश के कारण आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।वहीं ग्राम तुईयो ऊपर टोला में गुरुवार की शाम हुई व्रजपात से एक सौ केवी का ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। ग्रामीणों ने विभाग से आग्रह करते हुए ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। उप प्रमुख प्रतिनिधि उतीम महतो और मुखिया शंकर रविदास ने कहा कि इस ट्रांसफार्मर से 2सौ से अधिक उपभोक्ता लाभांवित होते थे ।ओवरलोड होने के कारण यह लोड नहीं उठा पता है। विभाग से हमलोग दो सौ केवी ट्रांसफार्मर लगाने की मांग करते हैं।कहा इस संबध में विभाग के एसडीओ से संपर्क करना चाहा तो फोन नहीं लगा।

### नल जल योजना के तहत लगा सोलर प्लेट की हुई चोरी



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लगनवां में गुरुवार रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा सोलर प्लेट चोरी कर लिया गया।वहीं शुक्रवार सुबह ग्रामीण जब जल के लिए नल खोला तो जल नहीं आ रहा था, जिसके बाद ग्रामीण पानी टंकी के पास पहुंचे तो देखा कि पानी टंकी के ऊपर लगा तीन सोलर प्लेट में से एक चोरी हो गया है। स्थानीय ग्रामीण सुरेंद्र राणा ने बताया कि इस पानी टंकी से हम लोग 20 घर को जल मिलता था लेकिन अज्ञात चोरों के द्वारा बीते रात्रि सोलर प्लेट चोरी कर लिया गया है। इससे अब हम लोगों को पानी की समस्या हो गई है।

### अधिकारी ने विधायक से कहा डीवीसी प्लांट एक दो दिनों में ठीक होगा



**बरही ।** बिजली की आंख मिचौनी से चौपारण की जनता त्रस्त है. इसकी शिकायत लगातार स्थानीय विधायक सह झाविस लोक लेखापाल समिति के सभापति मनोज कुमार यादव को मिल रही थी. विधायक ने मामले को संज्ञान में लिया और डीवीसी पावर प्लांट बरही पहुंच कर अधिकारियों से मुलाकात की. साथ ही प्लांट के अद्यतन कमियों की जानकारी ली. उन्होंने विद्युत समस्या से संबंधित जानकारी ली और तत्काल समस्या निराकरण की मांग किया. मौके पर मौजूद अधिक्षण अभियंता प्रदीप गाड़ी को चौपारण की गंभीर बिजली व्यवस्था से अवगत कराया. अधीक्षक अभियंता ने विधायक को एक से दो दिनों के अंदर तकनीकी खराबियों को दूर कर बिजली व्यवस्था सामान्य करने का आश्वासन दिया. विधायक श्री यादव ने कहा कि जन समस्याओं के लिए वह सदैव तत्पर होते हैं और संज्ञान में मामला आते ही त्वरित कार्यवाही के लिए हर संभव प्रयास करते हैं.

### कई महीनों से अस्पतालों को समय से भुगतान नहीं : डॉ दिनेश

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना (एमएमजेएवाई), जिसे आम तौर पर आयुष्मान भारत योजना के नाम से जाना जाता है, हमारे राज्य के गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए एक बड़ा वरदान रही है। लेकिन पिछले 10 महीनों से निजी अस्पतालों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह बात प्राइम अस्पताल के प्रबंधक डॉ दिनेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों को इस साल फरवरी की शुरुआत से (32 महीने से अधिक भुगतान नहीं मिला है)। इसके अलावा पिछले 10 महीनों से भुगतान नहीं मिला है। इसके कारण, अस्पतालों को अस्पतालों को चलाना बहुत मुश्किल हो रहा है, अधिकांश रोगियों के पास अब आयुष्मान कार्ड है। हम जानते हैं कि हमारे राज्य की लगभग 88% आबादी इस एमएमजेएवाई योजना के तहत इलाज के लिए पात्र है। अस्पतालों के सामने बहुत बड़ी वित्तीय कठिनाई है। इसके कारण कई अस्पताल अपना संचालन बंद करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 212 अस्पताल एनएएफयू (नेशनल एंटी-फ्रॉड यूनिट) से आरोप से संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं। ये बहुत ही गैर-महत्वपूर्ण आरोप हैं। हमारे कई अस्पतालों को सरकार ने उनके आरोपों से मुक्त कर दिया है। आरोपों से मुक्त करने के बाद भी, उन्हें गरीब मरीजों को दी गई उनकी सेवाओं के लिए कोई भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्हें कभी भी इस योजना के तहत इलाज बंद करने के लिए नहीं कहा गया है, वे इस योजना के तहत मरीजों का इलाज जारी हैं, लेकिन उन्हें पिछले 10 महीनों से कोई भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के लिए एमएमजेएवाई कार्यक्रम चलाना बहुत मुश्किल है। हमें गरीब और जरूरतमंद मरीजों का इलाज बंद करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। इससे गरीब मरीजों के लिए बहुत सारी समस्याएं पैदा होंगी। जबकि, हम इलाज जारी रखने के लिए तैयार हैं।

### डीडीसी ने की जिला गंगा समिति की बैठक

## सार्वजनिक तालाबों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर उप विकास आयुक्त ने पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस एवं 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तहत आयोजित होने वाली कार्यक्रमों की जानकारी ली। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त के ने विश्व पर्यावरण दिवस एवं 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर कई दिशा निर्देश दिए। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर एवं सार्वजनिक तालाबों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया साथ ही 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत सिद्धू कहूं मैदान में नमामि गंगे एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड कार्यालय एवं महाविद्यालयों में योग दिवस आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान विकास आयुक्त ने जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे को महाविद्यालयों एवं +2 विद्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु संबंधित विभाग से संबंध स्थापित कर प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने एवं लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, गंगा समिति सदस्य गोविंद मेवाड़ , सीसीएल टाटा सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### शिलाडीह का मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील

# आवागमन में हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र में तीन चार दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिसके कारण शिलाडीह का मुख्य सड़क तालाब में तब्दील हो गई है। सड़क में जल जमाव होने के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से पांच किलो और जीटी रोड़ से महज एक किलोमीटर दूरी पर स्थित शिलाडीह की सड़क हल्की बारिश से तालाब में तब्दील हो गई।यह मार्ग कई गांवो को जोड़ती है। मार्ग आरईओ फंड से 2004 ई. में बना था। सड़क की हालत जर्जर हो गई है। सड़क के दोनों ओर मार्ग को संकीर्ण और ऊंचा कर दिया गया है जिसके कारण जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। जल जमाव और खड्डे होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीण मकसूद अंसारी ने बताया कि हम लोग इसके लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को सूचना दे चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। अतिथियों को बड़े बड़े गड्ढे मालूम नहीं होने से दुर्घटना का शिकार भी होना पड़ा है।

### रामशोभा में नौ दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण कौशल प्रशिक्षण शुरू

**रामगढ़।** रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चुटुपालु रामगढ़ में 9 दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण कौशल पर कार्यशाला का आयोजन बी.एड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं के लिए हुआ। प्रथम दिन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने सूक्ष्म शिक्षण के नियमों को बताया। कहा कि सूक्ष्म शिक्षण वह है, जिसका उपयोग शिक्षकों को प्रशिक्षित करने और उनके शिक्षण कौशल को बेहतर बनाने के लिए किया जाता है। यह तकनीक शिक्षकों को एक छोटे, नियंत्रित वातावरण में शिक्षण के विभिन्न पहलुओं का अभ्यास करने और उन पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने की अनुमति प्रदान करती है। अभिषेक कुमार पांडेय ने सूक्ष्म शिक्षण कौशल की बारिकियों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। महाविद्यालय के सभी सहायक व्याख्यातागणों ने सूक्ष्म शिक्षण कौशल विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षुओं ने सूक्ष्म शिक्षण पाठ योजना तैयार करने के लिए प्रशिक्षण लिया।

### राजस्व संबंधित कार्यों की अपर समाहर्ता ने की समीक्षा

## मामले निष्पादित करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं,उन्होंने ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी श्री वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान अपर समाहर्ता ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में अपर समाहर्ता ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में अपर समाहर्ता ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### समर कैंप में स्कूली बच्चों ने की मस्ती

## शैक्षणिक तनाव दूर रहने का माध्यम है समर कैंप : प्रधानाचार्य



बरही। कक्षा अरुण से तृतीय के भैया बहनों के लिए भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में समर कैंप का आयोजन किया गया. प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चे शैक्षणिक तनाव से दूर होते है. मानसिक रिफ्रेशमेंट होते हैं, जो स्वस्थ्य शिक्षा के लिए आवश्यक है. इस दौरान बच्चे नृत्य - संगीत के साथ क्राफ्टिंग करते हैं. विद्यालय के अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि समर कैंप विद्यार्थियों को तनाव कम करता है और पढ़ने के लिए एक खुशनुमा माहौल तैयार करता है. बच्चों के मन से पढ़ाई का बोझ पन दूर होता है. समर कैंप के दौरान नन्हे मुन्हें बच्चो के लिए म्यूजिकल एक्टिविटी करवाए गए. चलचित्र दिखाए गए, इस दौरान बच्चो ने क्राफ्टिंग के माध्यम से अपनी कला भी दिखाई. विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी. जिसे सभी ने मजे लेकर ग्रहण किया. अंत में सभी विद्यार्थियों ने स्विमिंग पूल में जल क्रीड़ा कर खूब मौज मस्ती किया. इस दौरान प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सुरेश कुमार साहू ने समर कैंप का अवलोकन कर बच्चो से कैंप संबंधित कैंप संपन्न करवाने में विद्यालय के सभी दीदी और आचार्य ने महत्ती भुमिका निभाई.

### बीडिओ के समीक्षात्मक बैठक का हुआ समापन

## पंचायत में रोजगार व आवास दिवस मनाने के दिए निर्देश : बीडिओ

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**



बीडीओ जयपाल महतो की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार में समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई. जिसमें बीडीओ ने अबुआ, बाबा साहब अंबेदकर व प्रधानमंत्री आवास, मनरेगा और 15वीं वित्त के प्रगति का अद्यतन जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए. विभागवार जानकारी लेते हुए बीडीओ ने संबंधित अधिकारी, कर्मी व जनप्रतिनिधि से कार्य योजना में देरी के कारण जाना. साथ ही उसे नियत समय पर पूर्ण करवाने के निर्देश दिए. सभी पंचायत सचिव और पंचायत सहायक को प्रधानमंत्री व अबुआ आवास के लंबित पहले व दूसरे किस्त के लिए जियो टैग करते हुए एक सप्ताह के अंदर राशि भुगतान के निर्देश दिए. सभी लंबित आवास को यथाशीघ्र पूर्ण करवाने और पूर्ण हुए पीएमआवास का मनरेगा पोर्टल पर डिमांड करते हुए संपूर्ण भुगतान करवाने की बात कही. मनरेगा के तहत 175 एकड़ भूमि क्षेत्र में बागवानी के लिए मात्र 51 एकड़ लक्ष्य प्राप्ति पर चिंता जताते हुए सभी मुखिया, पंचायत सचिव को अपने पंचायत में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए.


### 10 दिनों से बंद है एसबीआई का एटीएम लोग परेशान

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पटेलनगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एटीएम पिछले 10 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में एसबीआई के खाताधारकों की संख्या अधिक हैं, ऐसे में एटीएम सेवा का इतने लंबे समय तक बंद रहना ग्राहकों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। बैंक छोटे लेनदेन के लिए अक्सर ग्राहकों को एटीएम का उपयोग करने की सलाह देता है, लेकिन एटीएम बंद होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### दो पक्षों में हुई झड़प, पीड़ित ने अधिकारियों के समक्ष लगाई गुहार

## दोषी व्यक्ति स्वयं को निर्दोष ही बताता है : पुलिस निरीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



विषय :- बरकट्ठा थाना कांड सं0- 41/25 में निर्दोस होने के संबंध में।

महाशय,

सुचित करते हुए कहना है कि मैं अरूण कुमार पिता राम कृष्णा मेहता वर्तमान पता ग्राम+पो0- झुरझुरी थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग झारखण्ड का निवासी हूँ।

स्थायी पता- ग्राम सलैया थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग झारखण्ड निवासी।

घटना/दिनांक 13.04.2025 को सुबह से शाम तक मारुती शोरूम हजारीबाग में गाड़ी का सर्वीस करवा रहे थे। मेरे साथ ड्राइवर मो0 सत्तार अंसारी पिता सोबराती मियाँ ग्राम झुरझुरी थाना बरकट्ठा जिला हजारीबाग निवासी भी था। मेरा इलाज रिम्स राँची में चल रहा है जिसकी जाँच सप्ताह में करवाना पड़ता है जो हजारीबाग पैथोलोजी में करवाए थे।

प्रखंड के ग्राम तरबेचवा में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में निर्दोष लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर पीड़ित ने अधिकारियों को पत्र लिखा है. इस बाबत जयहिंद सेना सामाजिक संस्था के जिला अध्यक्ष ग्राम झुरझुरी निवासी अरुण कुमार मेहता पिता स्व रामकृष्ण मेहता ने एक पत्र राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली समेत झारखण्ड व केंद्र के दर्जनों वरीय अधिकारियों को भेजा है. जिसमें बताया है कि पिछले 13 अप्रैल 2025 के दिन ग्राम तरबेचवा में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में मुझे और मेरे गाड़ी के चालक मो सत्तार अंसारी पिता सोबराती मियां को पुलिस ने नामजद आरोपी बना दिया है. बताया कि घटना के दिन हम अपनी मारुति गाड़ी की हजारीबाग में सर्विसिंग करवा रहे थे. मेरे साथ मेरे चालक सत्तार अंसारी भी साथ में थे. उन्होंने बताया कि मेरा इलाज रिम्स रांची से चल रहा है. जिसकी जांच मुझे सप्ताह में कराना पड़ता है. घटना वाला दिन भी मैंने अपनी जांच हजारीबाग पैथोलॉजी में कराया था. घटना में हम-दोनों को बरकट्ठा पुलिस के द्वारा नामजद आरोपी बनाकर जेल भेज दिया गया. अधिकारियों को लिखे पत्र में बताया है कि हम दोनों निर्दोष है और जान बूझकर नाम दे दिया गया. जिसका कारण उन्होंने बताया कि हमारी सामाजिक संस्था ने प्रखंड क्षेत्र में किए जा रहे गैरकानूनी कार्यों को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत किया था. जानकारी हो कि 13 अप्रैल को तरबेचवा गांव में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में पुलिस ने दोनों पक्षों से 42 नामजद समेत चार सौ अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है. इस संबंध में पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया की जो सच है वह सच ही रहेगा। दोषी व्यक्ति हमेशा अपने को निर्दोष ही बताता है।

### मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ कैंट की ओर से जल सेवा अभियान समाप्त

**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा की ओर से अमृतधारा अभियान के तहत पांच दिवसीय जल सेवा अभिया समाप्त हो गया। पांच दिनों के दौरान दोपहर में बढ़ती गर्मी और धूप में राहगीरों को राहत प्रदान करने के लिए ठंडा पानी प्रदान किया गया। अमृतधारा अभियान की अध्यक्षता डॉ नीति बेरलिया ने की। मंच ने यह सेवा नगर के मुख्य चौराहों, प्रतिष्ठानों, बस स्टैंड स्कूल-कॉलेज के आस-पास और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर संचालित की। कार्यक्रम के माध्यम से मारवाड़ी युवा मंच चेतना शाखा रामगढ़ ने सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

### स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का समापन

## समर कैंप में बच्चों को नई चीजें सीखने का मिला मौका : प्रधानाचार्य

रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट में 13 से 22 मई तक निःशुल्क समर कैंप का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ जीवन उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान और विभिन्न कौशलों से अवगत कराना था। इस दौरान छात्रों को आर्चरी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, ड्राइंग, खो-खो, आर्ट एंड क्राफ्ट और संगीत जैसे कई विषयों में बारीकी से शिक्षा दी गई। प्रधानाचार्य ने कहा कि समर कैंप ने बच्चों को नई चीजें सीखने का मौका दिया। साथ ही उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। इस कैंप ने बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा को पहचानने और निखारने का अवसर प्रदान किया। समर कैंप के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चों ने गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई व बच्चों को हर गतिविधि में बेहतर बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए विशेष कक्षाएं भी आयोजित की गई है। जिसमें उनकी परीक्षा की तैयारी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान दिया जा रहा है। समर कैंप समापन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संगीत, बॉलीबॉल, और अन्य गतिविधियों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं इस समापन समारोह का मुख्य आकर्षण छात्रों के द्वारा बनाए गए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी रहा। जिसमें अभिभावकों के लिए छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए वस्तुओं के खरीदारी की भी व्यवस्था की गई थी। जिसमें अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर उन वस्तुओं की खरीदारी की। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष ब्रिगेडियर दिग्विजय सिंह ने बच्चों का हौसला आफजाई किया।

## नीति आयोग आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

# बांसजोर प्रखंड की प्रगति सराहनीय पर स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के निर्देश दिए :डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के आकांक्षी कार्यक्रम तथा बांसजोर प्रखंड में संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। बैठक में बांसजोर प्रखंड के आकांक्षी साथी ने अप्रैल 2025 तक की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि दिसंबर 2024 में जारी देशव्यापी क्रमांकन में प्रखंड ने 500 आकांक्षी प्रखंडों में 65वाँ स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने यह विश्वास जताया कि मार्च 2025 में आने वाली सुधार आधारित क्रम सूची प्रखंड और बेहतर प्रदर्शन करेगा, हालांकि यह सूची अब तक जारी नहीं हुई है।पिरामल संस्था की ओर से अप्रैल माह की प्रगति से संबंधित प्रतिवेदन भी बैठक में प्रस्तुत की गई। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि बांसजोर प्रखंड में राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक प्रमाणन प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। साथ ही, गर्भवती महिलाओं के पहले तीन माह के भीतर पंजीकरण की दर बढ़ाने हेतु ठोस और कारगर कार्यवाही करने को कहा गया।

**कृषि और शिक्षा क्षेत्र में भी दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश :** कृषि क्षेत्र की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कृषि उत्पादक समूहों के साथ समन्वय स्थापित कर 'आकांक्षा नामकरण' को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी शिक्षकों के लिए आधारभूत भाषा और गणित ज्ञान (एफ.एल.एन.) पर केंद्रित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा पिरामल संस्था के सहयोग से एक समुचित मूल्यांकन मंच तैयार किया जाए, उपायुक्त ने विशेष रूप से बांसजोर प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत अन्य सभी क्षेत्रों में ठोस, सतत और समन्वित कार्य योजना के तहत सुधार लाने के लिए सभी संबंधित विभागों को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जीविका मिशन पदाधिकारी, पेयजल एवं स्वच्छता पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षी भारत फाउंडेशन के साथी, पिरामल संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रम व नियोजन योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



सिमडेगा:उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सारथी योजना सहित श्रम, कौशल एवं नियोजन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में प्रवासी मजदूरों के निबंधन की स्थिति की जानकारी ली। श्रम अधीक्षक श्री पुनीत मिंज ने बताया कि अब तक लगभग 13,000 से अधिक प्रवासी मजदूरों का पोर्टल पर निबंधन किया जा चुका है। निबंधन के दौरान जिन प्रवासी मजदूरों की प्रविष्टियाँ तकनीकी कारणों से अस्वीकृत हुई हैं, उन्हें समय पर संबंधित एजेंसी से पोर्टल से हटाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए उनके व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी श्रमिक मित्रों के माध्यम से भी दी जानी चाहिए, ताकि हर पात्र मजदूर तक इनका लाभ पहुंच सके। इसके साथ ही निबंधित मजदूरों के बच्चों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने चाइल्ड लेबर की रोकथाम को लेकर गंभीरता दिखाई और श्रम अधीक्षक से इसकी नियमित निगरानी करने को कहा। इस क्रम में बताया गया कि कुरडेग प्रखंड के कई होटलों और प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। इसके बाद उपायुक्त ने नियोजन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने जिले के नियोजन कार्यालय में निबंधित बेरोजगार युवाओं की जानकारी ली। जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि जिले में 4,000 से अधिक छात्र-छात्राएं नियोजन पोर्टल पर निबंधित हैं। जब भी जिले में रोजगार मेले या भर्ती कैंप का आयोजन किया जाता है, सभी निबंधित युवाओं को ईमेल और ट्विटर के माध्यम से सूचना दी जाती है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि रोजगार मेलों एवं जिले के आईआईटी संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए युवाओं प्लेसमेंट एवं किसी कंपनी में नियुक्त की जाती है तो उसका फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नियुक्त अभ्यर्थियों की नौकरी करने वाली कंपनियों के पास उनके पते और संपर्क नंबर विभाग के पास उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी समस्या की स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। बैठक के अंत में उपायुक्त ने अन्य महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

## कस्तूरबा विद्यालयों की समीक्षा बैठक संपन्न, सुविधाओं के निर्देश

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मेंशुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी कस्तूरबा विद्यालयों की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की संख्या, उपलब्ध संसाधनों और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने विद्यालयों को मिलने वाली फंडिंग विशेषकर मेंटेनेंस एवं कंटीन्जेंसी मद की राशि की जानकारी ली।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि उक्त राशि का उपयोग कर विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं जैसे डाइनिंग टेबल, वॉल फैन, खिड़की पर मच्छर जाली, खेल सामग्री आदि की व्यवस्था की जाए ताकि बच्चियों को बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने सभी विद्यालयों की पेयजल समस्याओं का दोबारा आकलन कर डीएमएफटी प्रभारी पदाधिकारी को प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी दिया।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन विद्यालयों में जनरेटर की सुविधा नहीं है, वहां डीएमएफटी मद से जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बिजली कटने की स्थिति में बच्चियों को अंधेरे में न रहना पड़े। इसके साथ ही सीलिंग फैन की व्यवस्था करने की भी बात कही गई।उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं को स्टेशनरी, खाद्य सामग्री, ड्रेस एवं अन्य जरूरी वस्तुएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए इस वित्तीय वर्ष में निविदा पत्र तैयार करने और उसमें प्रखंड मुख्यालय के एजेंसियों को प्राथमिकता देने की बात कही गई। साथ ही सामग्री आपूर्तिकर्ताओं की दूरी भी तय करने का निर्देश दिया गया, ताकि समय पर और गुणवत्तापूर्ण सामग्री आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।बैठक में शिक्षा पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जल शक्ति अभियान को लेकर की समीक्षा

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियानः कैच द रेन के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जिले में पहले से मौजूद जल निकायों (वाटर बॉडी) की तस्वीरें भारत सरकार के पोर्टल पर शीघ्र अपलोड की जाएं। साथ ही, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बनाए गए जल स्त्रोतों को भी फोटो पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने संबंधित विभागों को नए जल निकायों के निर्माण हेतु योजनाएं तैयार करने और इसके क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों के साथ अलग से बैठक आयोजित करने की बात कही। उन्होंने जल संरक्षण को प्राथमिकता देने पर बल दिया और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया ताकि अभियान को जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। बैठक में विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## वन दुर्गा पूजा समिति की समीक्षा बैठक में नवरात्र के आय-व्यय और भविष्य की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध वन दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शुक्रवार को समिति अध्यक्ष जहुरन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में चैती नवरात्र सह मेला महोत्सव के कार्यक्रमों, आय-व्यय तथा आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान विगत आयोजनों के लेखा-जोखा की समीक्षा की गई तथा यह निर्णय लिया गया कि अब से प्रत्येक माह के प्रथम सोमवार को नियमित मासिक बैठक आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश तिथि में परिवर्तन आवश्यक हुआ तो उसकी पूर्व सूचना समिति के सचिव द्वारा सभी सदस्यों को दी जाएगी।चैती नवरात्र सह मेला महोत्सव 2024 के दौरान हुए आयोजनों का आय-व्यय विवरण अब तक प्रस्तुत नहीं किया गया है। समिति ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि संबंधित लेखा-विवरण आगामी मासिक बैठक में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किया जाएगा।वन दुर्गा मंदिर परिसर की कुल आठ एकड़ चौसठ डिसमिल भूमि में से एक एकड़ भूमि सरस्वती शिशु मंदिर को दिए जाने से संबंधित प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। इस संदर्भ में लेन-देन से जुड़े सभी दस्तावेज आगामी बैठक में समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।इसके अतिरिक्त, बैठक में सेवादारों के बकाया मानदेय का शीघ्र भुगतान, सद्भावना भवन की मरम्मत, तथा अन्य संगठनात्मक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।उपस्थित रहे समिति के कई प्रमुख सदस्य बैठक में समिति के प्रमुख सदस्य केशरी सिंह, प्रणव कुमार, जहुरन सिंह, जागरनाथ सिंह, ललन सिंह, शशि प्रसाद, कैलाश सिंह, बसंत कुमार साहू सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## एनएच रोड में जाम व दुर्घटना नियंत्रण को लेकर एसडीओ कार्यालय में हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** अनुमंडल कार्यालय सिमडेगा में एनएच में रोड जाम एवम सड़क दुर्घटना को नियंत्रण रखने के लिए झूलन सिंह चौक से महावीर चौक तक किए गए बैरिकेटिंग पर विचार- विमर्श हेतु जनप्रतिनिधि एवम व्यवसायों के साथ बैठक आहूत की गई। जिसमें उनके द्वारा यातायात एवम आवागमन व्यवस्था हेतु अधिष्ठापित बैरिकेटिंग व्यवस्था को सार्थक बताया गया। वन वे होने से सड़क दुर्घटना कम हुई है। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा बताया गया कि वर्तमान बैरिकेटिंग व्यवस्था को यथावत रखते हुए झूलन सिंह चौक से महावीर चौक तक सड़क के दोनों ओर पत्थर का बोल्डर लगाकर 2 फिट रोड चौड़ीकरण कराई जाए। ताकि भारी वाहन का परिचालन आसानी से हो एवम रोड जाम और दुर्घटना नहीं हो। बैठक में वर्तमान यातायात व्यवस्था को यथावत रखते हुए रोड चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण करने पर आम सहमति बनी। रोड चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य नगर परिषद, सिमडेगा द्वारा की जाएगी। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा, पुलिस उपाधीक्षक सिमडेगा, अंचल अधिकारी सिमडेगा, प्रशासक नगर परिषद, सिमडेगा, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सिमडेगा, यातायात प्रभारी सिमडेगा, डी.डी. सिंह एवम एस. रोहिल्ला, सांसद प्रतिनिधि सिमडेगा, दिलीप तिर्की अध्यक्ष मोटर यूनियन सिमडेगा, सतीश कुमार सिंह, नितेश जैन, सोनी वर्मा, सहजादा प्रिंस, रजनीश अग्रवाल एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

## युवाओं में शैक्षणिक के साथ नैतिक और आत्मिक ज्ञान जरुरी : विधायक

- नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल चर्च युवा संघ का 65वां वार्षिक बाइबल क्लास सम्पन्न

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि बाइबल क्लास युवाओं को आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। आज के समय में युवाओं को केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि नैतिक और आत्मिक शिक्षाओं की भी आवश्यकता है। इस आयोजन के माध्यम से समाज में प्रेम, एकता और सेवा की भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने युवाओं को एकजुट होकर समाज को आगे ले जाने की अपील की। विधायक शुक्रवार को पिथरा मंडली में नॉर्थ वेस्टर्न जीईएल. चर्च कोचेडेगा युवा संघ द्वारा आयोजित 65वां वार्षिक बाइबल क्लास में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। मौके पर समारोह की शुरुआत प्रार्थना एवं भजन-कीर्तन से हुई। बाइबल क्लास में पादरी सूरजमनी केरकेट्टा, पादरी फिलमोन तिग्गा, पादरी निलेश मिंज, पादरी जस्टिन एक्का, पादरी प्रेमचंद बड़ा, पादरी गोविंदा महतो, पादरी ओलिवर मिंज, कंदीदत सारस लकड़ा एवं कंदीदत सारा अमेनिका लकड़ा ने युवाओं को आत्मिक शिक्षाएं दी। विधायक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन कोचेडेगा क्षेत्र में एक मिसाल के रूप में देखी जा रही है। जिससे प्रेरणा लेकर अन्य मंडलियां भी ऐसे आयोजन करने की सिख लेंगे। समारोह में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, पंसस प्रतिमा कुजूर, निर्माायाह खेस,महिला संघ विनीता खाखा,सुमन एक्का,प्रचारक बेलथर किंडो, प्रा. पियूष खेस, प्रा. इरकान खेस, प्रा. असीम कुजूर, प्रा. मुकुट कुजूर, प्रा. आशीष एक्का, प्रा. निरोज लकड़ा, अगुस्तस एक्का सहित काफी संख्या में युवक-युवतियां उपस्थित थे।

### आत्मिक उन्नति का मंच है बाइबल क्लास: जोसिमा खाखा

सम्मेलन में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि यह आयोजन आत्मिक उन्नति का मंच है। साथ ही यह एक ऐसा अवसर है जहां युवा अपने विचारों, अनुभवों और विश्वास को साझा कर सकते हैं। हमारा समाज तभी आगे बढ़ेगा जब हमारे युवा सही दिशा में आगे बढ़ें और अपनी जड़ों से जुड़े रहें। सम्मेलन को सफल बनाने में युवा संघ के अध्यक्ष एडिशन मिंज, उपाध्यक्ष बिंदुरानी खेस, सचिव निलेश एक्का, सहसचिव अनीता बरवा, कोषाध्यक्ष सोनू राजन कुजूर, सण्डे स्कूल प्रभारी अनुग्रहित कुजूर, सह प्रभारी सुशील बड़ा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## डोभापानी मंडली जीईएल चर्च पस्टोरेट महिला समिति का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत डोभापानी मंडली जीईएल चर्च पस्टोरेट महिला समिति का चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन शुक्रवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक नमन बिक्सल कोनगड़ी उपस्थित रहे।सम्मेलन की शुरुआत मंडली अध्यक्ष पादरी सेबेस्टियन गुड़िया के प्रवचन से हुई। कार्यक्रम में सामूहिक भजन, गीत प्रतियोगिता, साक्षी वाणी, सामूहिक बाइबल प्रश्नोत्तरी तथा सिरनी दान संग्रह जैसे विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का पारंपरिक माला पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।अपने संबोधन में विधायक नमन बिक्सल कोनगड़ी ने कहा, इतिहास साक्षी है कि समाज में महिलाओं को सदैव सम्मानजनक स्थान मिला है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और समाज के विकास में भागीदारी निभा रही हैं। कलीसिया समुदाय को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।उन्होंने आगे कहा कि समाज से अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा और जागरूकता फैलानी होगी। विधायक ने मसीही जीवन मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा, ईसा मसीह ने हमेशा सेवा, क्षमा और करुणा का संदेश दिया है। बुद्धि और ज्ञान हमें परमेश्वर का भय मानने से प्राप्त होता है, और संसारी जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति परमेश्वर की खोज में निहित है।उन्होंने सभी को कलीसिया के नियमों, पुरोहितों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता की आज्ञा और बाइबिल की दस आज्ञाओं के अनुसार जीवन पथ पर चलने की प्रेरणा दी।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के 13 लोग घायल पर सभी सुरक्षित

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा रण बहादुर सिंह चौक में सड़क दुर्घटना के कारण एक ही परिवार के एक दर्जन से अधिक लोग घायल. मिली जानकारी के अनुसार कोलेबिरा निवासी 45 वर्षीय मुन्नी देवी अपने परिजन के साथ एक टेंपो से सिमडेगा केलाघाघ घूमने जा रहे थे। जैसे ही सभी परिजन टेंपो में सवार होकर कोलेबिरा रंग बहादुर सिंह चौक से सिमडेगा की और मुड़ना चाहा विपरीत से आ रही एक कंटेनर ट्रक में सीधी ठोकर दे मारी जिसके चलते टेंपो बीच सड़क पर पलट गई।टेंपो के पलट जाने के कारण टेंपो में सवार 40 वर्षीय पंकज साहू ,32 वर्षीय संजय साहू, 26 वर्षीय लक्ष्मण कुमार ,25 वर्षीय काजल देवी ,27 वर्षीय उषा देवी, 19 वर्षीय रानी कुमारी, 18 वर्षीय मंगलम कुमारी, 9 वर्षीय सरस्वती कुमारी, 5 वर्ष से सूरज कुमार ,12 वर्षीय स्वाति कुमारी ,5 वर्षीय नंदनी कुमारी ,22 वर्षीय नंदनी कुमारी एवं 10 वर्षीय शिव कुमार घायल हो गए. सभी घायल लोगों को स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचा. जहां पर सभी घायल को चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किए गए तत्पश्चात उन्हें छुट्टी दे दी गई. चिकित्सकों ने बतलाया सभी घायल खतरे से बाहर है।

## करंट लगने से युवक घायल, अस्पताल में चल रहा है इलाज

**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत चकलाबासा चिरूबेड़ा गांव में शुक्रवार को करंट लगने की एक घटना में 19 वर्षीय निश्तार बारला गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही उकौली पंचायत की मुखिया श्रीमती कृपा हेमरोम ने त्वरित पहल करते हुए घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बानो पहुँचाया।वर्तमान में निश्तार बारला का इलाज चिकित्सक डॉ. मनोरंजन कुमार की देखरेख में जारी है। घायल की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।इधर, घटना की जानकारी मिलने पर जिला परिषद सदस्य श्री बिरजो कांडुलना स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और घायल युवक का हालचाल जाना।

# न्यूज बॉक्स

## क्लोन चेक बनाकर फर्जी निकासी करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**कोलेबिरा।** क्लोन चेक बनाकर फर्जी निकासी करने के आरोप में चार लोगों को कोलेबिरा थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।थाना प्रभारी शशिशंकर सिंह ने बताया कि कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ आजीविका मिशन क्लस्टर खाते से विगत 1मई से 8 मई तक गुमला जिला मुख्यालय के विभिन्न बैंकों से साइबर अपराधियों के द्वारा लगभग 62 लाख रुपए की निकासी कर ली गई थी.इस मामले का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल.गिरफ्तार आरोपियों में 24 वर्षीय कैफ अली पिता मोहम्मद सगीर अंसारी आजाद बस्ती पत्थर कुड़वा रांची,24 वर्षीय काशिफ अहमद पिता अब्दुल कादिर हिंदपीढ़ी रांची,19 वर्षीय शरद कुमार पिता रंजीत कुमार बड़ोदरा गिरिडीह एवं 24 वर्षीय रोशन कुमार पिता राजेंद्र कुमार मानसुंडी डोमचांच है सभी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को सिमडेगा जेल भेज दिया इस संबंध में कोलेबिरा थाना में कांड संख्या 44/2025 के अंतर्गत धारा 316(2), 318(4), 338,336(3), 340(2) बि एन एस, 66('c), 66डी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने इन चारों से चार मोबाइल बरामद की मोबाइल में पैसा के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं जो गुमला के विभिन्न बैंकों से किए गए हैं। इस मामले के अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापामारी कर रही है बहुत जल्द अन्य लोगों की गिरफ्तारी करते हुए पुलिस अग्रतार कार्रवाई करेगी।

## जगदीश बड़ाईक के भक्ति गीतों से प्रभावित हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय



**सिमडेगा।** झारखण्ड के प्रसिद्ध लोकगायक संगीत नाट्य अकादमी पुरुस्कार से सम्मानित जलडेगा निवासी जगदीश बड़ाईक ने अपने गीतों एवं प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रभावित किया। मालूम हो की छत्तीसगढ़ के कांसाबेल दोकड़ा में सात दिवसीय जगन्नाथ मंदिर मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित थे इस दौरान जगदीश बड़ाईक ने अपने चिर परिचित अंदाज में भगवान जगन्नाथ के भजनों एवं अन्य गीतों की मनमोहन प्रस्तुति देकर माहौल भक्तिमय कर दिया। मुख्यमंत्री ने जगदीश बड़ाईक के गीतों का काफ़ी सराहा एवं मंच में उन्हें सम्मानित किया गया।

## झामुमो जिला अध्यक्ष ने बिजली समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता से की मुलाकात



**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना ने आज बिजली से जुड़ी जनसमस्याओं और शिकायतों को लेकर विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की। उन्होंने जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त बिजली संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया।श्री कांडुलना ने जानकारी दी कि जिले के कई गांव अब भी बिजली सुविधा से वंचित हैं। कहीं ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं, तो कहीं अत्यधिक या अत्यल्प वोल्टेज की समस्या लोगों को परेशान कर रही है। उन्होंने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।इस पर कार्यपालक अभियंता ने आश्वासन दिया कि यथासंभव सभी समस्याओं के समाधान हेतु विभाग द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे आमजन को राहत मिल सके।इस अवसर पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य नोवास केरकेट्टा, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश बागे, धनोधार सिंह, अलॉइस कुजूर, डेनिस कुजूर सहित कई अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सिमडेगा सिविल सर्जन के ड्राइवर को धनबाद की पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिमडेगा।** साइबर अपराध के एक मामले में धनबाद पुलिस ने शुक्रवार को सिमडेगा सीएस कार्यालय के चालक सुमन लकड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे सदर अस्पताल परिसर से गिरफ्तार कर अपने साथ धनबाद ले गयी। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में एक साइबर क्राइम की घटना में सुमन लकड़ा के बैंक खाते में छह लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। इस मामले में वह तब से फरार चल रहा था। धनबाद पुलिस लगातार उसके मोबाइल नंबर को ट्रेस कर रही थी और उसी के आधार पर टीम सिविल ड्रेस में सिमडेगा पहुंची। सुमन लकड़ा अस्पताल परिसर में पहुंचा और सीएस ऑफिस की ओर बढ़ने लगा, तभी मौके पर मौजूद धनबाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद सदर अस्पताल परिसर में हलचल मच गयी और यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

## इस्लामपुर में बैंक और महाराष्ट्र के मिनी ब्रांच का विधायक भूषण बड़ा ने किया उद्घाटन

**सिमडेगा।** शहर के भट्टीटोली स्थित केलाघाघ रोड पर बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के मिनी ब्रांच का उद्घाटन विधायक भूषण बाड़ा ने किया।उद्घाटन समारोह में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि इस मिनी ब्रांच की स्थापना न केवल इस क्षेत्र के आर्थिक विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह ग्रामीण जनता को सीधे बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी बनेगा। अब यहां के लोगों को छोटी-छोटी बैंकिंग ज़रूरतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा उन्होंने कहा कि सरकार और बैंकिंग संस्थाओं की यह कोशिश है कि अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचें। मैं इसके लिए महाराष्ट्र बैंक को धन्यवाद देता हूँ और स्थानीय जनता से अपील करता हूँ कि इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाएं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक की सेवाओं को लेकर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब उन्हें आर्थिक लेन-देन और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि सह उपाध्यक्ष मो समी आलम, नगर विधायक प्रतिनिधि मो शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, शहजाद अंसारी, मो० अंजर आलम, मो० जाहिद, मो० शब्बीर आलम, मो० वसी अकरम, जिला मीडिया प्रभारी मो० तनवीर खान, डॉ. मो० इम्तियाज, सेंट्रल अंजुमन के सदर मो० ग्यास, शहज़ादा प्रिंस आदि उपस्थित थे।

## मक्का और मदीना में देश की खुशहाली उन्नति और अमन-चैन के लिए दुआ करें हजयात्री

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने शुक्रवार को हज यात्रा में जाने वाले हजयात्रियों से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और सम्मान स्वरूप बुके भेंट किए। मौके पर विधायक ने सभी हजयात्रियों के सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना करते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल व्यक्तिगत आस्था का प्रतीक है। बल्कि सामूहिक सांस्कृतिक और धार्मिक एकता की मिसाल भी है। विधायक भूषण बाड़ा ने उपस्थित हजयात्रियों ने कहा कि वे पवित्र मक्का और मदीना में देश की खुशहाली, उन्नति और अमन-चैन के लिए दुआ करें। उन्होंने कहा कि सिमडेगा सहित पूरे देश की तरक्की, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करने में ऐसी धार्मिक यात्राओं की अहम भूमिका होती है। विधायक ने कहा कि सरकार अल्पसंख्यक समुदायों की धार्मिक आस्था का पूरा सम्मान करती है और हज यात्रा जैसी पवित्र यात्राओं को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इधर हजयात्रा पर जाने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ नजर आ रहा था। उन्होंने विधायक द्वारा दिए गए सम्मान और शुभकामनाओं के लिए आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वे अपने देश के लिए दुआ जरूर करेंगे। मौके पर कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि सह उपाध्यक्ष मो० समी आलम, जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद,नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), नगर प्रतिनिधि मो० शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि शहजाद अंसारी, मो. अंजर आलम, मो. जाहिद, मो. शब्बीर आलम , मो. वसी अकरम, जिला मिडिया प्रभारी मो. तनवीर खान, हाजी शाहज़ादा प्रिंस साहब एवं मुहल्ले के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। विधायक ने हज यात्रा में जाने वाले सभी हजयात्रियों को घर जाकर शुभकामना दी।

## माइनिंग सेक्टर में मशीनों का ब्रेकडाउन कैसे होगा कम

# आईआईटी आईएसएम में अधिकारियों ने ली ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**




मेटल, कोयला या अन्य खनिजों के उत्पादन में मशीनों की बहुत बड़ी भूमिका होती है. मशीनों के खराब होने या बंद होने की स्थिति में उत्खनन में लगी कंपनियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है. आईआईटी आईएसएम मशीनों के सही इस्तेमाल, उसके रख-रखाव और सुरक्षा के गुर सिखा रहा है. जिसमें कोल और मेटल सेक्टर की कंपनियों के अधिकारी प्रशिक्षण ले रहे हैं. ताकि भविष्य में वे मशीनों का सही इस्तेमाल कर बेहतर उत्पादन हासिल कर सकें. आईआईटी आईएसएम में माइनिंग इक्विपमेंट हेल्थ एंड सेफ्टी प्रेस्टीज विषय पर तीन दिवसीय कोर्स का आयोजन किया गया. इस कोर्स का उद्देश्य कोयला समेत विभिन्न खनिज उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के रख-रखाव और सुरक्षा की तकनीकी जानकारी देना है. आईआईटी आईएसएम ने उपकरणों के रख-रखाव और उसकी सुरक्षा पर तीन दिनों की ट्रेनिंग दी. जिसमें माइनिंग सेक्टर में काम करने वाले मीडियम से लेकर सीनियर लेवल के एग्जीक्यूटिव को जोड़ा गया है. इनमें सेंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड, मॉयल इंडिया, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सिंगरौली कोलियरी जैसी कंपनियां शामिल हैं.

### 'मशीनों के ब्रेकडाउन में कमी लाना उद्देश्य'

आईआईटी आईएसएम के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर कोर्स अजीत कुमार जो ट्रेनिंग कोर्स के कोऑर्डिनेटर हैं, ने बताया कि माइनिंग सेक्टर हो, कोयला उत्पादन हो या फिर लोहा, कॉपर आदि, सभी तरह के खनन में उपकरणों की अहम भूमिका होती है. ऐसे में उपकरणों का रख-रखाव और सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है. उन्होंने बताया कि मशीनों की सेफ्टी को अगर नजरअंदाज किया जाता है तो इसका सीधा असर प्रोडक्शन पर पड़ता है. आजकल मैकेनाइज्ड माइंस के तहत काम हो रहा है. इनमें मशीनों का इस्तेमाल ज्यादा होता है. मशीनें खराब होने पर उन्हें ठीक करने में काफी समय लगता है. इस ब्रेकडाउन टाइम को खत्म करना बहुत जरूरी है. हम ऐसी मेंटेनेंस प्रैक्टिस लाना चाहते हैं जिससे औसतन ब्रेकडाउन में कमी आए और प्रोडक्शन की प्रक्रिया चलती रहे. अभी मशीनें जब खराब होती हैं तो हम उनका मेंटेनेंस शुरू कर देते हैं. लेकिन अगर हम मशीनों के खराब होने वाले पार्ट्स का पहले ही डिडेक्ट कर लें तो हम डाउन टाइम की भरपाई कर सकेंगे. उन्होंने बताया कि विदेशों में भी खनन का काम हो रहा है. वहां लगी मशीनों में सेंसर लगे होते हैं, जो पहले ही बता देते हैं कि कौन सा पार्ट अब खराब होने वाला है.

### विभाग ने काटी इंटेक वेल की बिजली, पानी के लिये तरस रहे ग्रामीण

**मनोहरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड की गंगदा पंचायत के दोदारी गांव में जीवन मिशन के तहत बनी जलमीनार के इन्टेक वेल का बिजली कनेक्शन बिजली विभाग ने काट दिया है. इससे स्थानीय ग्रामीण परेशान हैं. उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है. इसे लेकर शुक्रवार को इंटेक वेल के समीप ग्रामीणों ने बैठक की. ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे. इसकी जवाबदेही बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी. बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुखिया सुखराम सांडिल ने कहा कि बिजली विभाग की कार्रवाई से ग्रामीणों को भीषण गर्मी में पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है.पीने का पानी ग्रामीण लंबी दूरी तय कर लाते हैं. इस मौके पर मंगल कुम्हार उप्पल सोरेन, कुर्मी हांसदा,शिवनाथ सांडिल समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे.

# गावां में युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह**



गांवा प्रखंड के ग्राम सांख निवासी नीलेश यादव की मौत के बाद ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। नीलेश यादव 05 मई 2025 को अपने गाँव के ही एक युवक अजीत कुमार के कहने पर उन्हें तिलैया छोड़ने जा रहे थे, जब रात्रि के लगभग 10 बजे चंचाल प्रवेश द्वार जंगल (नवलशाही) के समीप गंभीर स्थिति में पाए गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि नीलेश यादव की हत्या की गई है और एक्सीडेंट का रूप दिया गया है। उन्होंने गाँव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने पूरे गाँव में कैंडल मार्च निकालकर मृतक निलेश को श्रद्धांजलि अर्पित की। पंद्रह दिन से अधिक होने के बाद भी नवलशाही पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाने के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।

स्थानीय मुखिया प्रियंका देवी ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सुरक्षा और राज्य सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की। पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, अन्यथा नवलशाही थाना का चक्का जाम किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन में पूर्व मुखिया प्रवीण साव, नीतीश कुमार, दीपक सिन्हा, बीरेंद्र यादव, रामनाथ यादव, कमलेश यादव, गंगा सागर समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### 27 के धरना-प्रदर्शन सफल बनाएं झामुमो कार्यकर्ता- मिथुन गागराई

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड के कराईकेला पंचायत भवन में शुक्रवार को झामुमो की बैठक केन्द्रीय सदस्य मिथुन गागराई की अध्यक्षता में हुई. बैठक में 27 मई को सरना धर्म कोड की मांग को लेकर पुराना उपायुक्त कार्यालय के सामने आहूत धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की गई. धरना-प्रदर्शन बंदगांव प्रखंड के 13 पंचायत से अधिक से अधिक संख्या में लोगों के शामिल होने का निर्णय लिया गया. मिथुन गागराई ने कहा कि बंदगांव प्रखंड झामुमो का गढ़ रहा है .और यह प्रखंड आदिवासी बहुल क्षेत्र है. यहां के लोगों ने सदा ही अपने हक और अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है. और सरना कोड के लिए इस बार पुनः बंदगांव प्रखंड के आंदोलनकारी एवं ग्रामीण केंद्र सरकार से लड़ाई लड़ेंगे .उन्होंने कहा अलग झारखंड की लड़ाई भी बंदगांव प्रखंड के लोगों ने लड़ी थी.

# स्मार्ट मीटर लगते ही सोलर से जगमग हो उठेगी गिरिडीह सिटी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



सूबे के मंत्री और गिरिडीह से विधायक सुदिव्य कुमार ने पूरे गिरिडीह शहर को सोलर सिटी बनाने का वादा किया है. वादा के मुताबिक जगह-जगह सोलर पोस्ट भी लगा है. निगम क्षेत्र के 35 सौ घरों में सोलर प्लांट लगा दिया गया है. लेकिन तकनीकी अड़चनों के कारण ज्यादातर घरों में सोलर से ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हो सकी है. इसके पीछे सबसे बड़ा कारण घरों में मीटर का नहीं लगाया जाना रहा है. वहीं शहर में कई ऐसे घर हैं, जहां मीटर इंस्टॉल तो किया गया है. लेकिन उसे बिजली विभाग से जोड़ा नहीं जा सका है. ऐसी ही परेशानी का सामना सैकड़ों लोग कर रहे हैं. परेशानी को दूर करने का सख्त निर्देश भी मंत्री द्वारा संबंधित एजेंसी को दिए गए हैं. मंत्री के निर्देश के बाद अब काम को गति दी गई है और स्मार्ट मीटर से उन घरों को जोड़ने का काम शुरू किया गया है, जहां सोलर प्लांट लगाया गया है. सोलर प्लांट लगवा चुके तारामनी ग्रेगरी के यहां भी मीटर नहीं लगने की समस्या है. इनके घरवाले बताते हैं कि अक्टूबर में ही उनके घर में सोलर प्लांट लगाया गया है, लेकिन मीटर लगा नहीं है. ऐसे में कुछ फायदा नहीं हो रहा है. उन्होंने कहा कि एजेंसी से बात करने पर कहा जाता है कि जल्द ही मीटर लग जाएगा. इलाके के मुन्ना बताते हैं कि उनके तरह कई घर है, जहां प्लांट लगाया गया, लेकिन मीटर नहीं लगा है. गिरिडीह सोलर सिटी के इंचार्ज रविशंकर से बात की गई. उन्होंने बताया कि गिरिडीह नगर निगम क्षेत्र में 35 सौ से अधिक घरों में कनेक्शन दिया गया है. मीटरिंग की समस्या के कारण कई घरों के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है. जिसे दुरूस्त करने का पूरा प्रयास चल रहा है. रविशंकर ने बताया कि हमें घरों में प्लांट इंस्टॉल करना था. जिसके बाद आगे मीटर हमलोग ही देते, लेकिन मीटर लगाने की प्रक्रिया खुद बेनिफेसरी को ही करना था. उन्हें फीस भी जमा करना था, लेकिन ग्राहक इस प्रक्रिया को करने में असफल हो रहे थे. ऐसे में एजेंसी ने ही प्रकिया पूरी की है.

### युवा कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने किया छोटनागपुर डिजनीलैंड मेले का उद्घाटन

**लोहरदगा।** लोहरदगा शहर के न्यू रोड मेनका सिनेमा हाल के समीप छोटनागपुर डिजनीलैंड मेला का उद्घाटन युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने किया, उद्घाटन के दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। डिज्नीलैंड मेला के मुख्य द्वार को काफी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। जो पूरे शहर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेला प्रबंधन अराफ़ात अंसारी ने बताया कि हमारे मेले में सबसे बड़ी बात यह है कि बड़े बड़े और आकर्षक झूले लगे है। बच्चे के खेलने के लिए घूमने के लिए अनेकों चीजों की उपलब्धता है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे मेले में कम से कम बीस से ऊपर स्टॉल लग रहे हैं। हमारे मेले में कई शहरों से विभिन्न प्रकार की दुकानें आ रही है।

### आंगनबाड़ी की समस्याओं को सुधीर मंगलेश ने समाज कल्याण पदाधिकारी से की मुलाकात



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने शुक्रवार को रामगढ़ की जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने दुलमी प्रखंड अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में व्याप्त समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। मुलाकात के दौरान मंगलेश ने आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषाहार वितरण में अनियमितता, चावल की अनियमित आपूर्ति, और अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधाओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की मंशा है कि महिला एवं बाल विकास योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभुक तक समय पर पहुंचे, लेकिन जमीनी स्तर पर कई केंद्रों में इस दिशा में समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो ने अध्यक्ष की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सभी मुद्दों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति का जायजा लेकर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी ताकि लाभुकों को सुचारू रूप से पोषण और सेवाएं मिल सकें। मंगलेश ने उम्मीद जताई कि विभाग की तत्परता से दुलमी प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में शीघ्र सुधार होगा। साथी सुधीर मंगलेश ने दुलमी प्रखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र जिसमें सेविका सहायिका नहीं है उसमें जल्द चयनित करने की मांग किया।

## दुमका के बासुकीनाथ मंदिर की बढ़ाई गई सुरक्षा

# यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**



जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा द्वारा बासुकीनाथ मंदिर का भी वीडियो शूट किया गया था. इसको लेकर बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है. अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मंदिर की सुरक्षा में लगाया गया है. साथ ही मंदिर के इर्द-गिर्द सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, ताकि मंदिर परिसर की गतिविधियों को देखा जा सके. बता दें कि वर्ष 2023 में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने सुल्तानगंज से लेकर देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर का वीडियो शूट किया था. जासूसी के आरोप में उसकी गिरफ्तारी के बाद देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और जिला प्रशासन अलर्ट है. आपको बता दें कि झारखंड की उपराजधानी दुमका से करीब 24 किलोमीटर की दूरी पर दुमका-देवघर मुख्य मार्ग पर बाबा बासुकीनाथ धाम का मंदिर है. यूं तो यहां सालोंभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, लेकिन श्रावण माह के दौरान यहां काफी भीड़ उमड़ती है. यहां बिहार के उत्तरवाहिनी अजगैबीनाथ से जल लेकर श्रद्धालु देवघर के बैद्यनाथ धाम के रास्ते बाबा बासुकीनाथ तक पहुंचे हैं. पिछले दिनों आईएसआई के लिए काम के आरोप में हरियाणा निवासी यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद अचानक से बासुकीनाथ धाम मंदिर और बैद्यनाथ धाम मंदिर सुर्खियों में आ गया है. ज्योति मल्होत्रा ने वर्ष -2023 में इन तीनों धार्मिक स्थलों की यात्रा की थी और मंदिर परिसर में वीडियो बनाकर यू-ट्यूब पर अपलोड किया था. जिसमें सुल्तानगंज का अजगैबीनाथ मंदिर, बैद्यनाथ धाम मंदिर बासुकीनाथ मंदिर और जसीडीह रेलवे स्टेशन का विस्तार पूर्वक चित्रण किया गया था.

### 36वां प्रांतीय खेलकूद कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता में विद्या मंदिर ने परचम लहराया

**लोहरदगा।** विद्या विकास समिति द्वारा आयोजित सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली , हजारीबाग में 36वां प्रांतीय खेलकूद कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता संपन्न हुआ। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वंदना सभा में प्रतिभागी भैया- बहनों को सम्मानित किया गया। जिसमें अंडर 17 किशोर वर्ग भैया ने विद्या मंदिर गुमला को पराजित कर शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के अंडर-17 भैया बने प्रथम विजेता। अंडर-14 खो -खो बाल वर्ग बहनें उपविजेता बनी। भैया -बहनों के इस उपलब्धि पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार , प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल,सचिव अजय प्रसाद , प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास , शारीरिक आचार्य जोधन सिंह एवं समस्त प्रबंधकारिणी समिति ने भैया -बहनों के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरोग रहने की शुभकामना देते हुए क्षेत्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आशीर्वाद दिया।

## आदिवासी परिवार की जमीन पर कब्जा

# पीड़ितों ने डीसी से लगाई न्याय की गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

गोमिया प्रखंड के अय्यर गांव में आदिवासियों और एक समुदाय विशेष के बीच उत्पन्न भूमि विवाद तूल पकड़ता जा रहा है. इस मामले को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास वहां पहुंचे थे और आदिवासियों को आंदोलन करने की बात कही. इस बीच चंदनकियारी से पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी पीड़ितों के साथ बोकारो डीसी कार्यालय पहुंचे. उन्होंने पीड़ितों के साथ पूरे मामले को रखने का काम किया. इस मामले में डीसी विजया जाधव ने एसडीएम की अगुवाई में जमीन की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देने की बात कही है. पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी ने कहा कि आदिवासियों की जमीन पर एक समुदाय विशेष द्वारा कब्जा करने के बाद, जबरन घर बनाया जा रहा है और विरोध करने पर मारपीट की जा रही है. बताते चलें कि इसी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने ग्रामीणों से बात कर आंदोलन करने की बात कही थी. पूर्व विधायक अमर बाउरी ने बताया कि मामले की जानकारी डीसी को दे दी गई है डीसी ने मामले की जांच और जमीन की मापी करने की बात कही है.


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची।**

पत्रांक 1998 रॉंची, दिनांक 22.5.2025

**आवश्यक सूचना।**

कार्यालय के ई–निविदा संख्या 1841 दिनांक 14.5.2025 जो साफ–सफाई की व्यवस्था हेतु बाह्य स्त्रोत एजेन्सी के चयन हेतु ई–निविदा प्रकाशित किया गया था जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। ई–निविदा संख्या 1841 दिनांक 14.5.2025 का PR-352522 ( Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D) है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची।

PR 353351 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)


## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भूगोल विभाग के विद्यार्थी ग्रामीण सर्वे के लिए हुए रवाना

**हजारीबाग।** जी.एम. महाविद्यालय हजारीबाग के भूगोल विभाग के सेमेस्टर 5 के विद्यार्थी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रम के अनुसार भूमि उपयोग सर्वे के लिए इचाक प्रखंड के विभिन्न गांव खुटरा,सिजवा, हुटपा, रूद, गदोखर, डुमरौन, कालाद्वार,दरिया एवं सदर प्रखंड अंतर्गत सिंदूर, रोला, दारू, सलगाँव, चानो, खपरियावां, सिलवार, मंडाय खुर्द, सिंघानी इत्यादि गांव गए। ग्रामीण सर्वेक्षण के लिये चार विद्यार्थियों का समूह बनाया गया है। ग्रामीण सर्वेक्षण का निर्देशन भूगोल विभाग के शिक्षक रेयाज अहमद तथा संजीत कुमार ने किया। महाविद्यालय के सचिव, प्राचार्य एवं शिक्षकों ने महाविद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियो को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देकर हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार ने ग्रामीण सर्वेक्षण के महत्व को बताया।

# पुलिस टीम ने 25.709 किलोग्राम गांजा किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

एसपी अजय कुमार ने 23 मई को प्रेस वार्ता को संबोधित किया । प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि 22 मई को उन्हें गुप्त सूचना मिली की दो युवक रांची से गांजा लेकर पतरातु आने वाले है जो पतरातु रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़कर दिल्ली जाने वाले है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा पतरातु रेलवे स्टेशन आने वाले सभी मार्गों पर निगरानी रखते हुए चेकिंग किया जाने लगा। इसी क्रम में गरैवाटांड से पतरातु रेलवे स्टेशन जाने वाले पीसीसी सड़क पुतरिया नदी पुल के पास दो व्यक्ति पुलिस को चेकिंग करता देख भागने लगे। जिन्हें पुलिस बल द्वारा खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़े व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम 1. शत्रुधन कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता-राजन राय, ग्राम-सिकंदरा, थाना-बाढ़, जिला-पटना (बिहार) वर्तमान पता-रोड नं0-02 खटाल पीटीपीएस पतरातु थाना-पतरातु, जिला-रामगढ़ एवं 2. लालु कुमार उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-राजेश्वर यादव, सा०-लक्ष्मीपुर महाराजगंज, थाना-पंडरा, जिला-पटना (बिहार) बताये ।आगे बताया कि हमलोगों के बैग में गांजा है जिसे हमलोग भुनेश्वर से ट्रेन व बस के माध्यम से रांची होते हुए पतरातु स्टेशन लाते है और यहां से ट्रेन से दिल्ली ले जाकर सकरपुर चार खम्भा, दिल्ली के पास के एक दुकान मे पहुंचाते है । उसी के द्वारा हमलोग को भुनेश्वर (उड़ीसा) भेजा जाता था। दिल्ली वाले व्यक्ति का आदमी हमलोग को गांजा देता था।

### पुलिस ने इन व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

1. शत्रुधन कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता-राजन राय, ग्राम-सिकंदरा, थाना-बाढ़, जिला-पटना (बिहार) वर्तमान पता-रोड़ नं0-02 खटाल पीटीपीएस पतरातु, थाना-पतरातु जिला-रामगढ़। 2. लालु कुमार उम्र करीब 19 वर्ष, पिता-राजेश्वर यादव, सा0-लक्ष्मीपुर महाराजगंज, थाना-पंडरा, जिला-पटना (बिहार) का रहने वाला है।

**जब्त सामान का विवरण:** 1. गांजा कुल 25.709 कि0ग्रा0, 2. मोबाईल-02, 3. बैग-05 शामिल हैं। छापामारी टीम दल में पतरातू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी, पतरातू अंचल पुनि सत्येंन्द्र कुमार सिंह, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, पुअनि अजीत कुमार, पुअनि विक्रम तिग्गा, पुअनि शिवा कच्छप, आ0/539 सुभान अंसारी, आ0/72 मुकेश कुमार मेहता, आ0/361 संतोष कुमार, आ0/507 महेश कुमार, अंगरक्षक, आ0/394 बंटी कुमार सहित पुलिस बल शामिल थे।

### तेज आंधी-बारिश से राजदोहा गांव में तबाही, बाल-बाल बचे तीन परिवार

**जादूगोड़ा।** बीती रात आई तेज आंधी और मूसलधार बारिश ने जादूगोड़ा के राजदोहा गांव में भारी तबाही मचाई. तेज हवाओं के चलते बिजली के खंभे और एक विशाल पेड़ उखड़कर सीधे तीन घरों की एस्बेस्टस की छत को तोड़ते हुए अंदर घुस गए. सौभाग्यवश इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और दिगंबर हांसदा, भूटी सरदार व गिडू सरदार समेत उनके परिवार सुरक्षित बच गये. घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र की मुखिया अनीता मुर्मू, जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय दास और भाजपा नेता लव सरदार घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर सरकार से शीघ्र मुआवजे की मांग की. प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द राहत नहीं पहुंचाती, तो वे आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे. मुखिया ने बताया कि गांव के समीप स्थित तालाब के कारण बड़ा हादसा टल गया. अगर बिजली के खंभे तालाब में गिरते, तो जानमाल का गंभीर नुकसान हो सकता था मुखिया अनीता मुर्मू ने बताया कि गांव में वर्षों पुराने बिजली के खंभे अभी भी लगे हुए हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, रॉंची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–25/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 03.06.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.06.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.06.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of C type Quarter (Block-4) at Hotwar Jail Campus in the District Ranchi | 3326600 | 66600 | 5000 | Two Months |
| 2 | Renovation work of C type Quarter (Block-3) at Hotwar Jail Campus in the District Ranchi | 3345300 | 67000 | 5000 | Two Months |
| 3 | Renovation of 1000 MT Godown at Lapung Block Campus, Ranchi | 2454200 | 49100 | 5000 | Two Months |
| 4 | Renovation of 1000 MT Godown at Kanke Block Campus, Ranchi | 2411300 | 48300 | 5000 | Two Months |
| 5 | Renovation of 1000 MT Godown at Itki Block Campus, Ranchi | 2388000 | 47800 | 5000 | Two Months |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown at Chanho Block Campus, Ranchi | 2472600 | 49500 | 5000 | Two Months |
| 7 | Renovation of three numbers of Godown at Bero Block Campus, Ranchi | 2404900 | 48100 | 5000 | Two Months |
| 8 | Renovation of Godown at Mandar Block Campus, Ranchi | 2474900 | 49500 | 5000 | Two Months |
| 9 | Renovation of 250 MT Godown and 1000 MT Godown in Nagri Block Campus, Ranchi | 2491700 | 49900 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, रॉंची।

PR 353362 (Building) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं सब रोगों को स्वास्थ्य नियमों के मेरे उल्लंघन का परिणाम मानूँगा और इस दोष को मैं उचित आहार, कम आहार, उपवास, अधिक व्यायाम, एवं उचित विचारों के द्वारा दूर करने का प्रयत्न करूँगा। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# मुद्दे नेता तलाश लेते हैं और नेता मुद्दे

देश का मूड जो न भांप पाए वो नेता ही क्या? आजतक भारत में यही होता आया जिसने जनता को समझा राज किया जबकि कुछ नेता लालच, भय या जाति धर्म वर्ग की राजनीति पैदा करते हैं।हमारा निर्वाचित ताकतवर नेता, चाहे वह वामपंथी हो या दक्षिणपंथी, हालांकि अधिकांशतः दक्षिणपंथी धड़े के समर्थन से, एक कमजोर नेतृत्व द्वारा कुशासन की विरासत के प्रति आक्रोशित राष्ट्र की प्रतिक्रिया से पैदा हुआ है। जब वह किसी राष्ट्र की आहों और दुखों का उत्तर देने का साहस करता है, तो वह जनादेश को एक अनुबंध (प्रतिज्ञापत्र) में बदल देता है। यह एक ऐसा साहस है, जो ईश्वरीय भावना के आरोप का जोखिम उठाता है, यह नेता को लोगों की चिंताओं और आकांक्षाओं तक सीधी पहुंच भी प्रदान करता है। शक्तिशाली नेता पहले से ही उद्धारकर्ता और विध्वंसक की आभा प्राप्त कर चुका है, तथा एक विशाल व्यक्तित्व में परिवर्तित भी हो चुका है, जिससे अखाड़े के बाकी सभी लोग निरर्थक हो चुके हैं। जब पश्चिम के दो प्रमुख लोकतंत्रों में ब्रेग्जिट वोट और ट्रंप-भूकंप के साथ सांस्कृतिक बदलाव आया, तो निर्णायक नेता की समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि और भी स्पष्ट हो गई। राष्ट्र ने प्रतिशोध के साथ जवाबी हमला किया, और प्रतिष्ठान की सुखद धारणाएं ध्वस्त हो गईं। वैचारिक गलियारे के दोनों ओर से परित्यक्त और अनाथ लोग अपने घर, अपने इतिहास और अपने भविष्य पर दावा करने के लिए उठ खड़े हुए। सामान्य राजनीति का स्थान राष्ट्रीय दायित्व की राजनीति ने ले लिया, तथा नियंत्रण वापस लेने का ब्रेग्जिट नारा ब्रिटेन से बाहर भी गूंजने लगा। फिर भी, आर्ची ब्राउन जैसे विद्वान यह तर्क दे सकते हैं कि मजबूत नेता आधुनिक युग का एक मिथक है, तथा बदलाव के वाहकों को आज अतिरिक्त अधिकार की नहीं, बल्कि सहानुभूतिपूर्ण सहभागिता की आवश्यकता है। और फिर ऐसे लेखक भी हैं, जो उदारवादी लोकतंत्र की प्रवृत्ति से चिंतित हैं और लोकतांत्रिक भाषा के जरिए तानाशाहों के खिलाफ चेतावनी दे रहे हैं। उनमें से अधिकांश लोग यह स्वीकार करने में विफल रहते हैं कि सांसारिक शक्ति लोकतंत्र द्वारा वैध मजबूत नेतृत्व को बनाए रखती है। वह नेता अपनी शक्ति का श्रेय उन लोगों को देता है, जो उसमें अपनी अधूरी संभावनाएं देखते हैं। जैसे कि नरेंद्र मोदी, जो लोकतंत्र में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सशक्त नेता हैं, तथा जिन्होंने राष्ट्र को यह विश्वास दिलाया है कि उनकी ताकत भारतीयों को सशक्त बना रही है। स्वतंत्रता के बाद से किसी अन्य नेता ने इतनी प्रामाणिकता के साथ भारत की लोकप्रिय गाथा बयां नहीं की है, जिसमें प्रत्येक भारतीय को राष्ट्र-निर्माता के रूप में कल्पित किया गया हो। उनके नेतृत्व की ताकत लोकतंत्र की सर्वोच्च उदारता-विश्वास से आती है। जब भारत पर जिहाद के प्रायोजक मुल्क द्वारा हमला किया जा रहा था, तो उनकी बताई कहानी को एक एक्शन थ्रिलर के रूप में अद्यतन किया गया, जिसमें वे मुक्तिदाता और विध्वंसक की भूमिका में थे, जिन पर भारतीय और भी अधिक भरोसा कर सकते थे। हिंदू संयम की पुरानी कहावत के स्थान पर अक्षम्य राष्ट्रवाद का प्रचलन हुआ, जिसके हिंदू लहजे का ऑपरेशन सिंदूर पर अधिक प्रभाव पड़ा-न कि केवल विचारोत्तेजक नामकरण में।



*राष्ट्र ने प्रतिशोध के साथ जवाबी हमला किया, और प्रतिष्ठान की सुखद धारणाएं ध्वस्त हो गईं।*

# बीएचयू का भाषाविज्ञान विभाग और मैं



भाग - 1

बीएचयू की बात



योगेन्द्रनाथ मिश्र

1973 में देवरिया से हिन्दी, संस्कृत तथा भूगोल विषयों के साथ बीए करको एमए करने के लिए मैं बनारस पहुंचा। हमेशा औसत दर्जे का छात्र रहा। परंतु उच्च शिक्षा का जुनून बचपन से रहा। बनारस पहुंचने के बाद पता चला कि परीक्षा के अंक इतने कम हैं कि बीएचयू के भूगोल विभाग में मेरा प्रवेश नहीं हो पाएगा। यह पहला झटका था। वहाँ दूसरी कोई ऐसी संस्था नहीं थी, जहाँ भूगोल में एमए होता हो। अब मैं क्या करता! मैं तो अपने गाँव से बनारस गया था पढ़ने के लिए। उस जमाने के हिसाब से कहूँ तो मेरे गाँव-घर की यह एक बहुत बड़ी घटना थी। मैं बनारस पढ़ने के लिए गया था। वापस गाँव तो जा नहीं सकता था। और जिस विषय की पढ़ाई मुझे करनी थी, उसमें प्रवेश मिलने वाला नहीं था। फिर मैंने हिन्दी में प्रवेश लेने का मन बनाया। परंतु हिन्दी में भी इतने कम अंक थे कि बीएचयू के हिन्दी विभाग में हिंदी में भी प्रवेश नहीं मिल सकता था। लोगों के बताने पर काशी विद्यापीठ में हिन्दी में प्रवेश ले लिया। निजी कारणों से एक साल परीक्षा नहीं दे पाया। और इस प्रकार सन् 1976 में तीन वर्षों में हिन्दी में एमए हो गया। एम ए में भी बहुत अच्छे अंक नहीं मिले। क्यों नहीं मिले, उसके अलग कारण थे। उनका उल्लेख यहाँ अप्रासंगिक होगा।परंतु आश्चर्य इस बात का था कि भाषाविज्ञान में डिस्टिंक्शन मिला था। एक साल बाद यानी 1977 में अखबार के एक पन्ने पर एक कोने में छपे एक समाचार पर मेरा ध्यान गया। लिखा था बीएचयू में इस वर्ष से एमए भाषाविज्ञान की कक्षाएँ शुरू होने वाली हैं। दूसरे दिन मैं बीएचयू पहुँचा। भाषाविज्ञान के एक अध्यापक डा. बीपी गुप्त से मुलाकात हुई। उनसे पता चला कि भाषाविज्ञान की पढ़ाई यहाँ अंग्रेजी माध्यम से होती है। मेरे उत्साह पर पानी फिर गया। मैं तो आठवीं तक अंग्रेजी पढ़े हुए था। मैं वापस आ गया। परंतु भाषाविज्ञान पढ़ने की मेरी ललक कम नहीं हो रही थी। मैं फिर दूसरे साल पहुँचा। इस बार भी डा. बीपी गुप्त से ही मुलाकात हुई। इस बार उन्होंने बताया कि पढ़ाई भले ही अंग्रेजी में होती हैं। परंतु परीक्षा आप हिन्दी में दे सकते हैं। मैंने विचार किया। पहले प्रवेश तो ले लें। नवंबर 1978 में मैंने प्रवेश ले लिया। मैं बीएचयू का छात्र बन गया। यह दूसरा बैच था। मेरे बैच में कुल सात छात्र थे।अंग्रेजी ज्ञान के बिना मैंने भाषाविज्ञान एमए की पढ़ाई कैसे पूरी की, वह अलग विषय है। हमें पढ़ाने वाले कुल तीन अध्यापक थे डा. सत्यस्वरूप मिश्र (सेक्शन इन्चार्ज इन्चार्ज हेड), डा. बीपी गुप्त (लेक्चरर) तथा डा. मिश्र जी की पत्नी डा. हरिप्रिया मिश्र (एड्हाक लेक्चरर)।डा सत्यस्वरूप मिश्र छठे दशक में बीएचयू से ही संस्कृत में एमए करके कलकत्ता चले गए थे। वहीं उन्होंने कम्पेरेटिव फिलालाजी में एमए तथा पीएचडी की और वहीं लेक्चरर हो गए। डा. सुनीतिकुमार चटर्जी तथा डा. सुकुमार सेन उनके गुरु रहे। सत्तर के बाद किसी वर्ष में (संभवतः सन् 1972 या 74 में) संस्कृत विभाग में रीडर बनकर वे पुनः बीएचयू आ गए। डा. गुप्त जी केलिफोर्निया (अमेरिका) से पीएचडी करके आए थे। वे बीएचयू के ही अंग्रेजी विभाग में लेक्चरर थे।

डा. मिश्र जी तथा गुप्त जी ने मिलकर पहले तो दो वर्ष का भाषाविज्ञान का डिप्लोमा कोर्स चलाया। डिप्लोमा कोर्स कितने वर्ष चला, वह मुझे याद नहीं। परंतु 1977 में वह डिप्लोमा कोर्स एमए कोर्स में बदल गया। एमए की कक्षा चलाने और परीक्षा लेने की अनुमति विश्वविद्यालय से उन्हें मिल गई थी। सारा कार्यालयी काम डीन आफिस से होता था।विभाग के बारे में यह सब जानकारियाँ कुछ छिपी हुईं नहीं थीं। यह सब जान लेने के बाद मुझ जैसे निरीह (मैं स्वयं को निरीह क्यों कह रहा हूँ, यह बताने का समय नहीं है) छात्र के मन में एक अजीब प्रकार की कल्पना ने जन्म लिया। कल्पना यह थी कि भाषाविज्ञान पूरा विभाग नहीं है। केवल सेक्शन है। केवल एमए की कक्षा चलाने की अनुमति मिली है। प्रयत्न किया जाए, विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने पूरा विभाग बनाने की माँग रखी जाए, तो संभव है, विभाग बन जाने के बाद मेरे लिए भी कोई जगह मिल जाए। और इस तरह एक छात्र के रूप में यह अभियान चलाने का मन ही मन मैंने निश्चय कर लिया। मैंने तय किया कि अपने द्वितीय वर्ष के मित्रों की विदाई के कार्यक्रम में उस समय के कला संकाय के डीन प्रो अंजनीकुमार बनर्जी (पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष) को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाऊँगा और मंच से उनके सामने अपना मंतव्य रखूँगा। यथासमय विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मैं ही कर रहा था। उसी बीच मौका देखकर मैंने मन की बात बनर्जी साहब के सामने रख दी। मैंने उनसे आग्रह किया कि वे एक अधिकारी के रूप में हमारे विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा दिलाने में हमारी मदद करें।यह मेरे अभियान की शुरुआत थी। परंतु आगे का कुछ पता नहीं था कि यह काम कौन करेगा? कैसे होगा? मैंने जब से होश सँभाला है, मैं अंतःप्रेरणा से ही अधिक संचालित होता रहा हूँ। बाद में दो-तीन बार बनर्जी साहब से मिला। परंतु उनमें जरा भी उत्साह मुझे नहीं दिखा। फिर मैं क्या करूँ, यह मेरी समझ में नहीं आ रहा था।थोड़े समय के बाद मुझे यह भी पता चला कि विभाग को पूरे विभाग का दर्जा मिलने में सबसे बड़ी कठिनाई कहाँ थी। सबसे बड़ी कठिनाई घर के अंदर ही थी। यानी इन्चार्ज हेड डा. सत्यस्वरूप मिश्र तथा लेक्चरर डा. बीपी गुप्त भले ही एक ही विभाग में थे। परंतु दोनों में कोई तालमेल नहीं था। मिश्र जी तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक भाषाविज्ञान के बहुत बड़े विद्वान थे। परंतु वे आधुनिक भाषाविज्ञान को कोई महत्त्व नहीं देते थे। डा. गुप्त जी आधुनिक भाषाविज्ञान के अच्छे जानकार थे। परंतु उनकी नजर मैं तुलनात्मक तथा ऐतिहासिक भाषाविज्ञान का कोई मूल्य न था। वे मिश्र जी का विरोध करते-करते विभाग का ही विरोध करने लग गए थे। मिश्र जी सीधे सादे, सिद्धांतवादी तथा थोड़े जिद्दी, परंतु सच्चे स्वभाव के व्यक्ति थे। नैतिकता उनका सबसे बड़ा गुण थी। उनमें चातुर्य का बहुत अभाव था। इसके परिणामस्वरूप उन्हें अलोकप्रियता ही मिली थी। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि फेकेल्टी मीटिंग में भाषा विभागों के लोग अपमान की हद तक उनका मजाक बनाते थे। उनमें सबसे अधिक मुखर हिन्दी के डा. भोलाशंकर व्यास हुआ करते थे।

ऐसी परिस्थिति में मैं समझ गया कि मुझे जो भी करना होगा, चुपचाप करना होगा। जब विभाग के एक स्तंभ यानी डा. गुप्त जी ही विभाग के विरुद्ध हैं, तो फिर क्या हो सकता है!खैर, प्रो बनर्जी से निराश होने के बाद मेरा ध्यान छात्रसंघ की ओर गया। उस जमाने में बीएचयू का छात्रसंघ बहुत शक्तिशाली हुआ करता था। उस वर्ष बीएचयू के छात्रसंघ के महामंत्री थे श्री महेन्द्रनाथ पांडेय (पूर्व केन्द्रीय मंत्री)। वे बीएचयू के बिड़ला छात्रावास में रहते थे। मेरी उनसे पुरानी पहचान थी। मैं उनसे मिला और अपना उद्देश्य बताया। मुझे पूरी उम्मीद थी कि कुछ बात बनेगी। एक महीने तक मैंने उनका दरबार किया। परंतु ऐसा कुछ भी न हो सका। फिर मैंने अंतः प्रेरणा से संचालित होकर सीधे विश्वविद्यालय प्रशासन का रुख किया। सोचा क्यों न अपना माँग-पत्र सीधे कुलपति को दूँ। आखिर अंतिम निर्णय तो उन्हें ही करना होगा। मैंने एक माँग-पत्र तैयार किया, जिसमें विभाग को पूर्ण विभाग का दर्जा देने, खाल दर्जा देने, खाली पद पर पर नियुक्ति कराने, पीएचडी की अनुमति देने, लैंग्वेज लैब की सुविधा देने जैसी कई माँगों का उल्लेख था। माँग-पत्र कुलपति कार्यालय में दे आया। पत्र में 'भवदीय' के नीचे 'योगेन्दनाथ मिश्र, छात्र प्रतिनिधि, भाषाविज्ञान विभाग' लिखा। महीने भर में तीन रिमाइंडर भी दिए। परंतु बात कुछ आगे बढ़ी नहीं। पुनः अंतःप्रेरणा से मैंने अगला निर्णय किया कि अब मुझे सीधे कुलपति से मिलना चाहिए। यह मैं अच्छी तरह से जानता था कि बीएचयू के कुलपति से मिलना सरल नहीं होता। समय लेना पड़ता है। **(क्रमशः)**

## नेता की मूंछ और सोच

हर साल 26 जनवरी आती है और जाती है। झंडा ऊपर जाता है, नेता नीचे बैठते हैं, और जनता वहीं खड़ी रहती है-जहाँ पिछले साल खड़ी थी। सरकारी स्कूल का बच्चा ठिठुरता हुआ कविता पढ़ता है-"जन-गण-मन अधिनायक जय हे..." और पीछे से मास्टर साहब उसकी ऊँची आवाज पर गौरवान्वित होकर मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं-"हाँ जी, हमने झंडा फहरवा दिया।" मोहल्ले का छुटभैया नेता बड़बड़ाता है-"फोटो में मैं कम दिखा, वो ज़्यादा... अगली बार झंडे की डोरी मैं पकड़ूंगा।" झंडे की डोरी पकड़ना, जैसे देश की सत्ता पकड़ना हो। और जो झंडे को झुकाता है, वो खुद झुकने का आदी होता है। गली के नुक्कड़ पर टेढ़े माइक से बजता है-"भारत महान है।" पास ही पानवाला कहता है-"बिल्कुल! तभी तो हमारा देश हर साल से भी पिछड़ा महान बनता जा रहा है।" एक बच्चा पूछता है-"पापा, भारत कब सुपरपावर बनेगा?" बापू आँखें चुराकर कहते हैं-"जब नेता अंग्रेजी बोलना छोड़ देंगे और जनता हिन्दी समझना शुरू कर देगी।" नेताओं के भाषणों में 'विकास' इतना आता है जैसे हर मुहावरे में 'कबाड़ा' आ जाए। विकास शब्द का इतना विकास हुआ है कि अब वह नालियों में भी घुस गया है, और बाहर आने का नाम नहीं लेता। सरकारी अस्पताल में डॉक्टर साहब की कुर्सी खाली है, पर उनकी कुर्सी पर प्लास्टिक का फूल गुलदस्ते में सजा है। मरीज कराहता है-"डॉक्टर को बुलाओ।" नर्स कहती है-"वो दिल्ली गए हैं- रैली में, जनसेवा के लिए।" मरीज की हँसी छूट जाती है-"मुझे मार दो बहनजी, मगर ये मत कहो कि वो सेवा कर रहे हैं।" पास में बैठा मरीज कहता है-"सेवा अब स्लोगन है, इलाज तो अब ईश्वर भरोसे ही चलता है।" अस्पताल के बाहर लगे बोर्ड पर लिखा है-"जनकल्याण योजना के तहत मुफ्त इलाज।" अंदर मरीज की जेब में दवाई की पर्ची और जेब में सिर्फ खामोशी होती है। एक गाँव में पुलिया टूटी है। बच्चे पानी में कूदकर स्कूल जाते हैं, और अफसर साहब कहते हैं-"जल यात्रा से बच्चों में तैराक बनने का हुनर पैदा होगा।" गाँव वाले तालियाँ बजाते हैं, क्योंकि ये टेंडर पास करवाने की कला का सजीव प्रदर्शन है। प्रधानजी कहते हैं-"हमने प्रस्ताव भेजा है...पिछली बार भी भेजा था, पर रद्दी में चला गया।" एक पत्रकार सवाल करता है-"आप जनता की सेवा कब शुरू करेंगे?" प्रधान जी मुस्कराते हैं-"जनता के वोटों की सेवा तो हमने चुनाव में ही कर दी थी।" किसान आत्महत्या करता है। उसकी जेब से सुसाइड नोट नहीं, बैंक नोट का फार्म निकलता है। सरकार कहती है-"हम दुखी हैं।" फिर अगली सुबह अखबार में विज्ञापन छपता है-"हम किसानों के साथ हैं।" किसान का बेटा कहता है-"बापू नहीं रहे, पर बैंक का लोन अब भी साथ है।" खेत में फसल सूखती है, और सरकार में मंत्री का बयान आता है-"इस साल फसल अच्छी रही है, हमने रिपोर्ट भेज दी है।" शायद रिपोर्ट में गेंहू की जगह फाइलें उगती हों।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा का स्मरण जरूरी है

देश की बात



रमेश शर्मा

अमर बलिदानी करतार सिंह सराभा क्रांतिकारियों के आदर्श थे। सुप्रसिद्ध सरदार भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु और प्रेरणास्त्रोत मानते थे। उन्नीस वर्ष की आयु में जब करतार को फांसी पर चढ़ाया गया तब उन्होंने कहा था कि मुझे गर्व है कि मैं अपने पूर्वजों की परंपरा के अनुरूप मातृभूमि के लिए प्राण दे रहा हूं। ऐसे अमर बलिदानी क्रांतिकारी करतार सिंह का जन्म 24 मई, 1896 को लुधियाना जिले के ग्राम सराभा में हुआ था। इनके पिता मंगल सिंह गांव के एक संपन्न और प्रतिष्ठित किसान थे। माता साहिब कौर धार्मिक विचारों की महिला थीं और गुरुद्वारे से जुड़ी थीं। करतार सिंह अभी केवल पांच वर्ष के थे कि उनके माता-पिता का देहान्त हो गया। उनका पालन पोषण उनके दादाजी ने किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा खालसा स्कूल लुधियाना में हुई। उनके चाचा ओडिशा में रहते थे। आगे की पढ़ाई के लिए चाचा के पास गए। चाचा ने उन्हे पढ़ने के लिए सैन फ्रांसिस्को भेज दिया। तब उनकी आयु केवल चौदह वर्ष थी। उन्होंने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के प्रवेश लिया। कैलिफोर्निया में वातावरण अलग था। वहां अंग्रेज और अन्य गोरे यूरोपियंस लोग भारतीयों सहित सभी काले रंग के नागरिकों को हेय दृष्टि से देखते थे। भारतीयों को दास कहा जाता था। चलते-फिरते अपमान हो जाना सामान्य बात थी। इस भाव के प्रति भारतीय छात्रों में रोष था। लेकिन खुलकर विरोध न हो पा रहा था। इस वातावरण ने करतार सिंह के विचारों की दिशा बदल दी। वे पढ़कर उच्च पद पाने की बजाय भारतीयों की प्रतिष्ठा और आत्म सम्मान रक्षा के उपायों पर विचार करने लगे। सैन फ्रांसिस्को में उन्हें समान विचार के अन्य छात्र भी मिले। इन सब छात्रों का एक समूह बन गया। भारतीय छात्र अकसर अपनी समस्याओं पर चर्चा करते और एक दूसरे से अपने दुख साझा करते थे। कनाडा और अमेरिका के प्रशांत तटों पर बसने वाले भारतीय आप्रवासियों का एक समूह बन गया जिसने अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का संकल्प लिया। इन सभी भारतीयों का मनोभाव "करो या मरो" की सीमा तक दृढ़ हो गया। करतार सिंह अपनी कार्यशैली से बहुत शीघ्र इस राष्ट्रप्रेमी समूह के अग्रणी सदस्य बन गए। यहीं इस जाग्रति अभियान के साथ सशस्त्र क्रांति की तैयारियां भी आरंभ हुईं। अपनी सक्रियता के साथ उनका संपर्क लाला हरदयाल से हो गया। करतार सिंह उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़े। लाला हरदयाल गदर पार्टी के संस्थापकों में से एक थे। 1913 में उन्होंने सोहन सिंह भकना, पंडित कांशी राम, हरनाम सिंह टुंडीलाट आदि के साथ मिलकर 1913 में गदर पार्टी की स्थापना की थी। गदर पार्टी सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से भारत की मुक्ति का अभियान चला रही थी। इस संगठन का मुख्यालय सैन फ्रांसिस्को में ही था। लालाजी के माध्यम से करतार सिंह इससे जुड़ गए। पोर्टलैंड में हुए गदर पार्टी के सम्मेलन में भी करतार सिंह शामिल हुए। वहां 'युगान्तर आश्रम' की स्थापना में करतार सिंह की भूमिका महत्वपूर्ण थी। क्रांति के लिए साप्ताहिक समाचार पत्र गदर का प्रकाशन आरंभ हुआ। करतार सिंह ने अपने घर से पढ़ाई के लिए आए 200 पौंड इस समाचार पत्र प्रकाशन के लिए लाला जी को दे दिए। इस पत्र में अन्य सामग्री के साथ भारत में हुई 1857 की क्रांति की भी प्रेरक सामग्री होती थी। इससे नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होता। उन्हीं दिनों प्रथम विश्व युद्ध आरंभ हो गया। तब करतार सिंह भारत आ गए। जनवरी 1914 में समाचार पत्र गदर का गुरुमुखी संस्करण आरंभ हुआ। लाला हर दयाल इसके संपादक और करतार सिंह उप संपादक बने।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

एक नदी, लहरें कई, उलझ रहीं हर घाट।
नावें सहमी देखकर, वक्त नदी का पाट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दक्षिण अफ्रीका की गरिमा बनाम अमेरिका की आक्रामकता

अलग बात



प्रो. आरके जैन

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में जब दो राष्ट्राध्यक्ष आमने-सामने बैठे, तो वह क्षण केवल एक कूटनीतिक मुलाकात नहीं था - यह वैश्विक मंच पर उभरते तनाव, ध्रुवीकरण और सत्ता के खेल का एक सशक्त चित्र था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के बीच यह टकराव न केवल दो व्यक्तित्वों की भिड़ंत थी, बल्कि यह आज की दुनिया में कूटनीति के बदलते स्वरूप, तथ्यों की अनदेखी और भावनात्मक उकसावे की बढ़ती प्रवृत्ति का प्रतीक बन गया। यह घटना एक चेतावनी थी—वैश्विक नेतृत्व अब संयम और समझदारी की राह छोड़कर सनसनीखेज आरोपों और राजनीतिक हथकंडों की ओर बढ़ रहा है। ट्रंप ने जिस आक्रामकता के साथ दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों पर कथित अत्याचार और नरसंहार का मुद्दा उठाया, वह राजनयिक शिष्टाचार को तार-तार करने वाला था। कुछ चुनिंदा वीडियो फुटेज, जिनकी न तो कोई आधिकारिक पुष्टि थी और न ही गहन जांच, ट्रंप ने रामाफोसा के सामने रखे और सख्त लहजे में घोषणा की कि अमेरिका इस मामले को गंभीरता से ले रहा है। यह जल्दबाजी भरा कदम स्पष्ट रूप से उनके घरेलू वोटबैंक को उत्तेजित करने की रणनीति का हिस्सा था। अमेरिका में नस्लीय तनाव पहले से ही चरम पर है, और ट्रंप ने इस अंतरराष्ट्रीय मुद्दे को उठाकर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश की। यह उनके उस पुराने पैटर्न का हिस्सा था, जिसमें वे वैश्विक मंच को अपने राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके विपरीत, सिरिल रामाफोसा ने संयम और तथ्यों के साथ जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि दक्षिण अफ्रीका में हिंसा का शिकार केवल श्वेत किसान नहीं, बल्कि अश्वेत समुदाय भी उतना ही प्रभावित है। रामाफोसा ने तर्क दिया कि अगर श्वेतों का नरसंहार जैसी स्थिति होती, तो देश के प्रमुख श्वेत उद्यमी, खिलाड़ी और प्रभावशाली लोग देश छोड़कर चले जाते। इसके बजाय, उन्होंने देश के साथ खड़े रहकर अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। यह जवाब न केवल ट्रंप के एकपक्षीय आरोपों को खारिज करता था, बल्कि यह भी दर्शाता था कि रामाफोसा अपने देश की जटिल सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को समझते हैं और उसे वैश्विक मंच पर गरिमा के साथ प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। यह मुलाकात केवल दो नेताओं के बीच तकरार नहीं थी; यह वैश्विक नेतृत्व की बदलती प्रकृति का एक दर्पण थी। दक्षिण अफ्रीका, जो रंगभेद के काले अध्याय से उबरकर लोकतंत्र और समानता की राह पर बढ़ रहा है, ऐसे में बिना पूर्ण तथ्यों के नरसंहार जैसे गंभीर आरोप लगाना न केवल उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि वैश्विक समुदाय में भ्रम और तनाव को बढ़ावा देता है। ट्रंप के सबूत—चुनिंदा वीडियो और अपुष्ट रिपोर्ट्स—दक्षिण अफ्रीका की जटिल वास्तविकता का संपूर्ण चित्र नहीं पेश करते। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति को उजागर करता है, जहां तथ्यों की जगह सनसनीखेज दावे और भावनात्मक उकसावे हावी हो रहे हैं। यह घटना एक गंभीर सवाल उठाती हैः क्या वैश्विक नेता अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए किसी देश पर आरोप लगाने से पहले समुचित जांच करते हैं? कूटनीति का आधार तथ्य, संवाद और आपसी समझ है, लेकिन ट्रंप का रवैया इसे कमजोर करता है। उनकी आक्रामकता और एकतरफा दृष्टिकोण ने राजनयिक शिष्टाचार को नजरअंदाज किया और यह संकेत दिया कि वैश्विक मंच पर अब संयम की जगह टकराव और ध्रुवीकरण ने ले ली है। रामाफोसा का संतुलित जवाब, इसके उलट, एक ऐसे नेतृत्व का प्रतीक है, जो न केवल अपने देश की गरिमा की रक्षा करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय देता है। आज की दुनिया में, जहां सूचनाएं पलक झपकते फैलती हैं, नेताओं की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे तथ्यों को प्राथमिकता दें और सनसनीखेज दावों से बचें। ट्रंप का यह कदम उनके उस दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें वे वैश्विक मुद्दों को अपने घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए हथियार बनाते हैं। यह न केवल कूटनीति के सिद्धांतों के खिलाफ है, बल्कि वैश्विक समुदाय में अविश्वास को भी बढ़ाता है। दक्षिण अफ्रीका जैसे देश, जो अपने इतिहास की जटिलताओं से जूझते हुए समावेशी समाज की ओर बढ़ रहे हैं, वैश्विक मंच पर सम्मान और संवेदनशीलता के हकदार हैं। ट्रंप का रवैया इस संवेदनशीलता की अनदेखी करता है और एक ऐसी दुनिया की ओर इशारा करता है, जहां तथ्यों से ज्यादा भावनाएं और ध्रुवीकरण प्रभावी हो रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# 'ऑपरेशन सिंदूर' पीएम मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतीक : शाह

## गृहमंत्री ने कहा, यह मिशन भारत की सैन्य ताकत और नेतृत्व क्षमता की मिसाल है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सैन्य शक्ति और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आज यह अलंकरण समारोह ऐसे समय में हुआ है जब बीएसएफ और सेना पूरे विश्व के सामने साहस का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सेना की मारक क्षमता के अद्भुत समन्वय का परिणाम है। जब ये तीनों एक साथ आते हैं, तो हमें ऑपरेशन सिंदूर मिलता है। अमित शाह ने अपने संबोधन में बीएसएफ की ऐतिहासिक भूमिका को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 1965 के युद्ध के बाद सीमा सुरक्षा की कमियों को देखते हुए एक ऐसे बल की आवश्यकता महसूस हुई, जो शांति काल में भी सीमाओं की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। इस आवश्यकता ने बीएसएफ के गठन को जन्म दिया। बीएसएफ के संस्थापक निदेशक केएफ रुस्तमजी को याद करते हुए अमित शाह ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल को भारत की दो सबसे चुनौतीपूर्ण सीमाओं पाकिस्तान और बांग्लादेश की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया, जिसे बीएसएफ ने बखूबी निभाया है। गृह मंत्री ने बीएसएफ और भारतीय सेना के साहस की सराहना करते हुए कहा कि यह समारोह ऐसे समय में हो रहा है, जब ये बल विश्व के सामने साहस और शौर्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।



### पाक प्रायोजित आतंकवाद पर करारा जवाब

- पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर मारा।
- इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंक के खिलाफ सटीक और सीमित जवाब दिया।
- शाह ने कहा कि भारत का जवाब बाकी देशों से अलग, संतुलित और उद्देश्यपूर्ण था।

### अमित शाह का खुलासा : 100 किलोमीटर अंदर घुसकर दी पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 22वें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि दशकों से देश आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई हमले किए, लेकिन उसका माकूल जवाब नहीं मिला। 2014 में जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने, तो उरी में पहला बड़ा हमला हुआ, जिसमें हमारे जवानों को निशाना बनाया गया और हमने दुश्मन के इलाके में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक से जवाब दिया। जब पुलवामा हमला हुआ, तो भारतीय सेना ने हवाई हमले के जरिए कड़ा जवाब दिया।

#### एक बार फिर हमने आतंकी ठिकानों को खत्म कर दिया

जब यह तय हुआ कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं - बांग्लादेश और पाकिस्तान की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई और आपकी क्षमताओं को देखते हुए, आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादियों ने हमारे लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि इसका उचित जवाब दिया जाएगा और आज यह जवाब स्पष्ट है।

---

## सीतारमण पर केस
### आप नेता की पत्नी ने की शिकायत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली की एक अदालत ने कल आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती की पत्नी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि मामले में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के एसीजेएम पारस दलाल ने सीतारमण को 12 जून को दोपहर 12:30 बजे के लिए नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि मामला संज्ञान के चरण में है और धारा 223 बीएनएसएस के पहले प्रावधान के अनुपालन में, प्रस्तावित आरोपी को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। शिकायतकर्ता लिपिका मित्रा ने बीएनएस, 2023 की धारा 356(1) और 356(2) के तहत अपराध करने का आरोप लगाते हुए आपराधिक मानहानि का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उनके खिलाफ अपमानजनक, अपमानजनक और मानहानिकारक टिप्पणियां करने और प्रकाशित करने के लिए सीतारमण ने यूट्यूब पर प्रकाशित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मानहानिकारक, झूठे और दुर्भावनापूर्ण बयान दिए है।



- राउज एवेन्यू कोर्ट ने भेजा नोटिस

---

## राहुल गांधी को निशिकांत दुबे ने याद दिलाया 1991 वाला समझौता

### पूछा- क्या यह देशद्रोह है?

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सवाल करने के लिए पाखंड का आरोप लगाया। दुबे ने कांग्रेस समर्थित सरकार के दौरान हस्ताक्षरित 1991 के भारत-पाक सैन्य पारदर्शिता समझौते का हवाला देते हुए कांग्रेस के पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ लंबे समय से जुड़े होने को उजागर किया। एक्स पर एक पोस्ट में, दुबे ने दावा किया कि 1991 के समझौते में भारत और पाकिस्तान सैन्य आंदोलनों के बारे में जानकारी साझा करने पर सहमत हुए थे, यह सुझाव देते हुए कि कांग्रेस पार्टी ने एक बार पाकिस्तान के साथ सुरक्षा पारदर्शिता का समर्थन किया था। निशिकांत दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है । 1991 में आपकी पार्टी समर्थित सरकार ने यह समझौता किया कि किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी का आदान प्रदान भारत व पाकिस्तान एक दूसरे से करेगा। क्या यह समझौता देशद्रोह है? कांग्रेस का हाथ पाकिस्तानी वोट बैंक के साथ, विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी आपको शोभा देता है? उन्होंने समझौते के नोट्स भी एक्स पर साझा किए हैं।

वहीं, भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद से ही देश में इसको लेकर सियासत तेज है। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का एक हिस्सा शेयर करते हुए इनसे तीन सवाल पूछे हैं।



### सिर्फ इतना बताइए

1. आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया?
2. ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी?
3. आपका ख़ून सिर्फ़ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

---

## पीएम मोदी के रहते दूसरे गठबंधन में नहीं जा सकता : चिराग पासवान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के साथ केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की मुलाकात ने सियासी गलियारों में हलचल पैदा कर दी। राजनीति गलियारों में चर्चा होने लगी कि क्या तेजस्वी और चिराग एक साथ आ सकते हैं! राजनीति के गलियारों में लगाए जा रहे इन कयासों को केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सिरे से नकार दिया है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अगर दूसरे गठबंधन में मुझे जाना होता तो मैं साल 2020 में जा सकता था। 2020 में जब मैं गठबंधन से अलग हुआ था, तो मैं किसी वैकल्पिक गठबंधन में जा सकता था। संभव है कि मेरा प्रदर्शन बहुत ज्यादा बेहतर रहता और बिहार में हमलोग एक मजबूत स्थिति में होते। पर उस वक्त भी मैंने गठबंधन से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ना पसंद किया, किसी का वैकल्पिक गठबंधन नहीं बना। मीडिया में जिस वीडियो का जिक्र किया जा रहा है, तो मैं साफ कर देना चाहता हूं कि तेजस्वी मेरे छोटे भाई हैं, उनके परिवार को हमेशा मैंने अपना परिवार माना है। लालू प्रसाद यादव मेरे लिए पिता जैसे और राबड़ी देवी मां जैसी हैं।



चिराग पासवान ने आगे कहा कि इस बात को हमेशा मैंने स्वीकार किया है। ऐसे में वो परिस्थिति जहां पर उनसे मेरी मुलाकात हुई, ये भी भारत के लोकतंत्र की उन खूबसूरत तस्वीरों में से है, जहां पक्ष, विपक्ष सब एकजुट होकर हमारे शहीद और उनके परिवारों के लिए खड़ा है। जहां वो भी उस शहीद परिवार से ही मिलने गए थे, जिन्होंने अपनों को खोया, वहीं मैं भी पहुंचा था। इस दौरान उनसे मुलाकात हुई। चिराग ने कहा कि एनडीए का गठबंधन काफी मजबूत है। हम लोग मजबूती के साथ बिहार विधानसभा चुनाव में जाएंगे। उपचुनाव परिणाम से हम लोगों में उत्साह बढ़ा हुआ है।

---

## विकास कार्यों और संगठन को लेकर अहम होगा पीएम मोदी का बिहार दौरा : दिलीप जायसवाल

**पटना।** 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को पहली बार बिहार के दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। चुनावी साल के बीच पीएम मोदी का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 30 मई को विशाल जनसभा भी संबोधित करेंगे। इसी बीच पीएम मोदी के बिहार दौरे को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस को अहम जानकारी दी। दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 29 मई को बिहार दौरे पर आएंगे, जहां वह पटना के नवनिर्मित एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ-साथ बिहटा एयरपोर्ट का भी शिलान्यास करेंगे। इसी दौरान वह रोड शो भी करेंगे, जहां सभी लोग उनका स्वागत करेंगे। पीएम मोदी भाजपा कार्यालय में पार्टी के सांसद, विधायक और विधान परिषद के सदस्यों से मुलाकात करेंगे। साथ ही संगठन को लेकर भी चर्चा करेंगे। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के शक में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा, "ज्योति मल्होत्रा ने देश के साथ गद्दारी करने का काम किया। ऐसे गद्दार को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।



---

## ऑपरेशन : गढ़चिरौली में हुआ बड़ा एनकाउंटर सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को किया ढेर



**नई दिल्ली । एजेंसी**

बड़े संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान में गढ़चिरौली जिले में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में चार नक्सली मारे गए, एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यह मुठभेड़ महाराष्ट्र पुलिस की कुलीन सी-60 कमांडो इकाई द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के समन्वय में एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन के दौरान हुई। कवांडे क्षेत्र में हाल ही में स्थापित फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस (एफओबी) के पास नक्सली गतिविधि के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर गुरुवार दोपहर को ऑपरेशन शुरू हुआ। सीआरपीएफ कर्मियों के साथ लगभग 300 कमांडो वाली एक दर्जन सी-60 इकाइयों ने कवांडे और नेलगुंडा क्षेत्रों से आक्रमण शुरू किया। भारी वर्षा सहित चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद बल इंद्रावती नदी के तट की ओर बढ़े। शुक्रवार की सुबह उस समय गोलीबारी शुरू हो गई जब सुरक्षाकर्मी तलाशी ले रहे थे और नदी के किनारों पर घेराबंदी कर रहे थे। कथित तौर पर नक्सलियों ने बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की।

### 50 घंटों तक चलती रही ताबड़तोड़ गोलियां, सुरक्षा बलों ने मार गिराए **27 खूंखार नक्सली...**

#### उपद्रवियों के सिर पर था 3.33 करोड़ का इनाम

एक दशक से अधिक समय में नक्सल विरोधी अभियानों में सबसे बड़ी वृद्धि के रूप में, भारतीय सुरक्षा बलों ने 2025 के पहले 150 दिनों में ही लगभग 300 माओवादी (नक्सली) हताहतों को दर्ज किया है - जो 2009 के बाद से सबसे महत्वपूर्ण वार्षिक संख्या है, और उग्रवाद के चरम के बाद से माओवादी उन्मूलन की सबसे तेज गति है। सुरक्षा बलों ने बुधवार को छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-बीजापुर सीमा के पास जंगलों में 27 से अधिक नक्सलियों को मार गिराया। माना जा रहा है कि मारे गए लोगों में शीर्ष नक्सल कमांडर और सीपीआई (माओवादी) का वर्तमान महासचिव बसवराजू उर्फ नंबाला केशव राव भी शामिल है।

#### 27 नक्सली पर कुल 3.33 करोड़ रुपये का था इनाम

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए सभी 27 नक्सलियों की पहचान राज्य में खूंखार नक्सलियों के रूप में की गई है, जिन पर कुल 3.33 करोड़ रुपये का इनाम था। वरिष्ठ अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़े अभियान में से एक में, सुरक्षाबलों ने बुधवार को बीजापुर-नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़ के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू समेत 27 नक्सलियों को मार गिराया।

---

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

---

### जेपी के 12 ठिकानों पर छापा
## 12 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा मामला

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और अन्य के खिलाफ कई ठिकानों पर छापेमारी की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स और कुछ अन्य के खिलाफ 12 हजार करोड़ रुपये के निवेश धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत 15 ठिकानों पर तलाशी ली है। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत ईडी छापेमारी की जा रही है। यह छापेमारी जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित मामले में की गई है, जिसमें घर खरीदने वालों और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी और धन के "हस्तांतरण" से संबंधित आरोप हैं।

---

## तेजस्वी यादव ने की राजनीति छोड़कर एकजुटता की अपील

**बांका (आईएएनएस)**

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बांका जिले में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। तेजस्वी यादव ने कहा कि मौजूदा समय में भारत पाकिस्तान को करारा जवाब दे रहा है। विपक्ष पूरी तरह से सरकार और देश के साथ खड़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। सभी दलों को एकजुट होकर देशहित में काम करना चाहिए। हमारी सेना और अर्धसैनिक बल देश की रक्षा में दिन-रात लगे हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम उनके साथ मजबूती से खड़े रहें। प्रेस वार्ता के दौरान तेजस्वी यादव ने बौसी थाना क्षेत्र की हालिया दुखद घटना पर भी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वे उस युवक के परिजनों से मिलने आए हैं जिसकी मौत बारात ले जाने के दौरान बस के ऊपर से गुजरे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आकर हो गई थी।



उन्होंने सरकार से ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि सरकार को तत्काल बिजली के तारों की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करना चाहिए।

तेजस्वी यादव ने सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो सैनिक लड़ाई के दौरान शहीद होते हैं, उनके साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के जवानों को भी शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। इस विषय में उन्होंने केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा है। देश की सुरक्षा में लगे हर जवान का सम्मान समान रूप से होना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

---

## 'पुंछ' का आज दौरा करेंगे राहुल गांधी, घायलों से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के 'पुंछ' का दौरा करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर प्रभारी और राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने जानकारी दी है। पहलगाम हमले के बाद 25 अप्रैल को भी राहुल श्रीनगर गए थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को जम्मू-कश्मीर जिले के 'पुंछ' का दौरा करेंगे। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी विशेष तैयारी कर रही है। प्रभारी और राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने कहा कि राहुल गांधी 'पुंछ' में पिछले दिनों पाकिस्तान के साथ हुए तनाव की वजह से प्रभावित हुए लोगों से मिलने आ रहे हैं। आईएएनएस से बात करते हुए नसीर हुसैन ने कहा, "पहलगाम अटैक के बाद राहुल गांधी 25 अप्रैल को श्रीनगर गए थे। वहां वे घायल लोगों से अस्पताल में मिले थे। वहां के ट्रैवल एसोसिएशन, चेंबर ऑफ कॉमर्स और टूरिस्ट गाइड एसोसिएशन से भी उन्होंने मुलाकात की थी। हुसैन ने बताया कि अपने पिछले दौरे के दौरान राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी मिले थे और हालात का जायजा लिया था।

---

### डीजीसीए की चेतावनी
## एयरपोर्ट पर फोटो-वीडियो लेने पर हो सकती है कार्रवाई, सख्त निर्देश

**नई दिल्ली । एजेंसी**

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में हवाई यात्रा के संबंध में एक महत्वपूर्ण और सख्त कदम उठाया है। नए दिशा-निर्देश उन उड़ानों पर लागू होंगे जो भारत में सैन्य हवाई अड्डों से उड़ान भरती हैं या उतरती हैं। भारत की पश्चिमी सीमा के पास संवेदनशील हवाई अड्डों पर इस निर्देश का सख्ती से पालन किया जाएगा।

निर्देशों के अनुसार, यात्रियों को इन स्थानों पर टेकऑफ़ और लैंडिंग के दौरान खिड़कियों के पर्दे नीचे रखने होंगे। डीजीसीए ने कहा है कि इस नियम का पालन तब तक करना होगा जब तक विमान 10,000 फीट की ऊंचाई पर न पहुंच जाए या जमीन पर पूरी तरह से रुक न जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। हाल के वर्षों में, यह देखा गया है कि यात्री अक्सर इन संवेदनशील एयरबेसों पर टेकऑफ़ या लैंडिंग के दौरान विमान की खिड़कियों से तस्वीरें या वीडियो लेते हैं और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। वहीं, इन तस्वीरों में कभी-कभी सैन्य गतिविधियाँ, एयरबेस का लेआउट और अन्य संवेदनशील क्षेत्र दिखाई देते हैं। जो संभावित रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर सकते हैं। इसलिए, डीजीसीए ने अनिवार्य किया है कि खिड़कियों के पर्दे नीचे रहें।




### हवाई अड्डों की लिस्ट

- अमृतसर हवाई अड्डा
- जम्मू हवाई अड्डा
- श्रीनगर हवाई अड्डा
- जैसलमेर हवाई अड्डा

---

### दिल्ली-एनसीआर में कोरोना की एंट्री

## गुरुग्राम-फरीदाबाद में कोरोना के 3 नए केस

**नई दिल्ली । एजेंसी**

दक्षिण-पूर्व एशिया में कोविड-19 के मामलों में उछाल के बाद, भारत में भी हाल के हफ्तों में कोविड-19 के नए मामले देखे गए हैं, जिनमें से ज़्यादातर मामले केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु से रिपोर्ट किए गए थे लेकिन अब इसकी रीच बढ़ गयी है दिल्ली एनसीआर में भी कोरोना के मरीजों को दर्ज किया गया है। हालाँकि, ज़्यादातर मामले हल्के हैं और गंभीरता या मृत्यु दर से जुड़े नहीं हैं। हरियाणा के गुरुग्राम और फरीदाबाद में कोविड-19 के कम से कम तीन मामले सामने आए हैं, एक अधिकारी ने गुरुवार (22 मई) को इसकी पुष्टि की। गुरुग्राम से कोरोना वायरस के दो और फरीदाबाद से एक मामला सामने आया। गुरुग्राम में हाल ही में मुंबई से लौटी 31 वर्षीय महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई। बिना किसी यात्रा इतिहास वाले 62 वर्षीय व्यक्ति में भी संक्रमण की पुष्टि हुई। दोनों मरीजों को आइसोलेट कर दिया गया है। फरीदाबाद में पल्ला इलाके के सेहतपुर निवासी 28 वर्षीय व्यक्ति जो सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करता है, कोविड संक्रमित पाया गया। पिछले कई दिनों से बुखार, खांसी और जुकाम से पीड़ित होने के बाद वह इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल गया था। वहां कराए गए कोरोना टेस्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई।

- दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है।
- परिवार से दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है।
- स्वास्थ्य विभाग निगरानी में रखे हुए है।



गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग के डॉ. जेपी राजलीवाल ने बताया, "गुरुग्राम में दोनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग उन पर नजर रख रहा है। उन्हें अपने परिवार से दूर रहने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग उनके संपर्क में आए लोगों की पहचान कर रहा है, ताकि उनके सैंपल की भी जांच की जा सके।" फरीदाबाद मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सफदरजंग अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर संक्रमित व्यक्ति के गले की लार के सैंपल उपलब्ध कराने को कहा है। फरीदाबाद जिला स्वास्थ्य विभाग के डॉ. रामभगत ने बताया, "रिपोर्ट आने के बाद वैरिएंट की पुष्टि होगी। फिलहाल युवक और उसका पूरा परिवार स्वस्थ है।" देश में एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के माध्यम से कोविड-19 समेत श्वसन संबंधी वायरल बीमारियों की निगरानी के लिए एक मजबूत प्रणाली भी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति की बारीकी से निगरानी करने में सतर्क और सक्रिय बना हुआ है।

## भारत के श्रीनाथ, मेनन डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए पांच मैच अधिकारियों में शामिल

**दुबई (आईएएनएस)**






अनुभवी भारतीय मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ और एलीट अंपायर नितिन मेनन को आईसीसी ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए घोषित पांच मैच अधिकारियों में शामिल किया है, जो 11-15 जून को लॉर्ड्स में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पहली बार फाइनल में पहुंचने वाली दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीनाथ मैच रेफरी होंगे, जबकि मेनन को 2025 डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए चौथा अंपायर नामित किया गया है।

यह पहली बार होगा जब मेनन डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैच अधिकारी होंगे, इससे पहले वे दुबई में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2021 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल के लिए टीवी अंपायर के रूप में काम कर चुके हैं। न्यूजीलैंड के क्रिस गैफनी और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ इस बहुप्रतीक्षित खिताबी मुकाबले में मैदानी अंपायर की भूमिका निभाएंगे। इलिंगवर्थ 2021 और 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में अंपायरिंग टीम का भी हिस्सा थे। 2024 में चौथी बार डेविड शेफर्ड ट्रॉफी जीतने के बाद वह आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर सम्मान के वर्तमान धारक भी हैं।

## रोहित और विराट के संन्यास ने किया हैरान आरसीबी या पंजाब जीते किंग्स आईपीएल 2025

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज दिलीप वेंगसरकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास का अनुमान उन्हें इंग्लैंड दौरे से पहले नहीं था। दिलीप वेंगसरकर ने कहा कि, "रोहित शर्मा और विराट कोहली बेहतरीन क्रिकेटर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। मैं उनके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की खबर से हैरान था। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज होनी है। मुझे लग रहा था कि इस सीरीज के बाद दोनों टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं। लेकिन उसके ठीक पहले अब ये उनका फैसला है। वेंगसरकर ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि वे दोनों अब फिर से टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे लेकिन अगर वे इंग्लैंड दौरे पर जाते तो अच्छा लगता। पूर्व मुख्य चयनकर्ता ने कहा, "रोहित और विराट का संन्यास भारतीय टीम के लिए बड़ी क्षति है। दोनों अनुभवी खिलाड़ी थे।

### नए खिलाड़ियों के लिए है एक सुनहरा मौका

उनके संन्यास के बाद नए लोगों को मौका मिलेगा। देखना होगा कि उनकी जगह कौन लेता है। नए खिलाड़ी टीम में जगह बनाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करेंगे। रोहित और विराट के विकल्प के सवाल पर पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने कहा, "श्रेयस अय्यर बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, वह जिस तरह से खेलते हैं उनकी तारीफ होनी चाहिए। दिलीप वेंगसरकर ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 पर भी बात की, जो अपने आखिरी चरण में पहुंच चुका है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के रूप में चार टीमें अंतिम प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं।

### ईशान किशन की आतिशी पारी

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को दिया 232 रनों का टारगेट

इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के मैच नंबर-65 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (SRH) का सामना सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) से है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी को जीत के लिए 232 रनों का टारगेट दिया है. हैदराबाद के लिए ईशान किशन ने नाबाद 94 रन बनाए.

### आरसीबी प्लेऑफ में हैदराबाद बाहर, 231 रन के बावजूद नहीं बचा साख



**विकेट पतन:** 54-1 (अभिषेक शर्मा, 3.6 ओवर), 54-2 (ट्रेविस हेड, 4.2 ओवर), 102-3 (हेनरिक क्लासेन, 8.5 ओवर), 145-4 (अनिकेत वर्मा, 11.4 ओवर), 164-5 (नीतीश कुमार रेड्डी, 14.2 ओवर), 188-6 (अभिनव मनोहर, 16.6 ओवर)

मौजूदा सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 12 मैच खेलकर आठ में जीत हासिल की है और वो 17 अंकों के साथ अंकतालिका में दूसरे नंबर पर है. आरसीबी प्लेऑफ के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी है. दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद ने इतने ही मुकाबले खेले हैं, लेकिन उसे सिर्फ 4 में जीत मिली. आठवें स्थान पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 231 रन बनाए. हैदराबाद की शुरुआत तूफानी रही. अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने मिलकर पहले विकेट के लिए 54 रनों की पार्टनरशिप की. अभिषेक शर्मा 34 रन बनाकर लुंगी एनगिडी की बॉल पर कैच आउट हुए. अभिषेक ने अपनी पारी में 3 चौके और इतने ही छक्के लगाए. वहीं हेड (17 रन) को भुवनेश्वर कुमार ने चलता किया. अभिषेक-हेड के आउट होने के बाद हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया।

### ईशान किशन ने धमाकेदार 94 रन की पारी खेली

हेनरिक क्लासेन और ईशान किशन के बीच तीसरे विकेट के लिए 48 रनों की पार्टनरशिप हुई. स्पिनर सुयश शर्मा ने क्लासेन को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. क्लासेन ने दो छक्के और इतने ही चौके की मदद से 12 बॉल पर 24 बनाए. अनिकेत वर्मा और ईशान के बीच चौथे विकेट के लिए 43 रनों की पार्टनरशिप हुई. अनिकेत को क्रुणाल पंड्या ने चलता किया. अनिकेत ने तीन छक्के और एक चौके की मदद से महज 9 गेंदों पर 26 रन बनाए। अनिकेत वर्मा के आउट होने के कुछ देर बाद ईशान किशन ने 28 बॉल पर अपनी फिफ्टी पूरी की. हालांकि नीतीश कुमार रेड्डी ने बल्ले से निराश किया और चार रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड का शिकार बने. फिर शेफर्ड ने अभिनव मनोहर को 12 रनों के निजी स्कोर पर चलता कर दिया. यहां से ईशान किशन और पैट कमिंस (13*) ने सातवें विकेट के लिए नाबाद 43 रनों की पार्टनरशिप करके टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया. ईशान किशन ने 48 गेंदों पर 94* रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद जब भी आमने-सामने आई हैं, तब बेहद ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला है. दोनों के बीच अब तक आईपीएल में कुल 25 मैच खेले गए, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद ने 13 मुकाबले अपने नाम किए. जबकि 11 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत मिली. एक मैच बेनतीजा भी रहा।

## फिटनेस सुधारी तो टीम इंडिया में जगह तय: बिहार कोच



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स का सफर एक भूलने वाला अभियान था, लेकिन उन्होंने युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के रूप में भविष्य के सितारे को खोज निकाला। अपने आकर्षक स्ट्रोक-प्ले और आक्रामक छक्के लगाने की क्षमता के साथ, इस किशोर ने आईपीएल 2025 की सात पारियों में 252 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में धमाकेदार शतक और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक परिपक्व अर्धशतक के साथ, 14 वर्षीय सूर्यवंशी की अगली बड़ी चुनौती जून-जुलाई में इंग्लैंड के अपने मल्टी-फॉर्मेट दौरे पर भारत अंडर 19 के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बिहार अंडर-19 और पुरुष सीनियर टीमों में सूर्यवंशी को कोचिंग देने वाले अशोक कुमार का मानना है कि सूर्यवंशी को दो साल में सीनियर पुरुष टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है, बशर्ते वह अपनी फिटनेस और फील्डिंग पर काम करे। "बचपन से ही टीम को अकेले दम पर जिताने का जज्बा गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक लगाने के दौरान भी देखने को मिला। राहुल द्रविड़ सर और विक्रम राठौर सर के साथ, इसने उसकी बल्लेबाजी को और निखारा है। उसने सफेद गेंद से जो अभ्यास किया, उससे वह तीन महीने में ही बेहतर होने लगा। उसने परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझना सीख लिया है।

## भारतीय सर्फिंग महासंघ ने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के छठे संस्करण की घोषणा की

**मंगलुरु (आईएएनएस)**



भारतीय सर्फिंग महासंघ (एसएफआई) ने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (आईओएस) के छठे संस्करण की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जो नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा चरण है, 30 मई से 1 जून 2025 तक कर्नाटक के मंगलुरु स्थित ससिहिथलु बीच की खूबसूरत पृष्ठभूमि में आयोजित की जाएगी। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी मंत्रा सर्फ क्लब करेगा और इसका आयोजन सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा। इंटरनेशनल सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा मान्यता प्राप्त इस प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष सर्फर चार श्रेणियों में भाग लेंगे: पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स (अंडर-16) लड़के और ग्रोम्स (अंडर-16) लडकियां। आईओएस से पहले अप्रैल में आयोजित इंटरनेशनल सर्फिंग फेस्टिवल केरल वरकला 2025 इस सीरीज का पहला चरण था।

## एंजेलो मैथ्यूज बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से लेंगे संन्यास

**कोलंबो (आईएएनएस)**। श्रीलंका के आलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है लेकिन वह सीमित ओवर क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहेंगे। मैथ्यूज ने 2009 में टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और 119 टेस्ट मैच खेलने के बाद वह संन्यास लेंगे। एंजेलो मैथ्यूज जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर यह घोषणा करते हुए कहा कि वह सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए "जब और जैसे मेरे देश को जरूरत होगी" उपलब्ध रहेंगे। हालांकि, मैथ्यूज को लगभग एक साल से किसी भी सीमित ओवर मैच के लिए श्रीलंका टीम में शामिल नहीं किया गया है।

## हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 का पहला टूर्नामेंट 18 जून से चेन्नई में शुरू होगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को पहली बार आयोजित होने वाले हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 (पुरुष और महिला) के लिए स्थान और तिथियों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण 18 से 27 जून तक चेन्नई में तमिलनाडु की हॉकी इकाई द्वारा आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन भारतीय हॉकी में एक नया अध्याय शुरू करेगा, जो अनुभवी खिलाड़ियों के लिए एक समर्पित मंच प्रदान करेगा। पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में प्रतियोगिताओं के साथ, हॉकी इंडिया मास्टर्स कप दीर्घायु, जुनून और खेल के प्रति स्थायी प्रेम का उत्सव बनने के लिए तैयार है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## शेयर बाजार हरे निशान में बंद सेंसेक्स 769 अंक उछला




**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,721.08 और निफ्टी 243.45 अंक या 0.99 प्रतिशत बढ़कर 24,853.15 पर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 362.90 अंक या 0.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,687.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 140.25 अंक या 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,643.35 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। बाजार में तेजी की वजह मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था को माना जा रहा है, जिसके कारण निवेशकों का सेंटीमेंट सकारात्मक बना हुआ है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज, रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और भारत में ट्रेड को लेकर बातचीत और मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था से निवेशकों का रुझान सकारात्मक है। सेंसेक्स पैक में इटरनल (जोमैटो), पावर ग्रिड, आईटीसी, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा, एलएंडटी, एचयूएच, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल गेनर्स थे। बीएसई बेंचमार्क में सनफार्मा ही लाल निशान में बंद हुआ। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक, रूपक दे ने कहा कि निफ्टी 21 दिनों के ईएमए से सपोर्ट लेने के बाद फिर से ऊपर निकल गया है और 24,700 से लेकर 25,000 के कंसोलिडेशन के जोन में है।

# पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए अदाणी ग्रुप एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पूर्वोत्तर राज्यों के तेज आर्थिक विकास के लिए अगले एक दशक में अदाणी समूह असम और अन्य पूर्वोत्तर इलाकों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा। यह ऐलान चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' को संबोधित करते हुए अरबपति कारोबारी ने कहा कि उनका फोकस ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट मीटर, हाइड्रो-पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट है। यह निवेश फरवरी में 'एडवांटेज असम 2.0' इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह द्वारा तीन महीने पहले घोषित 50,000 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना है। गौतम अदाणी ने पीएम मोदी के लिए कहा, "आपके नेतृत्व से अभिभूत और प्रेरित होकर, मैं घोषणा करता हूं कि अदाणी समूह अगले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर में अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्यों में बड़ा बदलाव आया है। 2014 के बाद यहां 6.2 लाख करोड़ रुपए का निवेश हुआ है और रोड नेटवर्क दोगुना होकर 16,000 किलोमीटर तक पहुंच गया है। वहीं, ऑपरेशनल एयरपोर्ट की संख्या 9 से बढ़कर 18 हो गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की 'एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट' नीति को इस रीजन के विकास के लिए टर्निंग प्वाइंट बताया।

### करण अदाणी बोले– पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ऑलिव रिडली के संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने पर गर्व है। ऑलिव रिडली एक प्रकार का समुद्री कछुआ है, जो दुनिया भर के उष्णकटिबंधीय और उपोष्ण कटिबंधीय जल (ट्रॉपिकल और सब-ट्रॉपिकल वॉटर) में पाया जाता है। यह कछुआ अपने विशिष्ट ऑलिव-हरे रंग की वजह से जाना जाता है। यह सात जीवित समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से एक है, जिसे इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) रेड लिस्ट ने 'संवेदनशील या संकटग्रस्त' के रूप में वर्गीकृत किया है। उनके विशिष्ट ब्रीडिंग पैटर्न और मानवीय गतिविधियों से बढ़ते खतरे ने इस प्रजाति को संवेदनशील बना दिया है।

## भारतीय आकाश में बढ़ी हलचल 16.54 करोड़ यात्रियों ने भरी उड़ान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



वित्त वर्ष 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या का आंकड़ा 16.54 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। यह आंकड़ा कोविड-पूर्व स्तर (वित्त वर्ष 2020) के लगभग 14.15 करोड़ से 16.8 प्रतिशत अधिक है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारतीय वाहकों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 3.38 करोड़ रही, जो कि सालाना आधार पर 14.1 प्रतिशत की वृद्धि है और कोविड-पूर्व स्तर के 2.27 करोड़ से 49 प्रतिशत अधिक है। घरेलू यात्रियों की संख्या अकेले अप्रैल 2025 में 1.45 करोड़ होने का अनुमान था, जो अप्रैल 2024 की तुलना में 10.2 प्रतिशत अधिक था। एयरलाइंस ने भी अप्रैल 2025 में अपनी कैपेसिटी डिप्लॉयमेंट में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

घरेलू विमानन उद्योग ने वित्त वर्ष 2025 में 86 प्रतिशत का बेहतर पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) दर्ज किया, जो एयरलाइनों में मजबूत मांग और कुशल संचालन को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान 23 फरवरी को एक दिन में हवाई सफर करने वाले सबसे ज्यादा घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या दर्ज की गई। इस दिन देश भर में 5,35,343 यात्रियों ने उड़ान भरी, जो कि प्रयागराज में महाकुंभ कार्यक्रम से जुड़ी यात्रा थी। आईसीआरए ने भारतीय विमानन उद्योग के लिए 'स्थिर' दृष्टिकोण बनाए रखा है।

## एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वित्तीय केंद्रों की तुलना में भारत के टेक हब 5-10 प्रतिशत कम फिट-आउट लागत वाले

**मुंबई (आईएएनएस)**। भारत के टेक हब एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वित्तीय केंद्रों की तुलना में 5-10 प्रतिशत कम फिट-आउट लागत प्रदान करते हैं, जिसमें फिट-आउट लागत बेंगलुरु में राष्ट्रीय औसत से 5 प्रतिशत और हैदराबाद में राष्ट्रीय औसत से 8 प्रतिशत कम है। चेन्नई प्रमुख भारतीय शहरों में सबसे किफायती विकल्प के रूप में उभरा है, जिसकी लागत राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है। जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई ऑफिस फिट-आउट के लिए भारत का सबसे महंगा शहर है, जिसकी लागत राष्ट्रीय औसत से 7 प्रतिशत अधिक है, जो भारत के प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों में से एक के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। दिल्ली औसत से 4 प्रतिशत अधिक के साथ दूसरे स्थान पर है। जबकि, कोलकाता और पुणे नेशनल बेसलाइन की तुलना में मामूली रूप से अधिक लागत दर्ज करते हैं। रिपोर्ट में भारतीय शहरों को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक लागत-प्रतिस्पर्धी

## केएफसी फूड चेन चलाने वाली देवयानी इंटरनेशनल का चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 14.74 करोड़ रुपए हुआ

**मुंबई (आईएएनएस)**। केएफसी, पिज्जा हट और कोस्टा कॉफी जैसे लोकप्रिय क्विक सर्विस रेस्टोरेंट (क्यूएसआर) ब्रांड्स की संचालक देवयानी इंटरनेशनल लिमिटेड ने शुक्रवार को चौथी तिमाही के नतीजे घोषित किए। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी को 14.74 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि में हुए 7.47 करोड़ रुपए से करीब दोगुना है। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी की परिचालन से आय चौथी तिमाही में 1,212.59 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के आंकड़े 1,047.08 करोड़ रुपए से 15.81 प्रतिशत अधिक है। हालांकि, पिछली तिमाही की तुलना में कुल आय में 6.32 प्रतिशत की गिरावट आई है। दिसंबर तिमाही में कंपनी की आय 1,294.4 करोड़ रुपए थी। देवयानी के कुल खर्च में भी तिमाही आधार पर 3.62 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो चौथी तिमाही में 1,247.91 करोड़ रुपए पर रहा, जबकि तीसरी तिमाही में यह 1,294.8 करोड़ रुपए था।

## एजेंसी को 50 लाख वसूली का दिया लक्ष्य : नगर प्रशासक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन ने शुक्रवार को शुल्क वसूली को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में एजेंसी स्पैरो साफ्टेक, रांची के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर अब्दुल बबूद मुख्य रूप से मौजूद थे।

डीसी ने जन सुविधा केंद्र, लातेहार के कर्मचारियों से होल्डिंग टैक्स, वॉटर टैक्स वसूली और ट्रेड लाइसेंस निर्माण की स्थिति के बारे में बिंदुवार जानकारी ली. नगर प्रशासक ने एजेंसी को वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम क्वार्टर में 50 लाख रुपए की वसूली का लक्ष्य दिया। उन्होंने वॉटर टैक्स और ट्रेड लाइसेंस से संबंधित एजेंसी को डोर टू डोर विजिट कर टैक्स होल्डरों का नाम और पता रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया. प्रॉपर्टी टैक्स में नए सेफ के साथ-साथ रिएसेसमेंट करने का भी जोर दिया. ताकि समय पर वसूली का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके. बैठक में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, रेवेन्यू इंस्पेक्टर ओमप्रकाश प्रजापति व पिंटू कुमार रंजन, सुविधा केंद्र के टीम लीडर आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

### ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गहराया पेयजल संकट

# 3700 में से 250 चापाकल हैं खराब

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता राजेश सिंह ने बताया कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में करीब 3700 चापाकल लगाये गए है। जिसमें 250 चापाकल खराब पड़े हैं। उसको चिन्हित कर मरम्मती का कार्य कराया जा रहा। समाजिक कार्यकर्ता व वार्ड नौ के निवर्तमान वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने बताया कि हुसैनाबाद शहर में जल मिशन योजना के तहत अनुमंडल मुख्यालय के सिटी सह नगर पंचायत क्षेत्र के गुलबाग स्टेडियम के पास स्थापित जल-मीनार शुरुआत से ही



डेड पड़ा हुआ है। वहीं कुर्मी टोला, नदी पर हरिजन टोला, मोहम्मदाबाद सहित कई जगहों का जलमीनार खराब हो गया है। परंतु नगर पंचायत के द्वारा इसे अबतक ठीक नहीं किया गया हैं। जबकि सभी छह माह व एक साल से खराब पड़ा है। इससे आसपास के घरों में पानी का घोर संकट उत्पन्न होने लगा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिससे पेयजल संकट गहराने लगा हैं। गर्मी में परेशानी और बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद सिटी के 16 वार्डों में जल मिशन योजना के तहत करीब 35 जलमिनार लगाया गया था, जिसमें आधे से अधिक विभागीय देखरेख के अभाव में खराब है। वहीं देवरी सोन नदी में भी स्थाई समाधान नहीं होने के कारण प्रत्येक वर्ष जलस्तर नीचे चले जाने से शहर में होने वाली जलापूर्ति भी बाधित हो जाती हैं। शहर में पानी सफ्लाई नियमित नहीं हो रही हैं। कई चापाकल भी जवाब देने लगा है। वहीं हैदरनगर रोड में, संगत मोहल्ला, मंदिर के पास चापाकल खराब है।अधिकांश वाहन टैक्सी स्टैंड में न लगाकर जपला छतरपुर मुख्य सड़क के किनारे ही लगते है, जिससे होटलों में ही जाकर यात्री पानी पीते हैं, दुकानदार भी बिना कुछ खाये पानी देने से मना कर देते हैं। उधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि शहर में खराब पड़े जलमीनार व खराब चापाकल की मरम्मत की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राथमिकता के आधार पर चापाकल बनाने का कार्य भी किया जा रहा है।

## विकास कार्य में फिर बाधा, लाल आंतक, पुल निर्माण कार्य कराया बंद

**महुआडांड़ ।** थाना क्षेत्र के चुटिया और बेलवार गांव के बीच लमती नदी स्थित डीएमएफटी मद से एक पुलिया निर्माण किया जा रहा है। पुलिया के ठेकेदार बरवाडीह निवासी नितिन अग्रवाल है, वही कार्य का देख रेख अजीत पाल कुजूर कर रहे है। निर्माण का कार्य प्रगति पर है, गुरुवार देर रात लगभग आठ बजे ढलाई का कार्य कर रहे, फिरोज अंसारी और उनके मशीन ऑपरेटर के साथ लगभग 20 मजदूर पुलिया का ढलाई काम खत्म कर घर आने की तैयारी कर रहे थे। तभी बेलवार जंगल की ओर से आधा दर्जन हथियारबंद नक्सली पुलिया निर्माण साइड पर आकर धावा बोले, कार्य को बंद करने को कहा, फिरोज अंसारी और उनके मशीन ऑपरेटर के साथ मारपीट भी किया। मजदूरो को घंटो बंधक बनाया। फिर छोड़ दिया। लेवी नही दिये जाने कि बात कह रहे थे। हमे छोड़ने से पहले बिना आदेश के दोबारा पुल के निर्माण कार्य शुरु करने पर गोली मारने की धमकी देकर गये है। घटना की सूचना मिलते डीएसपी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व पुलिस टीम के घटनास्थल पर पहुंची और लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व लातेहार पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सवेंदक से बैठक करके बैठक में शाम पांच बजे तक सभी साईट पर काम कर वापस आने की बात कही गई थी।

## कबड्डी खेल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में छात्रों को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल परिसर में अंतर स्कूली कबड्डी खेल प्रतियोगिता का फाइनल कबड्डी मैच आयोजित की गई। जिसमें समता स्कूल के छात्र एवं छात्राएं, सक्सेस स्कूल के छात्र एवं छात्राएं को डे बोर्डिंग प्लेयर के साथ खेलाया गया। जिसमें डे बोर्डिंग प्लेयर प्रथम स्थान तथा सक्सेस स्कूल दूसरे स्थान पर तथा समता स्कूल के बच्चे तृतीय स्थान पर रहे। लेकिन सभी कोटि के छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनाकर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार , मनोज शर्मा, एवं राहुल चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर समता स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य डॉ. अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेलना कूदना भी बहुत जरूरी रहता है, क्योंकि खेलने और कूदने से हमारे शारीरिक और मानसिक विकास होता है। वहीं निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी बच्चों के लिये आवश्यक है, क्योंकि इससे शारिरिक व मानसिक विकास होता है। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के शिक्षक विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, राहुल गुप्ता, राहुल, प्रियंका देवी, दशरथ कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, सानिया खातून, प्रियंका देवी, सुभाष कुमार शकुंतला देवी, बबिता देवी,, रीना देवी, उम्म जहरा, मुकेश कुमार, नंदू प्रजापति, अनूप पांडेय एवं परिचारिका विमला कुंवर सहित कई छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थे।

### नगर पंचायत क्षेत्र में वूमन फ़ॉर ट्री योजना अभियान की हुई शुरुआत

## वृक्षारोपण की पहल से महिलाओं को विविध आर्थिक अवसर मिल सकते हैं : हिमानी बाड़ा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** शुक्रवार को नगर पंचायत के द्वारा अमृत योजना अंतर्गत संचालित होने वाले वुमन फ़ॉर ट्री योजना की शुरुआत की गयी। इस अभियान का औपचारिक शुभारंभ हुसैनाबाद नपं की नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा,नगर मिशन प्रबंधक राकेश सिंह,नपं कर्मी धीरज कुमार,आशीष सिंह,आदिल आलम और शहर स्तर के स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में पंच सरोवर मंदिर पार्क व जेपी चौक स्थित छठ पोखरा पर किया गया। भारत सरकार की "एक पेड़ मां के नाम" पहल से प्रेरित होकर, इस लिंग-समावेशी कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी हरित स्थानों को मजबूत करना और वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण में स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), विशेष रूप से महिलाओं को सक्रिय रूप से शामिल करना है। नपं के पदाधिकारियों ने शहर स्तर के स्वयं सहायता समूह के महिला स्वयंसेवको को तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान उपयोग के लिए अभियान किट का वितरण किया। स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित करते हुए नगर प्रबंधक हिमानी बाड़ा ने कहा कि वृक्षारोपण की पहल से महिलाओं को विविध आर्थिक अवसर मिल सकते हैं। उदाहरण के लिए, महिलाएं नर्सरी की स्थापना, पौधे लगाने और रखरखाव की गतिविधियों में शामिल होकर आय अर्जित कर सकती हैं और रोजगार के अवसर पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को इन अवसरों तक पहुंच मिलती है, तो इसका व्यापक प्रभाव पड़ता है, जिसका पूरे समुदाय और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## अजूबे चट्टान को संरक्षित करने में अनदेखी से लोग मायूस



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय लकड़ही पहाड़ी पर अवस्थित दो छोटे-छोटे पत्थरों पर टीकी हजारों टन वजनी चट्टान के संरक्षण में अनदेखी से लोग मायूस हैं। जबकि वर्षों से यह लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र और कौतूहल का विषय बना हुआ है। आर्कियोलॉजिस्ट और एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में इतिहास के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक कुमार (जपला) का कहना है कि यह चट्टान डोलोमेन मेगालिथ का एक रूप है। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रदत्त ऐसे धरोहरों को संरक्षित करने से मानव और जानवर दोनों का जीवन खुशहाल होगा। इससे वनों का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रकृति प्रदत्त ऐसे अजूबे धरोहर और हजारों साल पुराने कई चट्टान इस राज्य में हैं। इनमें एक यह भी है। जिसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने इसके सूर्खियों में बन रहने के बावजूद इसे संरक्षित नहीं करने पर चिंता जाहिर की है। ग्रामीण रामजन्म राम, गुड्डू पासवान और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा कि उत्तर कोयल परियोजना के भीमबराज और अन्य कार्यों को लेकर इस पहाड़ी से पत्थरों की तोड़ाई के दौरान इसे भी डायनामाइट लगाकर तोड़ने की कोशिश की गई थी। मगर, थोड़ा दरकने भर की वजह से यह आज भी बचा हुआ है। फिर भी इसकी खुबियों के बावजूद इसे संरक्षित करने की दिशा में पहल नहीं की जा सकी। अब जबकि ऐतिहासिक भीमचूल्हा का विकास करते हुए इसे पर्यटक स्थल का रूप दिया जा चुका है। इसे और विकसित करने को लेकर डीपीआर तैयार किया जा रहा है, ऐसे में इस प्राकृतिक धरोहर को भी संरक्षित कर कुदरत के इस करिश्मा को संजोकर टूरिज्म कोरिडोर में शामिल करने से पर्यटन संवर्धन की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है।

## अज्ञात लोगों ने आम बागवानी के 112 पौधों को काटकर किया नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड स्थित गाड़ी लोदमदाग के पैंसराही बिरहोर पतरा मे मनरेगा योजना के तहत लगे आम बागवानी को बिते रात अज्ञात लोगों ने 112 पौधे को काटकर नस्ट कर दिया। घटना के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए लाभुक शंकर उरांव ने बताया की महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत 2023-24 मे आम बागवनी योजना का लाभ मिला था। जिसे मैं चारो ओर तरा और जाली से घेराव कर रखा था और दूर से पानी लाकर पटवन कर आम पौधे को हरियाली बनाया। प्रतिदिन शाम सुबह देख रेख करते थे। गुरुवार शाम को प्रति दिन की भांति बागवानी देखकर अपना घर चले गए। सुबह ज़ब आम बागवानी देखने आए तो आते ही सारे आम के पौधे कटे देखकर हक्का बक्का बंद हो गया। उम्मीद थी की आगे इससे बेहतर आमदनी मिलेगा जिससे रोजगार मिलने के साथ पलायन रुकेगा। लेकिन अज्ञात घृणित निकृस्ट व्यक्ति ने आम पौधे को भी नहीं बख्सा उसे लाइन से एक-एक कर काटकर नस्ट कर दिया। पिछले दो वर्षों से आस उम्मीद लगाकर आम बागवानी मे मेहनत कर पौधे को बड़ा कर रहे थे। इस वर्ष से फल भी देना शुरू कर दिया था। बिते रात आम के पौधे काटने के कृत्य से परेशान हैं। लोग इस हद तक गिर जायेंगे पता नहीं था। घटना की सूचना पाकर पंचायत मुखिया सरिता देवी आम बागवानी पहुँचकर क्षति का जायजा लिया।

## बाइक सवार ने खड़ी बस में मारी टक्कर तीन घायल

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत नगर के समीप शुक्रवार की दोपहर बाद यात्रियों को लेने के लिए खड़ी खुशी नामक यात्री बस में बाइक सवार युवकों ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार संजय भगत पिता बुधराम भगत,निरंजन भगत पिता शकलदेव भगत व मुन्ना भगत (तीनों बलबल, बालूमाथ) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से प्रशासन के द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचाया गया जहाँ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा कुमारी की देख रेख में तीनों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में संजय भगत ने बताया कि वह अपने घर से अपने बाइक पर निरंजन एवं मुन्ना के साथ किसी काम से चंदवा की ओर आ रहे थे।

## पलामू से जांच के लिए भेजी गई 10 बैच की दवा मानक के अनुरूप : सीएस

नवीन मेल संवाददाता



**पलामू।** गुजरात की एक मेडिसिन कंपनी की ओर से पलामू स्वास्थ्य विभाग को आपूर्ति की गई दवा की जांच सरकारी लैब में हो रही है। कोलकाता और झारखंड के लैब में इसकी जांच चल रही है और रिपोर्ट भी आ रही है। पिछली कैल्शियम की दवा सब स्टैंडर्ड पाए जाने के बाद 10 बैच की दवा की जांच रिपोर्ट मानक के अनुसार आई है।

ऐसे में स्वास्थ्य विभाग इन दवाओं का वितरण धातृ और गर्भवती महिलाओं के बीच करने जा रहा है। इसे लेकर शुक्रवार को पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 बैच की दवा की जांच रिपोर्ट आ गई है। दवा गुणवत्तापूर्ण पाई गई है और उसका वितरण हम करने जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पलामू से पिछले दिनों कोलकाता और झारखंड के सरकारी लैब में जांच के लिए भेजी गई कैल्शियम की दवा सब स्टैंडर्ड पाई गई थी। 11 तरह की खांसी, बुखार व सर्दी की दवा जांच में अनुकूल मिली थी। ऐसे में जिस बैच की दवा गुणवत्तापूर्ण नहीं पाई गई, उसका वितरण रोक दिया गया था। इस बीच जांच रिपोर्ट अनुकूल रहने पर वितरण करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सप्लायर को एक माह के भीतर सारी सब स्टैंडर्ड दवा वापस ले जाने और सही दवा लाकर देने का निर्देश दिया गया है। एक सवाल के जवाब में कहा कि पलामू स्वास्थ्य विभाग को सब स्टैंडर्ड दवाओं को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का अधिकार नहीं है। अगर मामला दर्ज करने की बात आती है तो इसमें दवा निर्माण कंपनी पर कार्रवाई होगी।

### धूप, वर्षा से रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानी

## धूप और बारिश से बचाव के लिए अभी तक नहीं हुआ शेड का निर्माण

- प्लेटफॉर्म पर तीखी धूप से बचाव के लिए पुरानी फुट ओवरब्रिज के नीचे ही ट्रेन की प्रतिक्षा को लेकर आश्रय लेनी पड़ती है
- स्थानीय स्टेशन आसपास के अलावा गढ़वा जिले के साथ ही बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के कई गांवों का रेलहेड है



नवीन मेल संवादाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर, धूप और बारिश से बचाव के लिए अबतक पर्याप्त संख्या में शेड निर्माण का काम फाइनल नहीं किया गया है। जबकि वृहदाकार शेड निर्माण का काम शुरू किया गया था। तब उम्मीद जताई गई थी कि चालू मौसम में ही धूप के बाद बारिश से बचाव की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। मगर, इस कार्य के प्रति शिथिलता बरतने की वजह से चालू मौसम में इस सुविधा का लाभ मिलना मुश्किल नजर आती है। ऐसी स्थिति में रेल यात्रियों की परेशानी का अंत होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तीखी धूप से बचाव के लिए पुरानी फुट ओवरब्रिज के नीचे ही ट्रेन की प्रतिक्षा को लेकर आश्रय लेनी पड़ती है।

यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत योजना के तहत उनकी सुविधा को विकसित करने के मामले में रवैया उपेक्षापूर्ण है। न तो पर्याप्त शेड बन सका है, न ही शीतल पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी धीमी रफ्तार से चल रहा है। नया फुट ओवरब्रिज नहीं तैयार किए जाने के कारण स्टेशन से अन्य प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए जोखिम और परेशानी उठानी पड़ती है। व्यापक क्षेत्र के यात्रियों का रेलहेड,मगर सुविधा अबतक उपलब्ध नहीं बताया जाता है कि स्थानीय स्टेशन आसपास के अलावा गढवा जिले के साथ ही बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के कई गांवों का रेलहेड है। जहां से ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होती है। बड़ी संख्या में लोग इस स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठाकर महानगरों में इलाज, रोजगार, व्यापार और धार्मिक प्रयोजन के लिए सफर करते हैं। इससे इस स्टेशन को भारी राजस्व की प्राप्ति होती है। इसके बावजूद बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इसका लोगों को मलाल है।

## स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**चंदवा।** बनहरदी कोयला खनन परियोजना (पीवीयूएनएल) के द्वारा सामुदायिक विकास कार्य के अंतर्गत प्रखंड के सासंग पंचायत में शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बनहरदी परियोजना के महाप्रबंधक के. चंद्रशेखर के द्वारा किया गया। चिकित्सा शिविर में ग्राम सासंग के अलावा ग्राम आन,चेतर और अन्य आस-पास के गांवों के लगभग 260 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सक के परामर्श के अनुसार निःशुल्क दवाएं तथा पैथोलॉजी जांच भी कराया गया। कार्यक्रम में बनहरदी परियोजना की ओर से एम चंद्रशेखर,अपर महाप्रबंधक आर बी सिंह,अपर महा प्रबंधक विनेश कुमार, शुभंकर मंडल कार्यपालक उपस्थित रहे।

## पेज एक के शेष

### विभागीय समन्वय से...

विश्रामगृह, शौचालय और स्नानघर की व्यवस्था करें, ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेला समाप्ति के पश्चात उक्त भूमि को पूर्ण रूप से साफ करके उसके रैयत को वापस दें। उन्होंने कहा कि मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के साथ-साथ यातायात प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ रखना भी बहुत जरूरी है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए सीएम ने कहा कि मेला मार्ग पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएं तथा वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन कराया जाए। उच्चस्तरीय बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन...

एक्शन टेकेन रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। पिछली बैठक के दौरान मुद्रा ऋण योजना और पीएम स्वनिधि योजना पर चर्चा हुई थी। इसके तहत समाज के ऐसे लोग जो हासिए पर हैं और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पहल को लेकर सरकार के द्वारा उठाए गए कदम से संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। राज्य सरकार के द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार, झारखंड में 6278 जरूरतमंद लोगों को 55.33 करोड1 रुपए की मुद्रा ऋण वितरित किए गए हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत राज्य में 2014 से लेकर 2024 तक 24,380 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 7748 लोगों को 10 लाख तक के ऋण उपलब्ध कराए गए हैं। जिसमें पीएम स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेंडर को किफायती ऋण दिए गए हैं।

### 12 साल के...

आरोपी ने उसकी बेटी को भी जान मारने के लिए कुछ दूर तक दौड़ाया था। वह गुरुवार को लगिया बाजार सब्जी खरीदने गया था। पत्नी ने फोन कर घटना की जानकारी दी।

**पहले था जमीन का विवाद :** सिकुर बानसिंह ने बताया कि दोनों का घर आमने-सामने है। बहुत साल पहले आरोपी के साथ जमीन का विवाद चल रहा था। आरोपी रिश्ते में भतीजा लगता है। आरोपी अर्जुन बानसिंह की पत्नी उसकी पत्नी पर डायन होने का आरोप लगा रही थी।

**घर आकर नाच रही थी आरोपी की पत्नी :** सिकुर बानसिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह आरोपी की पत्नी ढोंग रचकर उसके घर आकर नाच रही थी। वह हाथ में हथियार पकड़ी हुई थी। जब ग्रामीणों ने उसे पकड़ना चाहा तो उन लोगों को भी मारने के लिए दौड़ा रही थी। हाथ में हथियार होने के कारण कोई ग्रामीण उसे पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा थे। करीब चार-पांच घंटे तक वह ड्रामा करती रही।

### पीएम मोदी आज...

क्योंकि हाल ही में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिसमें पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर 80 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्रवाई को "भारत के लिए गर्व का क्षण" बताया और भारतीय सेना की सटीक योजना व साहस की प्रशंसा की। उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक में कहा, "हमारी सेना ने कोई गलती नहीं की- यह हमारे लिए गौरव की बात है।

### कुछ विपक्षी सीएम

नीति आयोग का मानना है कि भारत के समग्र विकास के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की भागीदारी अनिवार्य है। इसीलिए यह बैठक राज्यों को उनके विकास लक्ष्यों को केंद्र की प्राथमिकताओं से जोड़ने का प्रयास है। इस प्रक्रिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, कृषि, महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास जैसे मुद्दों पर राज्यों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। इस बैठक के ज़रिए प्रधानमंत्री मोदी की कोशिश यह संदेश देने की रहेगी कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, राजनीतिक इच्छाशक्ति और विकास के एजेंडे को एक साथ लेकर चलना ही नए भारत की पहचान है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश को एकजुटता का अनुभव कराया है और अब 'विकसित भारत@2047' उसका दीर्घकालिक रोडमैप बन रहा है।

### अवैध कोयला खदान

मृतकों की हुई पहचान : खदान में फंसने वाले मजदूरों में कंडाबेर गांव निवासी रीतलाल साव के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद साव, शंभू साव के 25 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार और बदरुद्दीन मियां के 25 वर्षीय पुत्र नौशाद आलम शामिल हैं। इनमें से प्रमोद साव और उमेश साव खदान संचालक है। तीनों की मौत की खबर से इलाके में मातम फैल गया है।

### कैसे हुई घटना...

इसी बीच तेज बारिश होने के कारण नदी पानी को रोकने के लिए बनाए गए मेढ़ को तोड़ते खदान में घुस गई। इस हादसे में तीनों मजदूर खदान में ही फंस गए और उनकी मौत हो गयी।

### हार्वर्ड ने डोनाल्ड...

इसका हार्वर्ड और 7000 से अधिक वीजा धारकों पर तत्काल और विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। हार्वर्ड ने मुकदमे में कहा, 'सरकार ने एक कलम चलाकर हार्वर्ड के उस एक चौथाई छात्र-समूह को मिटाने की कोशिश की है, जो अंतरराष्ट्रीय छात्र हैं और जो विश्वविद्यालय व इसके मिशन में अहम योगदान देते हैं।' स्कूल ने कहा कि वह गृह विभाग को यह कदम उठाने से रोकने के लिए अस्थायी निरोधक आदेश दायर करने की योजना बना रहा है। हार्वर्ड कैम्ब्रिज मैसाचुसेट्स में अपने परिसर में लगभग 6,800 विदेशी विद्यार्थियों को दाखिला देता है। इनमें से ज्यादातर ग्रेजुएट छात्र हैं और वे 100 से अधिक देशों से आते हैं।

### रांची में ब्राउन...

मौजूदगी में सेजल खान के कमरे में छापेमारी की। उसके कमरे में सूरज कुमार नाम का एक लड़का भी मौजूद था। उसकी पहचान बिहार के रोहतास में मौजूद करहगर थाना के बड़की खरारी गांव निवासी के रुप में हुई है। दोनों के पास से 110 ग्राम ब्राउन शुगर और साढ़े चार लाख रु। बरामद हुए हैं। दोनों ने पुलिस को बताया है कि उनके बीच प्रेम प्रसंग है और वे लंबे समय से सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बेचते आ रहे हैं। दूसरी कार्रवाई कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में सुखदेवनगर थानाक्षेत्र के बिड़ला मैदान में हुई। यहां पुलिस ने रातू रोड निवासी विशाल मित्तल और हिन्दपीढ़ी निवासी आरिफ इकबाल को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास कुल 13 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुआ है।

# यूरोप में घुसकर एस जयशंकर ने बता दी पश्चिमी देशों की सच्चाई

## आप तो अब जागे हैं, हम 8 दशकों से झेल रहे

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों को धर्म पूछकर मारने वाले दरिंदों को भारत ने जो जवाब दिया है। उसकी गूंज एलओसी के पार ही नहीं। यूरोप की सरजमीं तक सुनाई दे रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों यूरोप के दौरे पर हैं। नीदरलैंड की मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो सीजफायर हुआ वो भारत के दम पर हुआ। भारत की शर्तों पर हुआ और इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप की आलोचना करते हुए कहा कि यूरोप पाकिस्तान में सैन्य शासन को लंबे समय से समर्थन दे रहा है, जबकि पाकिस्तान में सीमा पार से आक्रामकता और लोकतांत्रिक अस्थिरता का रिकॉर्ड रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 1947 में आजादी के बाद से ही पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में हमारी सीमाओं का उल्लंघन किया जा रहा है। उसके बाद के आठ दशकों में हमने क्या देखा है? वह विशाल, लोकतांत्रिक यूरोप, आपके अपने शब्दों में कहें तो, इस क्षेत्र में सैन्य तानाशाही के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा है।

एस जयशंकर ने कहा कि हम लगातार 8 दशक से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप जिस सच्चाई को देखकर अब जागे हैं, उसके बारे में हम बहुत दिनों से जानते हैं और उसका सामना कर रहे हैं। हमारे पास दो कठिन पड़ोसी हैं- चीन और पाकिस्तान। हमारे लिए पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद वाली परेशानी हमेशा रही है। इसलिए हमने इस कठिन दुनिया में चुनौती को पूरी मजबूती के साथ झेला है। जयशंकर ने पश्चिमी देशों, खास तौर पर यूरोपीय शक्तियों की पाकिस्तान के सैन्य शासकों के साथ ऐतिहासिक गठबंधन के लिए आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। किसी ने भी सैन्य शासन का समर्थन नहीं किया है।

### पहलगाम हमले पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

- निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर भारत ने आतंकियों को सख्त जवाब दिया।
- जवाब की गूंज सिर्फ एलओसी तक नहीं, यूरोप तक पहुंची।

### सीजफायर भारत की शर्तों पर हुआ जयशंकर

- भारत-पाकिस्तान के बीच हुआ युद्धविराम भारत की पहल और शर्तों पर आधारित था।
- एस जयशंकर ने कहा: इसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी।

### यूरोप पर जयशंकर का तीखा प्रहार

- यूरोप पर पाकिस्तान के सैन्य शासन को समर्थन देने का आरोप।
- यूरोप लोकतंत्र की बात करता है लेकिन सैन्य तानाशाही के साथ खड़ा रहा।

### भारत की विदेश नीति अब 'सहना नहीं, जवाब देना'

- दो टूक कहा: आतंकवाद पर भारत की नीति अब बिल्कुल स्पष्ट है।
- अब भारत चुप नहीं बैठेगा, जवाब देगा।



### पश्चिमी ने पाक में लोकतंत्र को कमजोर किया

- पश्चिमी देशों ने पाकिस्तान में सैन्य शासन को लंबे समय तक समर्थन दिया।
- इससे वहां लोकतंत्र कमजोर हुआ और आतंकवाद को बल मिला।

### पाक को मासूम दिखाने का नाटक अब बंद हो : भारत

- विदेश मंत्री ने दुनिया से अपील की कि इस्लामाबाद की 'शांति' वाली छवि को सच मानना बंद करें।
- भारत ने वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान की सच्चाई उजागर की।

# पाकिस्तान के खिलाफ खत्म नहीं हुआ है ऑपरेशन

- दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करने की भारत कर सकता है मांग

**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के खिलाफ भारत का ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत अब एक और बड़ा कदम उठाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार भारत पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में शामिल करने की मांग कर सकता है। भारत की तरफ से ग्लोबल बॉडी की अगली मीटिंग के दौरान पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डलवाने के लिए फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के संपर्क में है। यह कदम उस स्थिति में उठाया जा रहा है जहां भारत को संदेह है कि पाकिस्तान आतंकी फंडिंग और मनी लॉन्ड्रिंग पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रहा है। एफएटीएफ कई देशों पर मनी लांड्रिंग और टेरर फंडिंग पर नजर रख उसे लिए नियम बनाता है। आतंकवादी वित्तपोषण जैसे खतरों से निपटना और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता के लिये अन्य कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है। एफएटीएफ ग्रे और ब्लैक लिस्ट जारी करता है। ग्रे लिस्ट में उन देशों को रखा जाता है जो मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फंडिंग के मामलों की तरफ बढ़ रहा हो।

# ब्रिटेन के जेलों में बढ़ती भीड़ को रोकने के लिए अपराधियों की हो रही है रासायनिक नसबंदी

- यह पहले से जर्मनी, डेनमार्क व पोलैंड में इस्तेमाल हो रहा है
- मानवाधिकार संगठनों व विपक्ष ने जताया विरोध


सांकेतिक तस्वीर

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन सरकार यौन अपराधियों को केमिकल बंध्याकरण (केमिकल कास्ट्रेशन) करने जा रही है। इसका उद्देश्य जेलों में भीड़ कम करना है। इसके तहत यौन अपराधियों को ऐसी दवा दी जाएगी, जिससे उनकी यौन इच्छा लगभग ख़त्म हो जाएगी। इससे इस तरह के हजारों अपराधियों को उनकी सजा का सिर्फ एक तिहाई हिस्सा जेल में काटने के बाद रिहा किया जा सकता है। ब्रिटेन की न्याय मंत्री शबाना महमूद ने गुरुवार को गंभीर यौन अपराधियों के लिए अनिवार्य केमिकल कास्ट्रेशन (रासायनिक बंध्यता) लागू करने पर कहा, यह कदम जेलों में बढ़ती भीड़ को कम करने और यौन अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए कारगर साबित होगा। सरकार पहले से ही कुछ क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट चला रही है, और अब इसे दो क्षेत्रों के 20 जेल में लागू करने की तैयारी है। यह योजना एक स्वतंत्र सजा समीक्षा रिपोर्ट की सिफारिशों पर आधारित है, जिसमें 48 सुझाव दिए गए हैं। इस रिपोर्ट का नेतृत्व पूर्व न्याय मंत्री डेविड गॉक ने किया है।ब्रिटेन की जेलें लगभग पूरी तरह भर चुकी हैं - करीब 90,000 कैदी इन जेलों में हैं। अपराध दर घटी है, लेकिन सख्त सजाओं और लंबी जेल अवधि के कारण जेलों पर दबाव बढ़ा है। शबाना महमूद ने कहा कि अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो न्याय प्रणाली चरमरा सकती है। इससे न केवल अपराधियों को सजा मिलने में देरी होगी, बल्कि पुलिस भी गिरफ्तारी से पीछे हट सकती है। शबाना महमूद ने कहा कि यह तरीका तब ही कारगर होता है जब इसके साथ-साथ मनोवैज्ञानिक इलाज भी दिया जाए, जिससे अपराध के पीछे की मानसिकता- जैसे किसी पर हक जताना- को भी बदला जा सके। एक स्वतंत्र समीक्षा में पाया गया कि यह तरीका कुछ मामलों में 60% तक अपराध दोहराने की संभावना को घटा सकता है।

हालांकि यह हर तरह के यौन अपराधियों पर लागू नहीं होता, खासकर उन पर जिनका मकसद यौन संतुष्टि नहीं बल्कि नियंत्रण और शक्ति का प्रदर्शन होता है।यह एक चिकित्सकीय प्रक्रिया है, जिसमें कुछ दवाओं के जरिए यौन इच्छा और विचारों को दबाया जाता है। यह पहले से जर्मनी, डेनमार्क और पोलैंड जैसे देशों में इस्तेमाल हो रहा है। कंजरवेटिव पार्टी के प्रवक्ता रॉबर्ट जेनरिक ने कहा कि छोटे अपराधों पर जेल की सजा खत्म करना चोरी, हमला और सेंधमारी जैसे अपराधों को 'गैर-आपराधिक' बना देगा। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक टैगिंग (कैदियों की निगरानी के लिए पहनाई जाने वाली डिवाइस) की तुलना 'आग बुझाने वाले अलार्म' से की - जो आग नहीं बुझा सकते। इसके जवाब में शबाना महमूद ने कहा कि वह पूर्व सरकार की 14 साल की लापरवाही की सफाई कर रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ब्रिटेन में विक्टोरियन युग के बाद अब तक की सबसे बड़ी जेल विस्तार योजना शुरू की गई है। यह योजना जहां एक ओर अपराधियों को सुधारने की दिशा में एक प्रयास है, वहीं कई मानवाधिकार संगठनों व निगरानी संस्थाओं ने इसकी नैतिकता व प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं।

### चीन में भूकंप का झटका मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली ।** चीन के तिब्बत इलाके में शुक्रवार सुबह जोरदार भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां तिब्बत में सुबह-सुबह 9 बजकर 27 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी है। भूकंप का केंद्र चीन और नेपाल की सीमा के पास था। इससे पहले भी हाल ही में चीन के तिब्बत इलाके में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। बता दें कि इससे पहले चीन के दक्षिण-पश्चिमी इलाके में भारी भूस्खलन की सूचना मिली है।

### ब्रिटेन में यौन अपराधियों को बनाया जाएगा 'नपुंसक'

**लंदन ।** ब्रिटेन की सरकार ने यौन अपराधियों के लिए एक नया कदम उठाया है जिसमें उनकी यौन इच्छाओं को दबाने के लिए दवाइयों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसे 'केमिकल कास्ट्रेशन' कहा जा रहा है यानी कि केमिकल के इस्तेमाल से ऐसे अपराधियों को 'नपुंसक' बना दिया जाएगा। हैरान करने वाली बात यह है कि ये कदम जेलों में जगह की कमी की समस्या से निपटने के लिए उठाया गया है और माना जा रहा है कि इससे अपराध की दर में भी कमी आएगी। न्याय मंत्री शबाना महमूद ने गुरुवार को संसद में बताया कि इस योजना को 20 जेलों में 2 क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा।

# कोई गलती से सिंदूर खा ले तो हो सकती है मौत

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमला जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई , उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ , तो सिंदूर की तरह -तरह से चर्चा होने लगी है। हिन्दू धर्म में शादीशुदा महिलाएं अपने मांग में सिंदूर लगाती हैं। इसलिए सिंदूर की भारत में बहुत मांग रहती है। अन्य ऐसे देश जहां हिंदू महिलाओं की संख्या ज्यादा होती है, वहां भी इसकी मांग रहती है। लेकिन इस सिंदूर में कई ख़तरनाक केमिकल मिले होते हैं।यदि कोई इसे गलती से खा ले, तो उसकी मौत हो सकती है। भारत दुनिया के कई देशों से सिंदूर का आयात भी करता है, जिसमें चीन प्रमुख है। सिंदूर में मरक्यूरिक सल्फाइड, लेड ऑक्साइड, सिंथेटिक डाई आदि जैसे ख़तरनाक केमिकल मिले होते हैं। यदि कोई सिंदूर की थोड़ी मात्रा भी खा ले, तो उसकी मौत हो सकती है। इसके लगातार इस्तेमाल से त्वचा पर दाग आदि हो सकते हैं।सिंदूर में मिलाये जाने वाले केमिकल निम्न हैं-

**मरक्यूरिक सल्फाइड-** सिंदूर में मिलाया जाने वाला यह प्रमुख केमिकल है। इसे सिनाबार भी कहते हैं। यह चमकीले लाल रंग का होता है। इसमें मरकरी या पारा मिला होता है। यदि यह शरीर में चला जाए तो इससे फेफड़े, गुर्दे आदि को नुकसान हो सकता है। वहीं यह तंत्रिका तंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इसके लिए इसके सेवन ने खून की कमी भी हो सकती है।

लेड ऑक्साइड- यह पीले या लाल-भूरे रंग का होता है। इसका ज्यादातर इस्तेमाल बैटरी, सिरेमिक व पेंट बनाने में होता है। सस्ते व नकली सिंदूर में इसका इस्तेमाल बहुत होता है। इसमें लेड यानी सीसा मिला होता है जो काफी जहरीला होता है। अगर कोई शख्स इसे खा ले तो यह मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। यही नहीं, इससे गुर्दे भी खराब हो सकते हैं।



- सिंदूर में मरक्यूरिक सल्फाइड, लेड ऑक्साइड, सिंथेटिक डाई आदि खतरनाक केमिकल मिले होते हैं
- सिंदूर का पौधा भी होता है, जिस पर लगने वाले फूल - फल से सिंदूर तैयार किया जाता है
- अब हर्बल सिंदूर भी मिलने लगे हैं

### सिंदूर का जिक्र 8000-7000 ईसा पूर्व से मिलता है

**सिंथेटिक डाई से लेकर सिंथेटिक पिगमेंट-** सिंदूर में कई अन्य केमिकल मिले होते हैं। इनमें सिंथेटिक डाई से लेकर सिंथेटिक पिगमेंट तक शामिल होते हैं। इनका इस्तेमाल सिंदूर के रंग व टेक्सचर को बेहतर बनाने में होता है। इनके इस्तेमाल से एलर्जी व खुजली जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**हर्बल सिंदूर -** इन दिनों बाजार में हर्बल सिंदूर भी मिलने लगे हैं। इन्हें बनाने के लिए सिंदूर के खास पौधे व कुछ घरेलू चीजों का इस्तेमाल किया जाता है। सिंदूर का पौधा भी होता है। भारत में काफी लोग इसकी खेती करते हैं। इस पौधे पर लगने वाले फूल और फल से सिंदूर तैयार किया जाता है।

वैसे तो सिंदूर का इतिहास पुराना है और इसका जिक्र 8000-7000 ईसा पूर्व से मिलता है। प्राचीन समय में इसका इस्तेमाल रोम व दूसरे देशों में कला और सजावट में किया जाता था। मध्य युग में इसका इस्तेमाल पांडुलिपियों में, पेंटिंग में और चीन की कला में किया जाने लगा। एक खास लाल रंग देने के लिए सिंदूर का इस्तेमाल किया जाता था। 5000-4000 ईसा पूर्व में चीन में इसका इस्तेमाल बर्तनों को रंगने, कमरों की दीवारों व फर्श का लाल रंग में रंगने आदि में किया जाता था। अमेरिका समेत दूसरे देशों में भी इसका पुराना जिक्र मिलता है। कुछ लोग कहते हैं कि महाभारत में भी सिंदूर की चर्चा है।

### ट्रंप ने एपल को फिर दी सीधी धमकी

# अगर यूएस में नहीं बनाया आईफोन तो लगाएंगे 25% टैरिफ

- इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफोन निर्माता के शेयर 3% गिर गए

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में एप्पल आईफोन बनाने को लेकर एप्पल पर निशाना साधा। ट्रंप ने कहा कि यदि देश में बेचे जाने वाले फोन अमेरिकी सीमा में नहीं बने हैं, तो एप्पल को 25% टैरिफ का भुगतान करना होगा।इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफ़ोन निर्माता के शेयर लगभग 3% गिर गए।ट्रंप ने अपने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने बहुत पहले ही एप्पल के टिम कुक को जानकारी दे दी थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफ़ोन की मैन्युफैक्चरिंग और बिल्ट यूएस में ही होना चाहिए, ना कि भारत या कहीं और।'चीन पर ट्रंप के टैरिफ के बीच एप्पल भारत को एक वैकल्पिक मैन्युफैक्चरिंग बेस के रूप में पेश कर रहा है, जिसने सप्लाई-चेन संबंधी चिंताओं और आईफोन की ऊंची कीमतों की आशंकाओं को बढ़ा दिया है, जैसा कि रॉयटर्स ने पिछले महीने रिपोर्ट किया था।

# खून का बदला खून से लेंगे! इजरायली अफसरों की हत्या पर नेतन्याहू के तेवर सख्त

**नई दिल्ली । एजेंसी**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को अमेरिका में दो इजरायली राजनयिकों की निर्मम हत्या की निंदा की और इजरायल के साथ खड़े होने के लिए डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया। वीडियो संदेश के माध्यम से दिए गए अपने भाषण में उन्होंने कहा कि जिस आतंकवादी ने उन्हें बेरहमी से गोली मारी, उसने ऐसा केवल एक कारण से किया - वह यहूदियों को मारना चाहता था। उन्होंने तथ्यों और आंकड़ों के साथ गाजा में खाद्य सहायता न पहुंचने के दावों को खारिज किया। एक महत्वपूर्ण घोषणा में इजरायली पीएम ने कहा कि जहां तक बंधकों का सवाल है, हम उन्हें सुरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मैं और अधिक लोगों को बाहर निकालने के लिए एक अस्थायी युद्धविराम के लिए तैयार हूं, लेकिन हम मांग करते हैं, और आपको भी मांग करनी चाहिए, कि हमारे सभी बंधकों को तुरंत रिहा किया जाए। और इसलिए हर सभ्य देश को यह मांग करनी चाहिए। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी जो कि दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह मानी जाती है।

# आलिया भट्ट ने कान्स में डेब्यू की पुष्टि की इंस्टाग्राम स्टोरी के साथ अटकलों को खत्म किया

कान्स फिल्म महोत्सव 2025

कहानी फिल्म जगत की



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट को शुक्रवार की सुबह तड़के मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देखा गया, क्योंकि वह चल रहे कान फिल्म महोत्सव 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित डेब्यू के लिए रवाना हुई थीं। 'हाईवे' अभिनेत्री ने एक आकस्मिक लेकिन आकर्षक पोशाक पहनी हुई थी जिसमें एक ओवरसाइज़्ड ब्लेज़र, नीली बैगी जींस और एक सफेद टैंक टॉप शामिल था, जब वह मीडिया उन्माद के बीच हवाई अड्डे में प्रवेश कर रही थी। आलिया खूबसूरत लग रही थीं क्योंकि उन्होंने अपने लुक को काले धूप के चश्मे के साथ पूरा किया। जो लोग नहीं जानते, उन्हें बता दें कि आलिया भट्ट कान्स फिल्म फेस्टिवल में ब्रांड एंबेसडर के रूप में लोरियल पेरिस का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुंबई एयरपोर्ट से उनकी कई तस्वीरें और वीडियो ऑनलाइन सामने आए। सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में आलिया भट्ट के कान्स डेब्यू को लेकर अपनी उत्सुकता व्यक्त की। एक यूजर ने लिखा, "जिस रानी का हम इंतजार कर रहे थे, वह यहां हैं। इससे पहले आज आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की और फ्रांस में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया। इंस्टाग्राम स्टोरी में उन्होंने अपने गुच्ची ट्रैवल बैग की तस्वीर अपलोड की। जिसमें जरूरी सामान भरा हुआ था। जिसमें एक सेल्फ-हेल्प बुक (एटॉमिक हैबिट्स) और मेकअप प्रोडक्ट्स से भरा एक बैग शामिल था, जिस पर 'आई एम वर्थ इट' लिखा हुआ था। उन्होंने लिखा, "हम चलते हैं.. वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार वासन बाला के निर्देशन में बनी फिल्म 'जिगरा' में आकांक्षा रंजन कपूर और वेदांग रैना के साथ देखा गया था।